बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 17 मई 2024
वर्ष 5, अंक 180, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में 16
ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक 15


## रेप पीड़िता किशोरी ने आरोपी को दी क्लीन चिट, अदालत ने ठहराया दोषी

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने डीएनए और एफएसएल नतीजों के आधार पर आरोपी को माना दोषी
- आरोपी को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती : कोर्ट

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने एक असाधारण फैसला सुनाते हुए लगभग दस साल पहले 12 वर्षीय एक लड़की के साथ बलात्कार करने के लिए एक व्यक्ति को दोषी ठहराया है। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी को क्लीन चिट दे दी थी।

अदालत ने कहा कि डीएनए और एफएसएल नतीजों जैसे निर्णायक सबूत के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया जाता है। आमतौर पर यौन उत्पीड़न के मामलों में बलात्कार पीड़िता की गवाही को मुख्य सबूत माना जाता है और यदि पीड़िता आरोपी को क्लीन चिट दे देती है तो उसे संदेह का लाभ मिल जाता है और वह छूट जाता है। अक्टूबर 2014 में नाबालिग लड़की से हुए बलात्कार के इस मामले की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने कहा, पीड़िता हालांकि इस तथ्य से मुकर गई कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये थे, लेकिन डीएनए और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के नतीजों से सच्चाई सामने आ गई है, जो कि एक निर्णायक सबूत है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता ने पहले चिकित्सक, पुलिस और मजिस्ट्रेट को दिए अपने बयानों में कहा था कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। अदालत के समक्ष अपने चौथे बयान में वह मुकर गई और अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत का कर्तव्य सच्चाई का पता लगाना है और आरोपी व्यक्तियों को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## कोवैक्सीन से भी सेहत खराब, 50% को श्वांस संबंधी संक्रमण

### बीएचयू का दावा : टीका लगवाने वाले 33% से अधिक लोगों को एक साल बाद हुई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं

नई दिल्ली, एजेंसी/ ब्यूरो

कोविशील्ड के बाद अब कोवैक्सीन भी संदेह के घेरे में घिरने लगी है। इसके पीछे कारण ये है कि इस वैक्सीन के बारे में बीएचयू ने दावा किया है कि कोविशील्ड जैसे दुष्प्रभाव कोवैक्सीन लगवाने वाले लोगों में नजर आए। बीएचयू के दावे के बाद इस वैक्सीन की भी चर्चा होने लगी है।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ने ये दावा शोधकर्ताओं की एक रिपोर्ट के बाद किया है। शोधकर्ताओं का दावा है कि एक साल के अध्ययन में भारत बायोटेक के कोविड रोधी टीके कोवैक्सीन लगवाने वाले लगभग 50 % व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शोधकर्ताओं ने इन स्वास्थ्य समस्याओं को 'विशेष रुचि वाली प्रतिकूल घटनाओं' या एईएसआई की संज्ञा दी है। अध्ययन में भाग लेने वाले 926 प्रतिभागियों में से लगभग 50 प्रतिशत लोगों ने शिकायत की है कि उन्हे कौवैक्सीन लगवाने के बाद श्वास संबंधी संक्रमण का सामना करना पड़ा है। यह संक्रमण उनके श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से में हुआ।

अध्ययन में दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने वाले एक प्रतिशत व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें मस्तिष्काघात एवं गिलियन-बर्र सिंड्रोम से ग्रसित हुए। इस सिंड्रोम में लोगों के पैरों का सुन्न होना शुरू होता है तथा यह लक्षण शरीर के अन्य अंगों में फैलने लगता है। पत्रिका स्प्रिंगर नेचर में प्रकाशित यह अध्ययन ब्रिटेन की फार्मास्युटिकल दिग्गज एस्ट्राजेनेका द्वारा ब्रिटेन की अदालत में यह स्वीकार करने के बाद आया कि कोविशील्ड से खून के थक्के जम सकते हैं और प्लेटलेट काउंट कम हो सकते हैं। बीएचयू के शोधकर्ताओं द्वारा जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक किए गए अध्ययन में बताया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद लगभग एक तिहाई व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें उन्हें त्वचा से संबंधित बीमारी, सामान्य विकार और तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ा। खासकर किशोरों को ये समस्याएं हुईं। शोध में 635 किशोर और 391 वयस्क शामिल थे। इन सभी को टीका लगवाने के एक साल बाद की जांच के लिए संपर्क किया गया था।





### महिलाओं में मासिक धर्म की असामान्यताएं

अध्ययन में यह भी दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद 4.6 प्रतिशत महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं देखी गईं। इसमें यह भी बताया गया कि चार व्यस्कों (तीन महिला और एक पुरुष) की भी मौत हुई। इन चारों को मधुमेह था, जबकि तीन को उच्च रक्तचाप था और उनमें से दो लोगों ने कोवैक्सिन टीका लगवाया हुआ था।
















## कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश की नाकाम

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर में एलओसी पर आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है।

# केजरीवाल को अंतरिम बेल अपवाद नहीं ... 2 जून को सरेंडर करना होगा

### आप को वोट मिलने पर जेल न जाने वाले केजरीवाल के बयान पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

नई दिल्ली, एजेंसी



- पीठ ने कहा आदेश में वही कहा, जो हमें न्यायोचित लगा आलोचनात्मक विश्लेषण का स्वागत

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत (बेल) देना कोई अपवाद नहीं है और इस फैसले के आलोचनात्मक विश्लेषण का स्वागत है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत के संबंध में दिए गए कुछ बयानों पर ईडी और केजरीवाल के वकीलों के दावों तथा जवाबी दावों पर विचार करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने कहा, हमने किसी के लिए अपवाद स्वरूप कुछ नहीं किया है। हमने अपने आदेश में वही कहा, जो हमें न्यायोचित लगा। ईडी की ओर से सॉलसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी रैलियों में दिए गए केजरीवाल के इन भाषणों पर विरोध जताया कि अगर जनता आम आदमी पार्टी को वोट देती है तो उन्हें दो जून को जेल वापस नहीं जाना पड़ेगा। पीठ ने मेहता से कहा, यह उनका मानना है। हम कुछ नहीं कह सकते। हमारा आदेश इस बारे में बहुत स्पष्ट है कि उन्हें कब आत्मसमर्पण करना है। यह उच्चतम न्यायालय का आदेश है। विधि का शासन इस आदेश से संचालित होगा।

मेहता ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने अपने दावों से जमानत की शर्त का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, वह क्या कहने की कोशिश कर रहे हैं? यह संस्था पर तमाचे की तरह है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अदालत का आदेश स्पष्ट है कि उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा। पीठ ने कहा, हमने आदेश में ऐसा कुछ नहीं कहा है कि वह मामले के बारे में नहीं बोल सकते। केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस बात से इनकार किया कि केजरीवाल ने ऐसा कोई बयान दिया था कि लोग यदि उनकी पार्टी को वोट नहीं देते तो उन्हें जेल वापस जाना पड़ेगा। कहा कि वह इस संबंध में वह शपथपत्र दे सकते हैं।

तुषार मेहता ने तर्क दिया, अदालत केवल इस पर विचार कर सकती है कि गिरफ्तारी के लिए कोई सामग्री है या नहीं और यह नहीं कि क्या सामग्री है। मेहता ने कहा कि अगर यह अदालत हिरासत के चरण में हस्तक्षेप करना शुरू कर देगी, तो यह शक्तिशाली लोगों के लिए आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना सीधे शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने का विकल्प खोल देगी। पीठ हालांकि, मेहता की दलील से सहमत नहीं हुई और कहा कि अगर धारा 19 की शर्तों का उल्लंघन होता है तो अदालतें हस्तक्षेप कर सकती हैं। जब कोई गंभीर मामला हो तो हम उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते।

### अदालत के संज्ञान लेने के बाद ईडी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 44 के तहत एक शिकायत पर अदालत के संज्ञान लेने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने अपीलकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में कई निर्देश जारी किए। पीठ ने कहा कि अगर ईडी उसी अपराध की आगे की जांच करने के लिए अदालत की ओर से समन जारी होने के बाद पेश हुए आरोपी की हिरासत चाहती है तो जांच एजेंसी को विशेष अदालत में आवेदन करके आरोपी की हिरासत मांगनी होगी। इसके बाद संक्षिप्त कारण दर्ज करने के बाद आवेदन पर आदेश पारित करना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोपी को अदालत द्वारा समन किया जाना चाहिए, लेकिन उसे अपनी रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है।

## मालीवाल से मारपीट में केजरीवाल के निजी सहायक पर मामला दर्ज

### बिभव कुमार को राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी किया तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली पुलिस ने मारपीट के मामले में आप सांसद के बयान दर्ज किए



- मालीवाल ने एक्स पर कहा, मेरे साथ जो हुआ, वह बहुत बुरा था

दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से की गई मारपीट के संबंध में गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली। इसमें केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार को आरोपी बनाया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी मामले को लेकर कुमार को शुक्रवार को तलब किया है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पी.एस. कुशवाह के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम द्वारा मालीवाल का बयान दर्ज करने के बाद रिपोर्ट दर्ज हुई। टीम ने मध्य दिल्ली स्थित मालीवाल के आवास पर उनका बयान दर्ज किया। कुमार के खिलाफ सिविल लाइंस पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इससे पहले मालीवाल ने सोमवार को सिविल लाइंस पुलिस थाने पहुंचकर आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर उनके साथ मारपीट की।

मालीवाल द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार, वह सीएम हाउस में ड्राइंग रूम में बैठी थीं। इसी बीच कुमार आए और उन्हें कई बार थप्पड़ मारे। मालीवाल मुख्यमंत्री आवास से बाहर भागीं और पुलिस को फोन किया। मालीवाल ने यह भी दावा किया कि घटना के समय केजरीवाल अपने आवास पर मौजूद थे। मालीवाल ने कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस के समक्ष अपना बयान दर्ज करा दिया है और भाजपा को इस घटना पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। मालीवाल ने 'एक्स' पर कहा, मेरे साथ जो हुआ, वह बहुत बुरा था। सूत्रों के मुताबिक, मालीवाल ने अपनी पुलिस शिकायत में कुमार को मुख्य आरोपी बताया है, जिन्होंने कथित तौर पर मालीवाल पर तब हमला किया था जब वह सोमवार को केजरीवाल से मिलने गई थीं।

लखनऊ में संवाददाता सम्मेलन के दौरान केजरीवाल द्वारा मालीवाल मामले पर टिप्पणी करने से इनकार करने के बाद भाजपा ने आप' संयोजक केजरीवाल पर निशाना साधा। केजरीवाल ने गुरुवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ लखनऊ में प्रेस कान्फ्रेंस की। इस दौरान उनसे जब इस घटना के बारे में पूछा गया तो कोई जवाब नहीं दिया। जब केजरीवाल सवाल टाल रहे थे तो अखिलेश यादव ने माइक ले लिया और कहा, इससे भी महत्वपूर्ण बातें हैं। इसके बाद उन्होंने कागज का एक टुकड़ा दिखाया और कहा, भाजपा के लोग किसी के साथ नहीं हैं, यह एक गिरोह है जो झूठे मामले दर्ज कराता है। इस दौरान बिभव केजरीवाल की ही कार में बैठे हुए थे। कान्फ्रेंस खत्म होने के बाद उन्हीं के साथ चले गए।

### गुंडे की तरह व्यवहार कर रहे केजरीवाल

भाजपा ने मालीवाल पर हमले को लेकर चुप्पी साधने के लिए अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री एक गुंडे की तरह व्यवहार कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दावा किया कि केजरीवाल इस मामले में मुख्य अपराधी हैं। स्पष्ट हो गया है कि केजरीवाल ... जो जमानत पर बाहर हैं .... मुख्यमंत्री कम और गुंडे ज्यादा हो गए हैं। उन्होंने कहा, एक महिला को पिटवाना और वह भी अपने पीए को निर्देश देकर ... यह कोई छोटी-मोटी घटना नहीं है।

## कस्टडी में युवक की हुई मौत, पूरी चौकी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

- पुलिसकर्मियों पर पांच लाख रुपये मांगने का आरोप
- डीजीपी ने मामले की जांच और कार्रवाई की बात कही

**अमृत विचार :** नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की चिपियाना चौकी में पुलिस कस्टडी में एक युवक की मौत के बाद पुलिस कमिश्नर ने गुरुवार को पूरी चौकी निलंबित कर दी।

मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उसके भाई को छोड़ने के लिए चौकी इंचार्ज सहित अन्य पुलिसकर्मी पांच लाख रुपये मांग रहे थे। 50 हजार रुपये उसने शाम को ही दे दिया था। हिरासत में लिए गए युवक ने फंदे पर लटककर खुदकुशी की या कुछ और कारण है। इसे लेकर डीजीपी ने जांच कर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मृतक योगेश के भाई जितेंद्र ने बताया कि योगेश चिपियाना की एक बेकरी में काम करता था। उसकी एक सहकर्मी ने चौकी पर योगेश के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था, योगेश को पुलिस चौकी पर बुलाया गया था। न पहुंचने पर कई पुलिसकर्मी पहुंचे और उसे चौकी ले आए। उसे जब पता चला तो वह भाई योगेश को छुड़ाने के लिए चौकी पहुंचा।

## भाजपा खत्म करेगी आरक्षण, योगी नहीं रहेंगे सीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अपना दावा फिर दोहराया



**अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। यहां समाजवादी पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ एक संयुक्त पत्रकारवार्ता में उन्होंने दोहराया कि भाजपा अगर केन्द्र की सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म कर देगी, संविधान तार-तार हो जाएगा।

यह दावा भी फिर दोहराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमित शाह को अपना वारिस बना देंगे। उनकी सरकार अगर बनी तो दो-तीन महीने बाद योगी आदित्यनाथ से उप्र. के मुख्यमंत्री की कुर्सी छीन लेंगे। तर्क देते हुए केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ समय से इन्होंने (भाजपा) हल्ला मचाया हुआ था। 400 पार सीटें चाहिए। ये लोग कहते थे कि मोदी कुछ बड़ा काम करना चाहते हैं। अंदर से पता कराया तो मालूम हुआ कि ये लोग आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। शाह के उत्तराधिकारी बनने के पीछे तर्क दिया कि मोदी अपने ही तयशुदा नियमों के तहत 75 साल के होते हुए पद छोड़ देंगे। यानि 17 सितम्बर को उम्र के इस पायदान पर पहुंचते ही वह शाह को अपनी कुर्सी सौंप देंगे। योगी वाले बयान के पीछे तर्क दिया कि शाह के रास्ते में जो नेता बाधा बने उन्हें हटा दिया गया। अब एक ही शख्स बचे हैं, जो पीएम मोदी की राह का कांटा बन सकते हैं, वो हैं योगी आदित्यनाथ। उन्हें हटाने का मन बना लिया है।

### भाजपा चार चरणों में चारों खाने चित : अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि जो देश का माहौल है, भाजपा चार चरणों में चारों खाने चित्त हो गई। अब वह स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि 143 सीटों से ज्यादा नहीं जीत रहे हैं। 140 करोड़ जनता इनको 140 सीटों के नीचे पहुंचा देगी। यह यूपी, दिल्ली और पंजाब की 99 सीटों पर ही उलझ के रह गए हैं। यहां सबसे बड़ी हार भाजपा की होने जा रही है।

### जेल जाकर केजरीवाल की बुद्धि फिर गई : योगी

**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरविंद केजरीवाल के बयानों पर पलटवार किया है। कहा कि केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। कहा कि अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। योगी गुरुवार को तिंदवारी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

## गले में टॉफी फंसने से चार साल के बच्चे की गई जान

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

- दुकान से टॉफी खरीदकर खाई तो अचानक गले में अटक गई
- सांस लेने में दिक्कत होने पर लोगों ने परिजनों को किया सूचित

**अमृत विचार :** सभासद के चार साल के बेटे के गले में टॉफी अटकने से उसकी हालत बिगड़ गई। बच्चे ने दुकान से खरीदकर टाफी खाई जो गले में फंस गई। सांस लेने में दिक्कत होने पर लोगों ने परिजनों को सूचित किया। आनन-फानन परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। मोहल्ला जिलेदरान वार्ड नंबर आठ से इकबाल खां की पत्नी अंजुम सभासद हैं। गुरुवार की सुबह उनका चार वर्षीय बेटा हमजा दुकान से टॉफी लेने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खाते समय हमजा के गले मे टॉफी अटक गई। इससे उसका दम घुटने लगा।



जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में बालक को सीएचसी ले आए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकबाल के पांच बेटों में हमजा सबसे छोटा था।

**चारधाम यात्रा : भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार का निर्णय**

## ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 19 मई तक बंद

ब्यूरो, देहरादून

- मंदिरों से 200 मीटर दूर से मोबाइल रहेंगे प्रतिबंधित
- मुख्यमंत्री की श्रद्धालुओं से अपील तय तिथि पर ही करें यात्रा

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और उसके चलते हो रही दिक्कतों के मद्देनजर मुख्यमंत्री धामी ने गुरुवार को चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है, यात्रा में मानकों का अनुपालन किया जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे रजिस्ट्रेशन तिथि के अनुसार ही यात्रा करें। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसके चलते व्यवस्थाएं चरमराने लगी हैं। गुरुवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि वे चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के अनुसार जो तिथि मिली है, उसके अनुसार ही दर्शन के लिए आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था स्थगित रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में प्रतिदिन के लिए जो क्षमता निर्धारित की गई है, उसके अनुसार ही यात्रियों को दर्शन के लिए भेजा जाए। रजिस्ट्रेशन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जाए। श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा हेतु रजिस्ट्रेशन होने पर ही चेक प्वाइंट से आगे जाने दें। 17 से 19 मई तक तीन दिन ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन रोका जाए।

चारधाम के सभी मार्गों के एंट्री प्वाइंट एवं विकासनगर, यमुना पुल क्षेत्र, धनौल्टी, सुवाखोली में भी सख्ती से चेकिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि चारों धाम में मंदिर से 200 मीटर तक मोबाइल प्रतिबंधित रहेंगे।

## बंगाल-पंजाब में ओबीसी कोटा बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने पंजाब और पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए रोजगार में आरक्षण कोटा बढ़ाने की सिफारिश की है। वर्तमान में पंजाब में कुल 37 प्रतिशत आरक्षण है, जिसमें 25 प्रतिशत एससी को और 12 प्रतिशत ओबीसी को दिया गया है। एनसीबीसी ने ओबीसी के लिए 13 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण की सिफारिश की है। पश्चिम बंगाल में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण कोटा क्रमशः 22 प्रतिशत, छह और 17 प्रतिशत है। एनसीबीसी का कहना है कि ओबीसी कोटा शेष पांच प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है।

## ऐसा पीएम चुनें जिस पर दुनिया रौब न जमा सके

### प्रधानमंत्री बोले-पांच साल में बदल देंगे पूर्वांचल की तस्वीर, कई चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए एक ऐसा प्रधानमंत्री चुनने का अवसर है जिस पर दुनिया रौब न जमा सके। एक ऐसा प्रधानमंत्री, जो एक दमदार सरकार चलाए और भारत के दम-खम से दुनिया को परिचित करवाए। मोदी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में चार जनसभाएं कीं।



प्रधानमंत्री ने जौनपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह और मछलीशहर (आरक्षित) के बीपी सरोज के समर्थन में टीडी कालेज मैदान में आयोजित जनसभा में कहा कि पांच साल में मोदी और योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले हैं। उन्होंने दावा किया कि चार जून को मतगणना के बाद जौनपुर में इतनी इमरती बंटेगी कि सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे। प्रधानमंत्री ने आजमगढ़, भदोही, प्रतापगढ़ जिले में भी जनसभाओं को संबोधित किया और सभी जगह उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की प्रशंसा की। आजमगढ़ में मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सपा की सरकारों ने सीएए के नाम पर झूठ का पहाड़ खड़ा कर दिया। ये दल कह रहे हैं कि जब मोदी जाएगा तो सीएए को भी हटा दिया जाएगा, लेकिन मैं कहता हूं कि इस देश में अब कोई माई का लाल ऐसा नहीं है, जो सीएए को खत्म कर सके। भदोही में कहा, मैं काशी वाला हूं और भदोही अपना ही घर है।

### चार जून के बाद होगा खटाखट-खटाखट

प्रधानमंत्री ने प्रतापगढ़ में राहुल गांधी के खटाखट वाले बयान पर तंज कसा। कहा, शहजादों (राहुल-अखिलेश) को न मेहनत की आदत है और न ही नतीजे लाने की, इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा। उन्होंने कहा, ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जाएगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखट-खटाखट। चार जून के बाद इंडिया गठबंधन टूटकर बिखर जाएगा खटाखट-खटाखट। बलि के बकरे को खोजा जाएगा खटाखट-खटाखट। शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वाले, गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे खटाखट-खटाखट। दरअसल, तीन दिन पहले राहुल ने झांसी में कहा था- महिलाओं के खाते में हर साल 1 लाख रुपये भेजे जाएंगे। यानी महीने 8500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जाएगा।

## एक नजर

### किसान आंदोलन के कारण कई ट्रेनें हुईं लेट

बरेली, अमृत विचार : किसान आंदोलन की वजह से बरेली जंक्शन पर 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस 11 घंटे 15 मिनट, 14618 जनसेवा सात घंटे 55 मिनट, 14650 सरयू यमुना आठ घंटे 21 मिनट, 12204 गंगा सतलुज 12 घंटे 18 मिनट, 12469 कानपुर सेंट्रल जम्मूतवी पांच घंटे 27 मिनट की देरी से पहुंची। इसके अलावा 14674 शहीद, 13152 सियालदह, 13308 गंगा सतलुज और 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुक्रवार को प्रभावित रहेगा।

### ट्रेनों की लेटलतीफी से जायरीन भी हुए परेशान

बरेली, अमृत विचार : उर्स-ए-ताजुश्शरिया में पहुंचे जायरीन को भी गुरुवार को ट्रेनों की लेटलतीफी से परेशानी हुई। बरेली जंक्शन पर गुलफाम ने बताया कि 13006 पंजाब मेल से हावड़ा जाना है लेकिन ट्रेन लगभग आठ घंटे से ज्यादा लेट हो गई। इसके अलावा शाम को भी जायरीन परेशान हुए।

### दिन में चढ़ा पारा मगर रात में रहा कम

बरेली, अमृत विचार : तेज धूप खिलने से दिन का तापमान तो बढ़ रहा है लेकिन रात के तापमान में बढ़ोत्तरी नहीं हो रही है। रात और दिन के तापमान में करीब दोगुने का अंतर हो रहा है। इसकी वजह से लोग बीमारियों की चपेट में भी आ रहे हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान 40 से 42 डिग्री के आसपास रहने का पूर्वानुमान जताया है। वहीं रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी हो सकती है। गुरुवार को जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक 40.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री कम 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# जैसे चुनावी वादे वैसा स्मार्ट सिटी... नवादा शेखान के 15 हजार घरों में दो साल से पानी की सप्लाई नहीं

## फेल पड़ा हुआ है ट्यूबवेल का पंप, कई शिकायतों के बाद भी ठीक नहीं करा पाए जनप्रतिनिधि और अफसर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तमाम लोग खरीदकर पी रहे हैं पानी कई ने घर में लगवा लिया हैंडपंप
- चुनाव दर चुनाव वादा करके भूलते रहे वोट मांगने के लिए आने वाले

अमृत विचार : हाथ जोड़कर मुस्कराते चेहरों के साथ आने वाले नेताओं के चुनावी वादों में कितना दम होता है, यह नवादा शेखान और राजीवनगर में कोई भी बता सकता है। ये लोग चुनाव दर चुनाव में नगर निगम के ट्यूबवेल के खराब पड़े पंप को जल्द ठीक करा देने का वादा सुनकर उकता चुके हैं। दो साल से नगर निगम की सप्लाई शुरू होने के इंतजार में खरीदकर पानी पीते-पीते अब लोगों ने हैंडपंप और सबमर्सिबल लगवाने शुरू कर दिए हैं।

यह भी बेहद दिलचस्प है कि नगर निगम का ट्यूबवेल न चलने से पानी की किल्लत झेल रहा यह इलाका स्मार्ट सिटी का हिस्सा है। दो साल से ट्यूबवेल बंद पड़ा है, लेकिन उस पर लगा बोर्ड बराबर एहसास करा रहा है कि यहां के लोग स्मार्ट सिटी में रह रहे हैं। इस ट्यूबवेल से नवादा शेखान और राजीवनगर की करीब 15 हजार घरों को पानी की सप्लाई होती थी।

जून 2023 में इस ट्यूबवेल का पंप फेल हुआ तो फिर चालू नहीं हो पाया। शुरू में नगर निगम की ओर से यहां पानी के टैंकर भेजकर लोगों की जरूरत पूरी की जाती रही लेकिन कुछ समय बाद ही यह सिलसिला भी बंद हो गया।

प्रभावित इलाके के लोगों का कहना है कि मई 2023 में नगर निगम का चुनाव हुआ तो वोट मांगने आए पार्षद और मेयर के प्रत्याशियों के उन्होंने यह समस्या रखी थी।प्रत्याशियों ने चुनाव होते ही ट्यूबवेल का पंप ठीक करा देने का वादा किया था लेकिन इस वादे का इतना भी लिहाज नहीं किया कि पहले की तरह पानी के टैंकर ही भिजवाते रहते।

लोगों ने बताया कि वे खराब पंप को ठीक कराने के लिए 17 बार शिकायत दर्ज करा चुके हैं। हर बार एक ही जवाब मिलता है कि जल्द दूसरा बोरिंग कराकर पानी सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। मोहल्ले के डॉ. उमेश चंद्रा और क्रांति स्वरूप ने बताया कि लोगों ने कुछ समय पहले घरों में हैंडपंप लगवाने शुरू कर दिए हैं। कई ने सबमर्सिबल पंप भी लगवा लिए हैं।

> नवादा शेखान में ट्यूबवेल के पंप का रीबोर कराया गया था लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। इलाके को विकल्प के तौर पर बुखारपुरा से जोड़ा गया है। इससे काम चल रहा है। आने वाले समय में नया बोरिंग कराया जाएगा, इसके लिए जगह देखी जा रही है। – **सिद्धार्थ कुमार**, अधिशासी अभियंता जलकल विभाग



स्मार्ट सिटी का बोर्ड लगे होने का ये मतलब नहीं कि ट्यूबवेल बेहतर ही काम करेगा।

> कई बार प्रयास के बाद भी ट्यूबवेल के पंप का रीबोर सफल नहीं हो पाया। अब दूसरी जगह पंप लगाने की योजना बनाई है और इसके लिए सिंधुनगर और गुलाबबाड़ी के पास जगह देखी गई है। नया पंप का प्रस्ताव भी दे दिया गया है, चुनाव बाद पंप लग जाएगा। – **छंगामल मौर्य**, पार्षद

### मजबूरी का लाभ उठाकर आरओ प्लांट ने भी दुगने कर दिए पानी के दाम

बरेली, अमृत विचार : नवादा शेखान और राजीव नगर में सैकड़ों लोगों को नगर निगम की सप्लाई ठप होने की वजह से पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि कुछ समय पहले तक आरओ प्लांट के पानी से भरा वाटर कूलर 10 रुपये में मिल जाता था, लेकिन अब एकाएक 20 रुपये का कर दिया गया है। हालांकि इससे भी एक परिवार का पूरे दिन काम नहीं चल पाता। जिन परिवारों में ज्यादा सदस्य हैं, उन्हें एक दिन में दो-दो वाटर कूलर खरीदने पड़ते हैं। इस तरह लोगों को हर महीने पीने के पानी पर ही छह सौ से 12 सौ रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। इसके बावजूद पीने का पानी काफी किफायत से इस्तेमाल करना पड़ रहा है।



हैंडपंप का पानी कर रहे इस्तेमाल।

### मुश्किल में फंसे लोगों से झूठे वादे

नगर निगम का ट्यूबवेल खराब हुए दो साल हो गए हैं। अफसरों और नेताओं से कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। अब नगर निगम वाले कह रहे हैं कि नया पंप लगाया जाएगा लेकिन कब लगेगा, यह कोई बताने वाला नहीं है। – **ओमप्रकाश**

ट्यूबवेल का पंप खराब होने के बाद एक साल पहले तक मोहल्ले में पानी के तीन टैंकर आते थे लेकिन अब उनका आना भी बंद हो गया है। पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। पानी बेचने वालों ने दाम भी बढ़ा दिया है। कई बार पार्षद से कहने का भी असर नहीं हुआ। – **वेदप्रकाश**

पानी की समस्या दो साल से है, हमने तो हैंडपंप लगवा है। हालांकि उससे पीने लायक पानी नहीं मिल रहा है। पीने के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है। चुनाव के समय प्रत्याशियों ने समस्या का समाधान कराने का वादा किया था लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। – **अनिल कुमार**

### शहर के कई और इलाकों का हाल ठीक नहीं

गर्मी बढ़े के बाद शहर के करीब 35 मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति लड़खड़ा गई है। इन इलाकों में अब 170 एमएलडी पानी की मांग है जबकि नगर निगम 142 एमएलडी पानी की ही सप्लाई कर पा रहा है। पुराना शहर के रबड़ी टोला, कटरा चांद खां, फाल्तूनगंज और कालीबाड़ी जैसे सघन आबादी के कई इलाकों में जरूरत के मुताबिक पानी घरों तक नहीं पहुंच रहा है। कई इलाकों में गंदा पानी आने की शिकायत है जो पीने लायक नहीं होता। कई जगह पानी का प्रेशर कम होने के कारण लोग दिक्कत झेल रहे हैं।

# करीब सात घंटे के मेगा ब्लॉक से घंटों की देरी से पहुंची ट्रेनें



बरेली जंक्शन पर ट्रेन के इंतजार में थक कर फर्श पर ही लेट गए यात्री। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रामपुर में ब्लॉक की वजह से जगह-जगह ट्रेनों को खड़ा किया गया

अमृत विचार : रामपुर स्टेशन पर गुरुवार को फुटओवर ब्रिज हटाने की वजह से मुरादाबाद-बरेली रेलखंड पर करीब 7 घंटे के मेगा ब्लॉक की वजह से कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ा कर दिया गया। इसकी वजह से बरेली जंक्शन पर कई ट्रेनें देरी से पहुंचीं। ट्रेनों के इंतजार में गर्मी में यात्री परेशान हो गए। कई यात्री तो थक कर प्लेटफार्म पर ही लेट गए। जंक्शन पर राज्यरानी, सियालदह, लोहित और अवध असम एक्सप्रेस देरी से पहुंचीं।

रेल प्रशासन ने सुबह 7 बजे से ब्लॉक लिया जो दोपहर 1:40 बजे तक चला। इस दौरान दो ट्रेनों को निरस्त, छह ट्रेनों को रिशेड्यूल और एक ट्रेन को डायवर्ट किया गया था। लोहित एक्सप्रेस और सियालदह एक्सप्रेस किसान आंदोलन के कारण पहले से ही डायवर्ट की गईं थीं और मेगा ब्लॉक की वजह से चार-चार घंटे लेट ओरिजनेटिंग स्टेशनों से चलाई गईं। इसकी वजह से 13152 सियालदह 10 घंटे और 15652 लोहित एक्सप्रेस आठ घंटे 40 मिनट लेट हो गई। इसके अलावा 22454 राज्यरानी चार घंटे 48 मिनट, 15910 अवध असम एक्सप्रेस छह घंटे 43 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। यात्रियों ने एक्स पर पोस्ट कर अधिकारियों से भी शिकायतें कीं लेकिन उन्हें ब्लॉक और किसान आंदोलन की वजह से ट्रेनों के लेट होने की जानकारी दी गई।

# 14 महीने बाद निकाला फाल्ट लोकेटर मशीन चलाने का टेंडर

- मार्च 2023 में लोकार्पण के दौरान फाल्ट होने के बाद से नहीं चल रही थी मशीन

बरेली, अमृत विचार : स्मार्ट सिटी के तहत बिजली विभाग को मिली फाल्ट लोकेटर मशीन को चलाने के लिए करीब 14 महीने बाद टेंडर डाला गया है। इसके लिए कई कंपनियों ने आवेदन किया है। अधिकारी जल्द टेंडर खुलने की बात कह रहे हैं।

बिजली विभाग को भूमिगत लाइन में फाल्ट को ठीक करने के लिए स्मार्ट सिटी कंपनी की तरफ से 80 लाख की कीमत की फाल्ट लोकेटर मशीन हैंडओवर की गई थी। पिछले साल मार्च में मशीन के लोकार्पण के दौरान रामपुर गार्डन में डेमो के दौरान धमाका हो गया था। इसमें वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के साथ कई अधिकारी भी बाल-बाल बच गए थे। इस हादसे की जांच के साथ मशीन के संचालन पर रोक लगा दी गई थी। इसकी वजह से एक साल तक मशीन विभाग को हैंडओवर नहीं की गई थी। इस दौरान भूमिगत लाइन में होने वाले फाल्ट किराये की मशीन से ठीक किए गए। पिछले दिनों मशीन की कमी को दूर कराकर उसकी टेस्टिंग के बाद बिजली विभाग को हैंडओवर कर दी गई थी, लेकिन तब समस्या यह थी कि मशीन चलाने के लिए विभाग के पास कोई तकनीकी कर्मचारी नहीं था। अब मशीन का संचालन करने के लिए अधिकारियों की तरफ से टेंडर निकाला गया है। अधिशासी अभियंता प्रथम अमित कुमार आनंद ने बताया कि फाल्ट लोकेटर मशीन विभाग को हैंडओवर हो चुकी है। जिसे चलाने के लिए विभाग की तरफ से टेंडर डाले गए हैं। जल्द ही टेंडर खुलने के बाद उसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा।



**ताजुश्शरिया के उर्स में उमड़े जायरीन**

मथुरापुर में इस्लामिक स्टडी सेंटर मदरसा जामियातुर्रजा में उर्स-ए-ताजुश्शरिया पर बड़ी संख्या में देश और विदेश से आए जायरीन शामिल हुए। शाम को उर्स के मुख्य कुल के दौरान शाम को यहां भारी भीड़ इकट्ठी थी। कुल से भीड़ लौटी तो हाईवे काफी देर के लिए जाम हो गया।




### पीलीभीत बाईपास पर डिवाइडर बना कूड़ेदान

बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर सेटेलाइट बस अड्डे के आगे डिवाइडर पर पौधे सूख गए हैं। इस पर जगह-जगह कूड़ा पड़ा हुआ है। संबंधित विभाग न तो कूड़ा उठवा रहा है और न ही पौधों को पानी दिया जा रहा है।




# गर्मी शुरू हुई तो लाइनों की मरम्मत के लिए लेने लगे अघोषित शटडाउन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरडीएसएस योजना के तहत जगतपुर और दुर्गानगर उपकेंद्र पर कराए गए काम
- जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद सुबह की जगह दोपहर में कराए जा रहे काम

अमृत विचार : भीषण गर्मी में भी कई घंटे का शटडाउन लेकर काम कराए जा रहे हैं। जगतपुर और दुर्गानगर उपकेंद्र में आरडीएसएस योजना के तहत काम की वजह से करीब तीन घंटे बिजली गुल रही। नवादा शेखान में शाम को ट्रांसफार्मर का बुश खराब होने से चार घंटे बिजली गुल रही।

जगतपुर उपकेंद्र के रोहली टोला और चक चुंगी फीडर पर आरडीएसएस योजना के तहत काम कराए गए। इसकी वजह से करीब तीन घंटे बिजली गुल रही। परेशान लोगों की बिजली विभाग के अधिकारियों से कहासुनी भी हो गई। इसके अलावा दुर्गानगर उपकेंद्र के लक्ष्मीनगर सिविल लाइंस तृतीय उपकेंद्र से जुड़े सिंधुनगर में भी आरडीएसएस योजना के तहत काम कराने की वजह से दो घंटे की कटौती की गई।

शहर में लगातार बिजली कटौती पर डीएम रविंद्र कुमार ने सोमवार को बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जो भी काम कराएं उन्हें सुबह कराएं लेकिन इसके बावजूद अधिकारी दोपहर में शटडाउन लेकर काम करा रहे हैं। इसकी वजह से लोगों की परेशानी बढ़ जाती है।

**ट्रांसफार्मर का बुश खराब होने से बिजली गुल :** पुराना शहर स्थित नवादा शेखान में गुरुवार को आरडीएसएस योजना के तहत काम के बाद शाम को करीब 6 बजे ट्रांसफार्मर का बुश खराब होने से बिजली गुल हो गई। इसकी वजह से सहसवानी टोला, मीरा की पेठ, नवादा शेखान, सतीपुर, जगतपुर आदि इलाके में रात 10 बजे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि ट्रांसफार्मर में दिक्कत होने के चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। दिक्कत दूर कर आपूर्ति चालू की गई।



नवादा शेखान में ट्रांसफार्मर ठीक करते कर्मचारी।

### आज भी 6 घंटे से अधिक गुल रहेगी बिजली

अधिशासी अभियंता तृतीय अनुज गुप्ता ने बताया कि डीडीपुरम के कौशांबी एन्कलेव में सुबह 10 से शाम पांच तक आरडीएसएस योजना के तहत बंच केबल डाली जाएगी। इसके अलावा अशोक नगर फीडर में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे केबल डालने का काम किया जाएगा। इसकी वजह से बिजली गुल रहेगी।

# अब बिजनेस प्लान में होगा बदलाव ट्रांसफार्मर खराब होने से बचेगा

- औद्योगिक क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने की हो रही तैयारी

बरेली, अमृत विचार : बिजली अधिकारी वर्ष 2024 के बिजनेस प्लान में अब बदलाव कर रहे हैं। सभी अधिशासी अभियंता दोबारा से रिपोर्ट बना रहे हैं। बिजनेस प्लान के तहत शहरी क्षेत्र के चारों डिवीजन में 20 करोड़ रुपये से अधिक के काम होने थे। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि बिजनेस प्लान में अब आरएमयू (रिंग मेन यूनिट) के तहत काम करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। इसके तहत एक फीडर पर दो ब्रांच होने पर आरएमयू लगाया जाएगा। इसका यह फायदा होगा कि फाल्ट होने पर उसे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति खुद ही बंद हो जाएगी। उसके बाद दूसरी ब्रांच से फाल्ट वाले क्षेत्र में बिजली आपूर्ति दी जाएगी। ट्रांसफार्मर जलने और क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए उसे कवर किया जाएगा। वहीं औद्योगिक क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने का दावा किया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता शहरी अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि जनेस प्लान में ट्रांसफार्मर की सुरक्षा के लिहाज से कुछ बदलाव किए जा रहे हैं।





शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# उर्स के लिए दिल्ली रोड बंद, दिन भर जाम से जूझा चौपुला चौराहा

## लोगों ने पूरे दिन झेली परेशानी, गलियों में तलाशे रास्ते

संवाददाता, सीबीगंज

- ट्रैफिक पुलिस ने भीड़ की वजह से किया था डायवर्जन

**अमृत विचार :** मथुरापुर में उर्स-ए-ताजुश्शरिया की वजह से शहर से बृहस्पतिवार को झुमका तिराहे तक बरेली-दिल्ली हाईवे को पूरे दिन बंद रखा गया। ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली रोड पर ट्रैफिक रोकने के लिए चौपुला चौराहे के रास्तों पर बैरिकेड लगा दिए जिसकी वजह से यहां पूरे दिन जाम लगा रहा।

दिल्ली रोड पर मथुरापुर के इस्लामिक स्टडी सेंटर में चले उर्स-ए-ताजुश्शरिया का बृहस्पतिवार को मुख्य कुल होना था जिसमें शामिल होने के लिए भारी तादाद में जायरीन पहुंचे थे। ट्रैफिक पुलिस ने उर्स की भीड़ के मद्देनजर ही दिल्ली रोड पर रूट डायवर्जन किया था। बृहस्पतिवार को सुबह से ही चौपुला चौराहे के रास्तों पर कई जगह बैरिकेडिंग लगाकर ट्रैफिक रोक दिया गया। इस वजह से चौराहे पर पूरे दिन जाम लगा रहा। कई बार जाम की स्थिति इतनी भीषण हो गई कि लोगों को अपनी गाड़ी घुमाकर लौटना मुश्किल हो गया।


बैरिकेडिंग कर बंद किया रास्ता।

जिन लोगों को शहर की ओर से किला रोड पर निकलना था, उन्हें इस व्यवस्था से भारी परेशानी झेलनी पड़ी। निजी वाहनों के साथ ऑटो, टेंपो और ई रिक्शा से किला रोड पर जाने के लिए निकले लोगों को चौपुला चौराहे पर उतरकर पैदल आगे बढ़ना पड़ा।

सबसे ज्यादा दिक्कत उन लोगों को हुई जिन्हें सिटी स्टेशन पर ट्रेन पकड़नी थी। उन्हें भी चौराहे पर उतरकर गलियों के रास्ते सिटी स्टेशन तक पहुंचना पड़ा। देर शाम तक यह स्थिति बनी रही।


मथुरापुर में उर्स की वजह से चौपुला चौराहा पर सिटी स्टेशन रोड को बैरिकेड लगाकर बंद कर देने से भीषण जाम लगा रहा। ● अमृत विचार

### झल्लाए लोग, किला के बजाय चौपुला चौराहे पर पुलिस ने क्यों कर दी बैरिकेडिंग

**बरेली, अमृत विचार :** चौपुला चौराहे पर बैरिकेडिंग कर ट्रैफिक रोक दिए जाने से लोग दिन भर झल्लाते रहे। उनका कहना था कि दिल्ली रोड पर उर्स स्थल की ओर आवाजाही रोकने के लिए किला या मिनी बाईपास तिराहे पर बैरिकेडिंग किया जाना पर्याप्त रहता। इससे उर्स स्थल की ओर ट्रैफिक भी बंद रहता और लोगों को कोई दिक्कत भी नहीं होती लेकिन इसे अनदेखा करके ट्रैफिक पुलिस ने चौपुला पर ही बैरिकेडिंग कर दी। जाम में फंसे तमाम लोग ऐसे भी थे जिन्हें चौपुला और किला के बीच के इलाकों में जाना था लेकिन उन्हें भी अपना वाहन लेकर गलियों से गुजरना पड़ा, तब कहीं वे घर तक पहुंच पाए।


कार को अटल सेतु पर जाने से रोकते ट्रैफिक पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### मिनी बाईपास पर भी जाम से लोग परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** चौपुला चौराहे की तरह मिनी बाईपास से झुमका तिराहा के बीच भी लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। दस किलोमीटर के इस रास्ते पर वाहन न गुजरने देने से लोगों ने पैदल यह यह दूरी तय करनी पड़ी। जाम के चलते बरेली से मरीज लेकर दिल्ली जा रही एंबुलेंस एक घंटे तक जाम में फंसी रही। पुलिस ने मशक्कत के बाद उसे जाम से बाहर निकलवाया।

उर्स की वजह से बरेली-दिल्ली हाईवे पूरे दिन बंद रहा। सवारी वाहन न चलने से लोगों को आवाजाही में दिक्कत हुई। भीड़ के चलते देर शाम तक उर्स स्थल से दोनों ओर का रास्ता जाम रहा। लोग पैदल सफर तय करते नजर आए।

# डीजल घोटाले में निलंबित क्लर्कों को चार्जशीट जारी

- बरेली और रुहेलखंड डिपो में पिछले साल हुआ था घोटाला

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली और रुहेलखंड डिपो में डीजल घोटाले में निलंबित किए गए दो क्लर्कों को चार्जशीट जारी की गई है। अधिकारियों ने दोनों क्लर्कों से 15 दिन में जवाब मांगा है। जांच में कई अन्य कर्मचारी भी फंस सकते हैं। एमडी के निर्देश पर बरेली रीजन के सेवा प्रबंधक मामले की जांच कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बरेली रीजन के बरेली और रुहेलखंड डिपो में पिछले साल अप्रैल में डीजल घोटाला हुआ था। जिसमें बरेली डिपो में 55 लीटर डीजल में पानी पाया गया था। इसके अलावा रुहेलखंड डिपो में 250 लीटर तेल कम पाया गया था, जबकि वर्कशाप के कर्मचारियों ने रिकार्ड में पूरा डीजल दिखाया था। जांच में दोषी पाए जाने पर बरेली डिपो में तैनात सीनियर क्लर्क अजीम बेग और रुहेलखंड डिपो के क्लर्क सुनील सक्सेना को आरएम दीपक चौधरी ने निलंबित कर दिया था।

मामले में अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका के चलते जांच परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर करा रहे थे। जांच अधिकारी बरेली रीजन के सेवा प्रबंधक धनजी राम ने बताया कि निलंबित हुए दोनों कर्मचारियों को चार्जशीट जारी की गई है। अगर किसी अन्य कर्मचारी की मिलीभगत सामने आती है तो रिपोर्ट में उसका नाम शामिल करके मुख्यालय को भेजा जाएगा।

# राजेंद्र नगर में व्यापारी नेता के बेटे से मारपीट-पथराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मोमोज की दुकान पर बाइक हटाने को लेकर हुआ विवाद
- बाइक तोड़ने और रुपये लूटने का भी आरोप, पुलिस में दी तहरीर

**अमृत विचार :** राजेंद्र नगर में व्यापारी नेता रामकृष्ण शुक्ला के बेटे की मोमोज की दुकान पर गाड़ी हटाने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने उनके बेटे और उसके दोस्तों के साथ मारपीट की। उन्होंने लूटपाट और पथराव का भी आरोप लगाते हुए प्रेमनगर थाना में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संजय नगर में होली चौराहे के पास रहने वाले रामकृष्ण शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा शिवांश बृहस्पतिवार को शाम करीब छह बजे अपने दोस्तों के साथ राजेंद्र नगर में बांकेबिहारी मंदिर के पास साईं मोमोज कॉर्नर पर मोमोज खा रहा था। इसी दौरान वहां पर वीर सावरकर नगर निवासी युवक अपने सात-आठ दोस्तों के साथ आया। उन लोगों ने शिवांश और उसके दोस्तों से बाइक हटाने को कहा। इसी बात पर मारपीट करने लगे। आरोप है कि युवक चाकू निकालकर शिवांश की तरफ दौड़ा। किसी तरह उसने भागकर जान बचाई। आरोपियों ने शिवांश के दोस्त सत्यम वाजपेई की जेब से साढ़े चार हजार रुपये लूट लिए। इसके साथ ही दोस्तों की बुलेट मोटरसाइकिल तोड़ दी और पत्थर फेंके। हमलावरों के पत्थर फेंकते हुए और हाथ में लाठी लेकर दौड़ते हुए वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। इस मामले में प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लड़कों के दो गुटों में मारपीट का मामला पता चला है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के लिए सात हजार आवेदन लंबित

**बरेली, अमृत विचार :** चुनाव के बीच जिले में आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के करीब सात हजार आवेदन लंबित हो गए हैं। इनमें से सैकड़ों आवेदनों पर तय समयसीमा गुजर जाने के बाद भी प्रमाणपत्र जारी नहीं हुए हैं। देरी की वजह चुनाव में लेखपालों की ड्यूटी लगना बताया जा रहा है।

आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र जारी करने की समय सीमा पहले 15 दिन थी, जिसे अब सरकार ने कम कर एक सप्ताह कर दिया है। 16 मार्च को चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद प्रमाणपत्र जारी होने की रफ्तार धीमी हो गई थी। ई-डिस्ट्रिक्ट वेबसाइट पर तब से 15 मई तक अलग-अलग तहसीलों से हजारों आवेदन आए लेकिन पूरी सरकारी मशीनरी के साथ लेखपालों के भी चुनावी में व्यस्त होने के बावजूद वेबसाइट के आंकड़ों के मुताबिक अब भी करीब 6953 आवेदन लंबित हैं। इसमें आय प्रमाणपत्र के 1825, जाति प्रमाणपत्र के 2192 और निवास प्रमाणपत्र के 2936 आवेदन जिले की सभी छह तहसीलों में लंबित हैं। इनमें 477 आवेदन ऐसे हैं जिन पर प्रमाणपत्र जारी करने की समयसीमा गुजर चुकी है। सबसे ज्यादा आय प्रमाणप्रत्र के 390 आवेदन हैं। इसके अलावा निवास प्रमाणपत्र के 78 और जाति प्रमाण पत्र के नौ आवेदन हैं।

# रात में थाने लाकर दर्ज किए चौकीदार के बयान होमगार्डों पर कार्रवाई के लिए कमांडेंट को पत्र

## मंगलवार को होमगार्डों ने चौकीदार के साथ तहसील में मारपीट के साथ की थी अमानवीयता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नवाबगंज में थाने के अनुसूचित जाति के चौकीदार के साथ अमानवीय ढंग से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने बुधवार रात उसे थाने लाकर उसके बयान दर्ज किए। इसके बाद होमगार्ड कमांडेंट को पत्र लिखकर दोनों आरोपी होमगार्डों के खिलाफ आवश्यक रूप से कार्रवाई करने को कहा है। उधर, बृहस्पतिवार को कई संगठनों ने इस घटना के विरोध में सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में बैठक की और इसके बाद जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर आरोपी होमगार्डों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

नवाबगंज के गांव बहोरनगला के रहने वाले चौकीदार वीरेंद्र धानुक मंगलवार शाम चार बजे अपनी जमीन का फर्द निकलवाने तहसील गए थे जहां तहसीलदार की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड वीरबहादुर गंगवार और रामपाल गंगवार ने उनके साथ अमानवीय ढंग से मारपीट की थी।

घटना के बाद वीरेंद्र ने आरोप लगाया था कि दोनों होमगार्ड मुफ्त का राशन लेकर भी दूसरी पार्टियों को वोट देने वालों के लिए गालीगलौज कर रहे थे। उन्होंने इसका विरोध किया तो वे उन पर हमलावर हो गए। उन्हें सड़क पर गिराकर रायफल की बटों और लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। वीरेंद्र ने यह आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देने के साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी।

मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद बुधवार को इस घटना ने राजनीतिक रूप से तूल पकड़ लिया जिसके बाद पुलिस ने दोनों होमगार्डों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर उनका शांति भंग करने के आरोप में चालान कर दिया था। कुछ ही देर में दोनों को जमानत मिल गई थी। इसके बाद देर रात चौकीदार वीरेंद्र धानुक को फिर थाने ले आया गया। पुलिस के मुताबिक थाने में एसडीएम और थाना प्रभारी की मौजूदगी में चौकीदार और दोनों होमगार्डों का बयान दर्ज किए गए।

### खुफिया विभाग भी घटनास्थल पर जांच करने पहुंचा

इस घटना के तूल पकड़ने के बाद बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे खुफिया विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची जहां वह करीब दो घंटे तक जांच करती रही। खुफिया विभाग के लोगों ने घटनास्थल के आसपास दुकानदारों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी देखी। इसके बाद खुफिया टीम थाने भी पहुंची जहां पुलिस कर्मियों से भी घटना के बारे में जानकारी ली। बताया जा रहा है कि खुफिया विभाग अपनी रिपोर्ट मुख्यालय भेजेगा। बता दें कि डीएम रविंद्र कुमार ने भी इस घटना के संबंध में रिपोर्ट मांगी थी। एसडीएम नवाबगंज ने उन्हें अपनी रिपोर्ट भेजी थी।

> पुलिस ने दोनों होमगार्डों का बयान दर्ज करने के बाद कार्रवाई के लिए जिला होमगार्ड कमांडेंट को रिपोर्ट भेज दी है। इसके साथ सीओ नवाबगंज को पूरे प्रकरण की जांच का निर्देश दिया गया है। - **मुकेश चंद मिश्रा**, एसपी देहात उत्तरी

### हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर दोनों होमगार्डों को करें गिरफ्तार

- कई संगठनों ने चौकीदार की पिटाई की घटना पर जताया सख्त विरोध
- दामोदर स्वरूप पार्क में बैठक करके राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

बरेली, अमृत विचार : चौकीदार वीरेंद्र धानुक से मारपीट की घटना के बाद बृहस्पतिवार को सक्रिय हुए कई संगठनों ने बृहस्पतिवार को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में बैठक कर सख्त नाराजगी जताई। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें आरोपी होमगार्डों के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की गई है।

समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर और राष्ट्रीय सचिव रनवीर सिंह की अगुवाई में समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति, अखिल भारतीय कठेरिया समाज, भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर संगठन के लोग बृहस्पतिवार को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में इकट्ठे हुए जहां नवाबगंज तहसील में अनुसूचित जाति के चौकीदार वीरेंद्र के साथ मारपीट की घटना पर सख्त विरोध जताया और नारेबाजी भी की। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। इसमें कहा गया है कि आरोपी होमगार्ड चौकीदार को जान से मारना चाहते थे, इसलिए एफआईआर में हत्या की कोशिश की धारा बढ़ाने के साथ आरोपियों को बर्खास्त कर तत्काल गिरफ्तार भी किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि आरोपी होमगार्ड को छोड़ देना पीड़ित परिवार के साथ अनुसूचित जाति के सारे लोगों को अपमानित करने जैसा है। ज्ञापन देने वालों में रामवीर दिवाकर, अनूप कुमार, सुनील कुमार, जितेंद्र, रनवीर सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, सुरेश कुमार कठेरिया, उल्फत सिंह कठेरिया, मुकुट बिहारी लाल, वेदप्रकाश वाल्मीकि, अजय प्रसाद निगम, राजेश सागर, हरिओम प्रजापति आदि शामिल थे।


अनुसूचित जाति के चौकीदार से मारपीट के विरोध में प्रदर्शन करते लोग।

# लूट-हत्या की वारदात में पुलिस का शक अब तक हेमलता के पति पर ही

## तीसरे दिन भी हुई राजकुमार से पूछताछ, बयानों में काफी विरोधाभास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस ने मौके पर सीन रीक्रिएट भी किया, जल्द कर सकती है खुलासा
- वारदात होने के बाद परिवार वालों के बजाय दो दोस्तों को किया था फोन

**अमृत विचार :** शाही के गांव दुनका के पास लूटपाट के दौरान हेमलता की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने के मामले में पुलिस की छानबीन का फोकस अब तक उसके पति राजकुमार पर ही है। बृहस्पतिवार को तीसरे दिन पुलिस ने राजकुमार से लंबी पूछताछ की, साथ ही उसे घटनास्थल पर ले जाकर सीन रीक्रिएट भी किया। पुलिस के मुताबिक राजकुमार के बयानों से बार-बार विरोधाभास पैदा हो रहा है। शक की एक वजह यह भी है कि वारदात के बाद उसने अपने परिवार वालों के बजाय दो दोस्तों को फोन किया था और घटनास्थल से खुद चला गया था।

शाही के गांव बकैनिया में रहने वाले राजकुमार की शादी 10 महीने पहले ही शीशगढ़ के गांव मल्सा खेड़ा की हेमलता के साथ हुई थी। मंगलवार को राजकुमार अपनी ससुराल गया था और शाम साढ़े पांच बजे हेमलता को बाइक पर लेकर घर लौटने के लिए निकला था। राजकुमार के मुताबिक दुनका से निकलने के बाद उसने इंडियन पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डलवाया और उसके बाद बकैनिया जाने वाले कच्चे चक रोड से गुजर रहा था। इसी बीच शाम करीब सात बजे नहर के पास बदमाशों ने घेरकर बाइक रोक ली और तमंचों के जोर पर लूटपाट शुरू कर दी। हेमलता ने जेवर उतरवाते समय विरोध किया तो उसके सीने और गर्दन पर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

दो दिन से इस घटना की छानबीन में जुटी पुलिस ने बृहस्पतिवार को राजकुमार को घटनास्थल पर ले जाकर सीन रीक्रिएट किया। इसके बाद एसपी दक्षिणी मानुष पारीक और एसपी उत्तरी मुकेश चंद मिश्रा ने घंटों राजकुमार से पूछताछ की। इस दौरान राजकुमार ने बताया कि पत्नी की हत्या के बाद उसने पहला फोन अपने दोस्त रामबहादुर को किया था। रामबहादुर उस दौरान कहीं मजदूरों के साथ काम कर रहा था लेकिन घटनास्थल पर अकेले पहुंचा। राजकुमार ने दूसरा फोन अपने दोस्त सचिन को किया था जो कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचा। इस बीच खुद राजकुमार वहां से जा चुका था। पुलिस के मुताबिक उसे जब ढूंढकर लाया गया तब उसके कपड़ों पर न मिट्टी लगी थी और न खून के छीटे थे। पुलिस का कहना है कि राजकुमार जिन जेवरों को लूटने की बात कर रहा है, वे सब चांदी के थे। यह बात हजम होने लायक नहीं है कि बदमाश चांदी के जेवर लूट ले गए लेकिन उसकी महंगी मोटरसाइकिल वहीं छोड़ गए।


घटनास्थल पर लूट और हत्या का सीन रीक्रिएट करती पुलिस। ● अमृत विचार

### चार महीने से फोन नहीं चला रही थी हेमलता

पुलिस की जांच में यह भी पता चला कि हेमलता करीब चार महीने से मोबाइल फोन नहीं चला रही थी। पुलिस इस बारे में प्रेमप्रसंग के एंगिल पर और पड़ताल कर रही है। पुलिस इस बात पर भी जोर दे रही है कि राजकुमार सोमवार सुबह करीब 10 बजे अपने घर से ससुराल जाने के लिए निकला था। ससुराल में दोपहर खाना खाने के बाद हेमलता को शीशगढ़ ले जाकर अल्ट्रासाउंड कराया था जिसमें वह चार महीने की गर्भवती निकाली।

### सीन रीक्रिएशन : 15 मिनट में हुई वारदात

घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम के साथ सीन रीक्रिएशन के बाद पुलिस ने निष्कर्ष निकाला कि पूरी वारदात करीब 15 मिनट में हुई और इस बीच रास्ते से कोई और नहीं गुजरा। पुलिस अब इस आधार पर दूसरे निष्कर्ष निकालने की कोशिश कर रही है। बुधवार को हेमलता का भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि पुलिस कातिल के करीब पहुंच गई है।

> घटनास्थल पर पुलिस ने सीन रीक्रिएट कराकर साक्ष्य जुटाए हैं। तीसरे दिन भी राजकुमार से पूछताछ की गई है। उसके बयानों में लगातार विरोधाभास सामने आ रहे हैं। पुलिस प्रेमप्रसंग के एंगल पर भी जांच कर रही है। - **मानुष पारीक**, एसपी देहात दक्षिणी

# अवैध स्विमिंग पूलों का गोपनीय सर्वे शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** चुनाव के बाद भू-गर्भ जल विभाग ने जिले में संचालित अवैध स्विमिंग पूलों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू की है। विभाग की टीमों ने कई स्थानों पर गोपनीय सर्वे शुरू कर दिया है।

नियमों को ताक पर रखकर अवैध स्विमिंग पुल संचालित किए जा रहे हैं। कई लोगों की इनमें नहाते समय डूबने से मौत हो चुकी है। गत वर्ष विभाग ने नवाबगंज क्षेत्र में कई अवैध स्विमिंग पूलों पर कार्रवाई की थी। गर्मी आते ही अवैध स्विमिंग पूल का कारोबार शुरू हो जाता है। भू-गर्भ जल विभाग के सीनियर हाईड्रोलॉजिस्ट गणेश नेगी ने बताया कि स्विमिंग पूल की चेकिंग को अभियान शुरू कर दिया है। गुरुवार को टीमों ने इज्जत नगर, पीलीभीत बाईपास रोड पर गोपनीय सर्वे किया। अनियमितता मिलने पर स्विमिंग पूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अफसरों का दावा, शटडाउन लिए बिना फाल्ट ठीक कर रहा था लाइनमैन

- रिठौरा में करंट लगने से लाइनमैन की मौत का मामला

**बरेली, अमृत विचार :** रिठौरा में फाल्ट ठीक करते समय संविदा कर्मचारी की करंट से मौत के मामले में बिजली विभाग की दो सदस्यीय टीम ने जांच पूरी कर गुरुवार रात अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया को सौंप दी है। जांच रिपोर्ट में संविदा कर्मचारी की ओर से शटडाउन लेने की पुष्टि नहीं हुई है।

रिठौरा उपकेंद्र के अंतर्गत पद्मावती स्कूल के पास शनिवार को संविदा लाइनमैन सुरेश फाल्ट ठीक करने गए थे। फाल्ट ठीक करते समय बिजली सप्लाई चालू होने पर संविदा लाइनमैन की मौके पर मौत हो गई थी। लाइनमैन के परिजनों ने ने रिठौरा एसडीओ विपुल शुक्ला पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इज्जतनगर थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ने हादसे की जांच के लिए आंवला के अधिशासी अभियंता ओपी पाल और फतेहगंज पश्चिमी के एसडीओ अखिलेश यादव की जांच कमेटी बनाई थी। जांच कमेटी ने दो दिन तक उपकेंद्र पर तैनात स्टाफ और संविदा कर्मचारी के मोबाइल की कॉल डिटेल चेक की, जिसमें शटडाउन लेने की पुष्टि नहीं हुई।

# पारिवारिक लाभ..! बरसों दौड़ लगाकर भी पूरी नहीं हुई आस

## पति के गुजर जाने के बाद सरकारी मदद के लिए कई साल से लंबित पड़े हैं तमाम महिलाओं के आवेदन

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** पारिवारिक लाभ योजना 18 से 60 साल की उन महिलाओं को सहारा देने के लिए है, पति के गुजर जाने से जिनके पास गुजारे का कोई विकल्प नहीं होता। योजना के तहत ऐसी महिलाओं को 30 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता देने का प्रावधान है लेकिन हर जरूरतमंद महिला को यह लाभ मिलेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। जिले में तमाम ऐसी महिलाएं हैं, आवेदन करने के बाद सहायता मिलने की आस में जिनके कई साल कट चुके हैं।

समाज कल्याण विभाग के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में ही जिले में 1374 महिलाओं ने पारिवारिक लाभ के लिए आवेदन किया था। दावा है कि इनमें से 1278 महिलाओं को योजना का लाभ दे दिया गया लेकिन 96 महिलाएं अब तक वंचित हैं। इन महिलाओं को पारिवारिक योजना का लाभ क्यों नहीं मिला, समाज कल्याण विभाग के अफसरों ने यह भी साफ नहीं किया। तमाम महिलाओं के आवेदन इससे भी पुराने हैं, लेकिन उन्हें भी लाभ नहीं मिला है।

**केस-1** समाज कल्याण विभाग कार्यालय पहुंची सीबीगंज की मंजू साहू ने पटल देखने वाले बाबू से शिकायत की कि आवेदन के कई महीने बाद भी उनका पैसा नहीं आया है। बाबू ने उन्हें नए सिरे से दोबारा आवेदन करने को कहा। मंजू ने बताया कि उन्होंने 27 अप्रैल 2023 को आवेदन किया था। तब से वह सात-आठ बार कार्यालय आ चुकी हैं।

**केस-2** कटरा चांद खां की रहने वाली माया देवी के पति की मृत्यु जुलाई 2022 में हो गई थी। 24 अगस्त 2022 को आवेदन किया लेकिन अब तक पैसा नहीं मिला। माया देवी का कहना है कि उनका इरादा 30 हजार रुपये मिलने के बाद घर में ही परचून की दुकान खोलने का था। कई महीने पहले वह दोबारा फाइल जमा कर चुकी हैं लेकिन पैसा नहीं आया।

**केस-3** सिविल लाइंस की रीतू ने पति ऋषि कुमार की मृत्यु के बाद दो साल पहले आवेदन किया था। रीतू का कहना है कि समाज कल्याण विभाग के दफ्तर के चक्कर काटते-काटते परेशान हो चुकी हैं। आश्वासन सुनते-सुनते दो साल कट चुके हैं। अधिकारी टालमटोल कर देते हैं। कुछ बताते भी नहीं। कुछ पता नहीं है कि उन्हें पैसा मिलेगा भी या नहीं।

> पारिवारिक लाभ योजना का लाभ देने बरेली यूपी में 10वें स्थान पर है। 1278 महिलाओं को पिछले वित्तीय वर्ष में इस योजना के तहत लाभ मिला है, जो महिलाएं रह गई हैं, उन्हें आचार संहिता के बाद पैसा मिल जाएगा। अपात्र होने या कागजी प्रक्रिया पूरी न होने पर ही दिक्कत आती है। - **मीनाक्षी वर्मा**, जिला समाज कल्याण अधिकारी

### अब सीधे लखनऊ से होता है लाभार्थियों का चयन

कुछ समय पहले तक एसडीएम आवेदन की जांच कर समाज कल्याण विभाग को रिपोर्ट भेजते थे। इसी रिपोर्ट पर लाभार्थियों का चयन होता था लेकिन अब शासन ने इस प्रक्रिया से एसडीएम को हटा दिया है। अब ऑनलाइन आवेदन करने के बाद विभाग जांच करके लखनऊ फाइल भेजता है। शासन स्तर से भी जांच होती है जिसके बाद पात्र महिलाओं को धनराशि जारी कर दी जाती है। सूत्रों के मुताबिक व्यवस्था में बदलाव के बाद नए सिरे से महिलाओं के आवेदन लिए गए थे। इस वजह से देर तो हुई ही, आवेदकों को नई फाइल के लिए बेवजह भागदौड़ करनी पड़ी।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइट्सि, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें :
संजीव कुमार पाडेय
चेयरमैन
9837892555
9412192305

# एमबीए, एमसीए, बीएचएम, बीफार्म एमफार्म और बीटेक में प्रवेश आज से

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर विद्यार्थियों को कराने होंगे पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीए, एमसीए, बीएचएम, बीटेक, बीफार्मा और एमफार्म में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्र विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 150 रुपये का शुल्क देकर 17 मई से ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक एमबीए, एमबीए मार्केटिंग, एमबीए एग्जिक्यूटिव, बैचलर ऑफ मैनेजमेंट एंड सीटी के प्रथम सेमेस्टर में 15 जून तक पंजीकरण होंगे। छात्रों को काउंसिलिंग से मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। होटल मैनेजमेंट में प्रवेश सीयूईटी यूजी के माध्यम से और सीटें रिक्त रहने पर इंटर की मेरिट के आधार पर होंगे। इसके अलावा एमबीए, एमबीए मार्केटिंग में प्रवेश सीयूईटी पीजी की मेरिट से होंगे। यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो स्नातक की मेरिट से प्रवेश होंगे।



- सीयूईटी के माध्यम से होंगे एमबीए, एमसीए, बीफार्म और बीएचएम में प्रवेश

कुलसचिव के मुताबिक बीटेक, बीफार्मा और एमफार्मा में भी प्रवेश पंजीकरण 17 मई से 14 जून तक होंगे। बीटेक मेकेनिकल इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बीफार्म, एमसीए, एमफार्मा फार्मोकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स और फार्म केमेस्ट्री के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पंजीकरण के लिए 150 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। बीटेक में प्रवेश जेईई मैंन्स के माध्यम से, बीफार्म में प्रवेश सीयूईटी यूजी की मेरिट से होंगे। यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो इंटर की मेरिट से प्रवेश होंगे। एमसीए में प्रवेश सीयूईटी पीजी की मेरिट से, एमफार्म में प्रवेश जीपीएटी के स्कोर से होंगे। एमफार्म में यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो सीयूईटी पीजी के स्कोर से प्रवेश होंगे। एमसीए और एमफार्म में सीयूईटी धारक विद्यार्थी न मिलने पर सीटें रिक्त रहती हैं तो स्नातक की मेरिट से प्रवेश होंगे। बीटेक के अलग-अलग सेक्शन में 390, बीफार्म में 60, एमसीए में 30, एमफार्म में 18 सीटें हैं।

### एलएलबी, एलएलएम और एमएड में प्रवेश के लिए कल से पंजीकरण, 7 जुलाई को प्रवेश परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम और एमएड में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तीनों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होंगे। इसके लिए छात्रों को 18 मई से 17 जून तक 950 रुपये का शुल्क जमा कर पंजीकरण कराना होगा। प्रवेश परीक्षा बरेली और मुरादाबाद के केंद्रों पर 7 जुलाई को सुबह 9 से 10 :30 बजे तक होगी। इस बार एलएलबी और एमएड में प्रवेश परीक्षा सिर्फ विश्वविद्यालय परिसर और सरकारी या फिर अनुदानित कॉलेजों के लिए होगी। स्ववित्त पोषित कॉलेजों में एलएलबी और एमएड की सीटों पर प्रवेश के लिए पंजीकरण बाद में होंगे। इसके लिए 150 रुपये का पंजीकरण शुल्क अदा करना होगा और कॉलेजों को प्रवेश लेकर सीट विश्वविद्यालय में लॉक करनी होगी। एलएलबी में बरेली कॉलेज में 320 और केजीके मुरादाबाद कॉलेज में 300 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। एमएड में विश्वविद्यालय परिसर में 50 और हिंदू कॉलेज मुरादाबाद की 50 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। एलएलएम में विश्वविद्यालय परिसर की 90, स्वामी शुखदेवानंद महाविद्यालय शाहजहांपुर की 20, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ बिजनौर की 20 और हाशमी डिग्री कॉलेज अमरोहा की 20 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें सही उत्तर पर चार अंक दिए जाएंगे और गलत उत्तर पर एक अंक की कटौती की जाएगी।

### बरेली कॉलेज में स्नातक में आज से प्रवेश पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश के लिए शुक्रवार से पंजीकरण शुरू हो जाएंगे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि छात्र कॉलेज की वेबसाइट और पोर्टल पर 150 रुपये का शुल्क जमा कर पंजीकरण करा सकते हैं। प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देश शुक्रवार को जारी किए जाएंगे।

### 28 से होगी एलएलबी और एलएलएम की परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, बीएएलएलबी, एलएलएम समेत कई पाठ्यक्रमों की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 28 मई से होगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएलएलबी, एलएलबी, एलएलएम, बीसीए, बीससी कृषि, एमएससी कृषि, एमलिब, बीलिब, बीकॉम फाइनेंस और फाइनेंस सर्विस, बीबीए पुराना पाठ्यक्रम की परीक्षाएं होंगी। सभी परीक्षाएं 19 मई को समाप्त हो जाएंगी।

### सीबीएसई: 21 तक स्क्रूटनी के लिए छात्र कर सकते हैं आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीएसई की ओर से 10 वीं और 12 वीं का परीक्षाफल घोषित हो चुका है। परीक्षा में असफल हुए छात्र स्क्रूटनी के लिए शुक्रवार से 21 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सीबीएसई के सिटी समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि अगर किसी छात्र को अपनी उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर कम अंक मिलने की शंका हो तो वह आवेदन कर सकता है। स्क्रूटनी के लिए छात्रों को सीबीएसई की वेबसाइट पर लॉगइन कर आवेदन करना होगा। स्क्रूटनी का परिणाम सोमवार को बोर्ड की ओर से घोषित किया जाएगा। इसके लिए प्रति विषय 500 रुपये शुल्क जमा कराना होगा। मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्र उत्तरपुस्तिका की फोटो प्रति भी प्राप्त कर सकते हैं। प्रति प्राप्त करने के लिए छात्रों को 700 रुपये अतिरिक्त शुल्क जमा कराना होगा। सभी छात्रों को इस संबंध में जानकारी हो सके, इसके लिए प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर निर्देश दिए गए हैं।

## रसायन विज्ञान विभाग का चार्ज आखिर हैंडओवर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- बरेली कॉलेज की दोनों समितियों ने प्रो. एनबी सिंह को सौंपा चार्ज
- पहले हुई गड़बड़ी की जिम्मेदारी नहीं लेंगे, नया रिकार्ड होगा तैयार

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में रसायन विज्ञान विभाग का चार्ज आखिरकार हस्तांरित हो गया। प्राचार्य की ओर से बनाई गई दोनों समितियों की सहमति के बाद प्रो. एनबी सिंह को विभाग का प्रभारी बनाया गया। प्रो. सचि मित्तल दो दिन में सेवानिवृत्त हो जाएंगी। समिति ने निर्णय लिया कि प्रो. एनबी सिंह यदि पूर्व के समय की कोई गड़बड़ी सामने आती है तो इसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे और विभाग में नया स्टॉक रजिस्टर बनाया जाएगा।

बरेली कॉलेज में रसायन विज्ञान विभाग का चार्ज प्रो. सचि मित्तल के पास था। उनकी सेवानिवृत्त से पहले चार्ज वरिष्ठ शिक्षक को हस्तांतरित होना था लेकिन शिक्षक ने लैब में काफी सामान न होने और सामान का स्टॉक रजिस्टर से सामान मिलने पर ही चार्ज लेने की शर्त रखी थी। इस पर मामला प्राचार्य प्रो. ओपी राय के पास पहुंचा था। प्राचार्य ने पहले एक बाह्य समिति बनाकर मामले के निस्तारण के निर्देश दिए थे लेकिन निस्तारण नहीं हो सका था। इसके बाद एक विभाग की आंतरिक समिति बनाई थी, जिसे बाह्य समिति के सहयोग के निर्देश दिए थे। काफी समय बाद भी मामले का निस्तारण नहीं हो रहा था। शिक्षिका के दो दिन बाद सेवानिवृत्त होने की वजह से गुरुवार को दोनों समितियों की बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रो. एनबी सिंह को चार्ज दिया जाए। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि समितियों की रिपोर्ट के आधार पर प्रो. एनबी सिंह को रसायन विभाग का प्रभार दे दिया गया है।

### बिजली सामान की सप्लाई करने वाली फर्म पर वाणिज्य कर विभाग का छापा

**बरेली, अमृत विचार :** वाणिज्य कर विभाग की टीम ने गुरुवार को बंडा में एक सप्लायर के प्रतिष्ठान में 62 लाख की कर चोरी पकड़ी है। टीम ने व्यापारी से मौके पर 10 लाख रुपये जमा कराए। व्यापारी ने अफसरों से 20 मई तक शेष 52 लाख की राशि जमा करने का समय मांगा है।

वाणिज्य कर के ज्वाइंट कमिश्नर अवधेश सिंह के निर्देश पर डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह की टीम ने गुरुवार को बंडा में बिलसंडा रोड पर हरविंदर सिंह के ब्रह्म ट्रेडर्स का सर्वे किया। हरविंदर बिजली का सामान की सप्लाई करते हैं। वह सरकारी विभागों में भी सामान भेजते हैं। वाणिज्य कर की विशेष अनुसंधान शाखा बरेली रेंज के अफसरों ने डाटा विश्लेषण में पाया गया कि व्यापारी सरकारी भुगतान प्राप्त करने के लिए अपनी बिक्री फार्म आर-1 में दिखा रहा था लेकिन 3बी फार्म में वही बिक्री छिपाते हुए उसका भुगतान नहीं किया जा रहा था। साथ ही हरविंदर फर्जी फर्म बनाकर टैक्स चोरी भी कर रहे थे। अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि व्यापारी के यहां टैक्स कई बिंदुओं पर टैक्स चोरी पकड़ी गई है। व्यापारिक स्थल पर जांच में भी वही चोरी सही पाई गई। जांच में कर चोरी के तथ्य सामने आए तो व्यापारी ने अपनी भूल स्वीकार की है। व्यापारी पर 62 लाख रुपये की कर चोरी का मामला बना है।

### सीयूईटी में दूसरे दिन भी अनुपस्थित रहे 700 परीक्षार्थी

**बरेली, अमृत विचार :** सीयूटी में दूसरे दिन गुरुवार को 10 परीक्षा केंद्रों पर 43 सौ परीक्षार्थी शामिल हुए और सात सौ अनुपस्थित रहे। दो पालियों में अर्थशास्त्र, हिंदी, भौतिक विज्ञान और गणित विषयों की परीक्षा हुई। परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों के मुताबिक भौतिक विज्ञान और गणित के सवाल अपेक्षाकृत आसान थे हालांकि कुछ प्रश्नों को समझने में देरी लगी। हिंदी के प्रश्नों के उत्तर देने में ज्यादातर परीक्षार्थी परेशान रहे। अर्थशास्त्र की परीक्षा से छात्र संतुष्ट दिखे। एनटीए के जिला समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को सिर्फ दो केंद्रों पर ही परीक्षा आयोजित होगी।

### ट्रैक मेंटेनर्स को काम के दौरान मिलेगा पानी

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे बोर्ड ने ट्रैक मेंटेनर्स के लिए गुणवत्ता युक्त पानी की बोतल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फैडरेशन और एनई रेलवे मजदूर यूनियन लम्बे समय से इसकी मांग कर रही थी।

नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि रेलवे बोर्ड के साथ हुई स्थाई वार्ता तंत्र (पीएनएम) की बैठक में उन्होंने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। अब रेलवे बोर्ड ने ट्रैक मेंटेनर्स को गुणवत्तायुक्त पानी की बोतल शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि अधिकतर ट्रैकमेंटेनर लाइनों पर ही काम करते हैं। कई स्थानों पर तो दूर-दूर तक पानी की कोई उपलब्धता नहीं होती। इज्जतनगर मंडल में भी ऐसे कई सेक्शन हैं जहां 8-10 किलोमीटर तक पानी की कोई उपलब्धता नहीं। अब पानी मिलने से काफी राहत मिलेगी। हरीश भारती, महीप कश्यप, इन्द्र सिंह सक्सेना, राम कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, राम औतार, कुलदीप, यूनुस आदि ने यूनियन के पदाधिकारियों और रेलवे बोर्ड का धन्यवाद किया।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शांतिपूर्ण मतगणना के दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस में शांतिपूर्ण मतदान कराने के निर्देश दिए। करीब दो घंटे की कॉन्फ्रेंस में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बिंदुवार कैसे तैयारी करनी है। उन्होंने कहा कि मतगणना की तैयारी में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। उन्होंने लगातार स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पर भी जोर दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिले से एनआईसी में डीएम रविंद्र कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम न्यायिक आशीष कुमार, एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव, डीडीओ दिनेश कुमार समेत कई अन्य पुलिस और प्रशासनिक अफसर मौजूद रहे।

### विहिप कार्यकर्ताओं की मेहनत से पूरा हुआ राम मंदिर का काम : कोटेश्वर



केशव कृपा भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कोटेश्वर।

- केशव कृपा भवन में विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री कोटेश्वर ने कहा कि राम मंदिर के आंदोलन में विहिप के स्व. अशोक सिंघल और कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई थी। कार्यकर्ताओं की मेहनत से राम मंदिर का कार्य पूर्ण हुआ है। वह गुरुवार को केशव कृपा भवन में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि हैदराबाद के एक बडे. घराने ने मंदिर के द्वार भेंट करने का आग्रह किया तो ओडिसा के मूर्तिकारों ने पत्थरों को तराशा। छत्तीसगढ़ से तीन सौ टन चावल आया। राम मंदिर को लेकर श्रद्धालु आतुर थे कि क्या कर दें। विहिप ब्रजप्रांत के संगठन मंत्री राजेश, बरेली विभाग संगठन मंत्री देवेन्द्र सोम, महानगर अध्यक्ष आशू अग्रवाल, महानगर मंत्री नीरू भारद्वाज, अमित भारद्वाज, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, गुलशन आनंद, राज गोपाल खट्टर, लवलीन कपूर, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ. रुचिन अग्रवाल, अरविंद आदि मौजूद रहे।

### उद्योग व्यापार सुरक्षा मंडल के अध्यक्ष बने अंकित

**बरेली, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार सुरक्षा मंडल की जनकपुरी इकाई का गुरुवार को गठन किया गया, जिसमें अंकित खंडूजा को अध्यक्ष, ऋषि वर्मा को महामंत्री, विकास गुप्ता को सचिव, अर्पित खंडेलवाल को कोषाध्यक्ष, आकाश को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। जनकपुरी में संगठन के महानगर अध्यक्ष गौरव सक्सेना के नेतृत्व में हुई बैठक में प्रतीक धवन, दिलीप खुराना, गुलशन कुमार डंग, नवीन राजपूत, अमित कंचन, संजय शर्मा, राहुल वर्मा, डॉ. वीआर गंगवार, संजीव साहनी आदि मौजूद रहे।

### दो बहनों समेत तीन के खिलाफ रंगदारी की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने दो बहनों समेत तीन लोगों पर किरायेदारी के मुकदमे के विवाद में घेरकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। राजेन्द्र नगर निवासी अंजलि के मुताबिक उनके पति का पूर्व किरायेदार रोहलीटोला निवासी दीपक कुमार और उसकी कर्मचारी रुखसाना और उसकी बहन रिजवाना से किरायेदारी को लेकर अदालत में सिविल वाद चल रहा है। आरोप है कि उन्हें 12 मई की रात लगभग पौने नौ बजे दीपक और उसकी दोनों महिला कर्मचारियों ने अंजलि को राजेंद्र नगर मार्केट के पास घेर लिया। दीपक ने उसका हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर उनके कपड़े फट गए। अंजलि का आरोप है कि दीपक ने जान से मारने की धमकी देते हुए पांच लाख रुपये रंगदारी मांगी। प्रेमनगर पुलिस ने दीपक और उसकी दोनों महिला कर्मचारियों के खिलाफ रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कामाख्या एक्सप्रेस में यात्री के गहने चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** कामाख्या एक्सप्रेस में एक यात्री का बैग चोरी हो गया। बैग में लाखों रुपये की कीमत के गहने थे। यात्री ने बरेली जंक्शन जीआरपी थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बहेड़ी के ग्राम बहादुरपुर निवासी संजय कुमार ने शिकायत की कि वह 11 मई को ट्रेन संख्या 15624 कामाख्या एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-3 की बर्थ पांच और छह पर परिवार के साथ सफर कर रहे थे। यात्रा के दौरान उनकी पत्नी का बैग पटना स्टेशन के पास चोरी हो गया। बैग में गहने थे। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि घटना पटना स्टेशन के पास हुई इसलिए मामला संबंधित थाने को ट्रांसफर किया जा रहा है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499~~/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

THE TOOTH LOUNGE
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION
Regd. No. : 21537
• दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना • दाँतों के रंग की फिलिंग करना
• दाँतों का निकालना • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग
• दाँत एवं बत्तीसी बनवाना • RCT • डिजिटल एक्स-रे
• टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना • डेंटल इम्प्लांट 15 मई तक निःशुल्क परामर्श
डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

## सार-संक्षेप

### भागवत सुनने से मनुष्य को होती है मोक्ष की प्राप्ति



बरेली,अमृत विचार : बीडीए कॉलोनी स्थित सीताराम मंदिर में गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा शुरू हो गई। सुबह गणेश पूजन के बाद कलश यात्रा निकाली गई। कथा में कथाव्यास पं. प्रकाश चंद्र पांडेय ने कहा कि भागवत साक्षात श्री राधाकृष्ण का स्वरूप है। इसको सुनने मात्र से मनुष्य इस लोक में सुखों को भोगकर अंत में मोक्ष को प्राप्त करता है। इस दौरान श्यामल त्रिपाठी, मयंक पांडे, मुन्नी देवी, राम नरेश, कमला पांडेय, कुसुम रस्तोगी, महेश नाथ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### यज्ञ से ग्रीष्मकालीन शिविर की शुरुआत



बरेली,अमृत विचार : राधा माधव पब्लिक स्कूल में गुरुवार को ग्रीष्मकालीन शिविर शुरू हो गया। पहले दिन छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर यज्ञ का आयोजन हुआ। शिविर में छात्रों को तैराकी, फोटोग्राफी, स्केटिंग, आर्ट व क्राफ्ट, संगीत, वास्केटबाल, वॉलीबाल, बैडमिंटन, नेचर क्लब, क्रिकेट, हॉकी, आदि कई गतिविधियों में शामिल हुए। प्रधानाचार्य डा. धर्मेंद्र मित्तल ने बताया कि 27 मई तक शिविर चलेगा।

### रामगंगा नगर में स्पोर्ट्स स्टेडियम में बनेगा स्विमिंग पूल

बरेली, अमृत विचार : रामगंगा नगर में बन रहे स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्विमिंग पूल बनाया जाएगा। इससे पहले पूल को कन्वेंसिंग सेंटर में बनाने की योजना थी। बीडीए वीसी मानिकनंदन ए ने गुरुवार को अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

### जंक्शन से हज आजमीन का जत्था रवाना



बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन से गुरुवार को हज आजमीन का जत्था त्रिवेणी एक्सप्रेस से लखनऊ के लिए रवाना हुआ। जहां से यह लोग शुक्रवार को सऊदी अरब के लिए फ्लाइट में सवार होंगे। बरेली से इस बार 655 लोग हज यात्रा पर जा रहे हैं। बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खान वारसी के नेतृत्व में आजमीन ए हज का इस्तकबाल किया गया। हाजी इंजीनियर अनीस अहमद खां और ट्रेनर हाजी फैजान खां कादरी हज आजमीन को बधाई दी। जंक्शन से जाने वाले आजमीन में ठिरिया निजवत खां की रिजवाना खानम, आजम नगर के मोहम्मद सिराज कुरैशी राजू, इमराना कुरैशी, बेबी नसरीन, फिरोज खान, मुस्तफा रजा खां, लियाकत अली खान आदि शामिल हैं। यासीन कुरैशी, साकिब रजा खां आदि मौजूद रहे।

### राहगीरों को शरबत बांटा कर सेवा की



बरेली,अमृत विचार : हरि मंदिर प्रबंध समिति ने गुरुवार को मंदिर के मुख्य द्वार प्याऊ लगाकर राहगीरों को शरबत का वितरण किया। मंदिर समिति के रवि छाबड़ा, सतीश खट्टर, गोविंद तनेजा, दीपक साहनी,अनिल, पंकज, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### स्कॉलरशिप एंट्रेंस टेस्ट में बैठे एक हजार छात्र



बरेली, अमृत विचार : वेदान ग्रुप और बीईंग अलाइव फाउंडेशन ने शुक्रवार को स्कॉलरशिप एंट्रेंस टेस्ट इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित किया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ग्रुप के सीएमडी डॉ. अमीद मुराद और बीईंग अलाइव फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ शबीन अहसन ने बताया कि पांच चरण में एंट्रेंस टेस्ट कराया जाएगा। पहले चरण में शुक्रवार को एक हजार छात्रों ने परीक्षा दी है। बताया कि इस टेस्ट के माध्यम से कक्षा 9 से 12 वीं तक के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 100 फीसदी की स्कॉलरशिप प्रदान कर तैयारी कराई जाएगी।

### छात्र-छात्राओं ने गांधी उद्यान का किया भ्रमण



बरेली, अमृत विचार : क्यारा ब्लॉक के बारीनगला पूर्व माध्यमिक स्कूल के बच्चों ने गुरुवार को गांधी उद्यान का शैक्षिक भ्रमण किया। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थानों के बारे में शिक्षकों ने जानकारी दी। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया, साथ ही भुल भुलैया भी देखी। प्रधानाध्यापक डॉ. विनोद कुमार शर्मा, शिक्षिका प्रीति शर्मा, नवनीत यादव, आशा राणा,अमित यादव, रजी हसन आदि मौजूद रहे।

# सौदागरान से मथुरापुर तक ताजुश्शरिया के दीवानों का सैलाब

## मदरसा जामियातुर्रजा और सौदागरान में अदा की कुल की रस्म, अकीदत से मनाया गया छठा उर्स-ए-ताजुश्शरिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मथुरापुर स्थित मदरसा जामियातुर्रजा में उर्स-ए-ताजुश्शरिया के कुल की रस्म के दौरान बड़ी तादाद में मौजूद अकीदतमंद।

**अमृत विचार :** छठे उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर गुरुवार को शहर में अकीदत का सैलाब देखने को मिला। ताजुश्शरिया के दीवाने देश विदेश से उर्स में शामिल होने के लिए बरेली पहुंचे थे। सौदागरान से लेकर मथुरापुर तक सिर्फ ताजुश्शरिया के चाहने वाले दिखे। मथुरापुर स्थित इस्लामिक स्टडी सेंटर मदरसा जामियातुर्रजा में उर्स का मुख्य कार्यक्रम हुआ। कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन हो गया। बड़ी संख्या में अकीदतमंद काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद मियां से मुरीद हुए। इस दौरान उन्होंने मुसलमानों से शरीयत के दायरे में जिंदगी गुजारने को कहा।

- **लाखों ने सुना ऑनलाइन कार्यक्रम, विदेश से भी पहुंचे लोग**

जामियातुर्रजा में कारी शरफुद्दीन रजवी ने कुरान की तिलावत से उर्स की शुरुआत की। मौलाना गुलजार रजवी ने निजामत की। मुफ्ती शहजाद आलम मिस्बाही ने ताजुश्शरिया की जिंदगी पर रोशनी डाली। मुफ्ती मुहम्मद जियाउल मुस्तफा ने मुफ्ती आजम हिंद के बारे में बताया। उर्स प्रभारी सलमान मियां ने बताया कि उर्स में जमात रजा-ए-मुस्तफा की देशभर की ब्रांचों की तरफ से लंगर का इंतजाम किया गया था।

बरेली में जमात के पदाधिकारियों ने बेहतर जिम्मेदार निभाई। जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां ने बताया कि लाखों लोगों ने ऑनलाइन उर्स के कार्यक्रम को सुना। खानकाहे ताजुश्शरिया में मुफस्सिरे आजम का कुल सुबह 7 :10 बजे हुआ। ताजुश्शरिया हजरत अख्तर रजा खां (अजहरी मियां) का कुल शाम 7:14 बजे हुआ। डॉ. मेहंदी हसन, हाफिज इकराम, शमीम अहमद, मौलाना शम्स, मौलाना निजामुद्दीन, मोईन खान, कौसर अली, यासीन खान समरान आदि ने उर्स में सहयोग रहा।

### बेटियों को दहेज नहीं विरासत में दें हिस्सा

सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने जायरीन को पैगाम जारी करते हुए कहा कि पर्दा इस्लाम का अहम हिस्सा है। हम बहन बेटियां को पर्दा की ताकीद करें। अपनी निगरानी में उन्हें अच्छी तालीम दें। दहेज जैसी सामाजिक बुराई का बहिष्कार करें। बेटियों को दहेज नहीं विरासत में हिस्सा दें। निजामत कारी इर्शादुल कादरी ने की। दरगाह आला हजरत पर शाम 7 बजे फातिहा पढ़ी गई। शाहिद नूरी, हाजी जावेद खान, औररंगजेब नूरी, मंजूर रजा, मौलाना इस्लाम, अजमल नूरी, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी, साकिब खान, मंजूर रजा, मुजाहिद नूरी आदि मौजूद रहे।



मथुरापुर में उर्स-ए-ताजुश्शरिया के कुल के बाद जब लोग घर को निकले तो मार्ग के दोनों ओर लंबा जाम लग गया।




### मुफ्ती सलमान अजहरी और फलस्तीन का उठा मुद्दा

उर्स के मौके पर मथुरापुर में कुछ लोग फ्री फलस्तीन और फ्री गाजा के पोस्टर लेकर पहुंचे। मोहम्मद तारिक रजा ने बताया कि इजराइल फलस्तीन पर जुल्म कर रहा है, गाजा में इजराइल की कार्रवाई बंद होनी चाहिए, अगर जंग नहीं रुकी तो मुसलमान खामोश नहीं बैठेगा। मुफ्ती सलमान अजहरी को रिहा करने की भी मांग उठाई गई। मुहम्मद उवैस रजा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ दखल देकर गाजा में जंग रुकवाए और मुफ्ती सलमान अजहरी की रिहाई होनी चाहिए।

### दरगाह आला हजरत पर सजी महफिल

दरगाह आला हजरत पर ताजुश्शरिया का छठा उर्स दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां की सरपरस्ती और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सदारत में हुआ। दिन में दरगाह ताजुश्शरिया व दरगाह आला हजरत पर अकीदमंदों ने चादरपोशी की। सुबह को हुए कार्यक्रम में आसिम नूरी और हाजी गुलाम सुब्हानी ने नात व मनकबत का नजराना पेश किया। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि शाम 4 बजे मुख्य कार्यक्रम शुरू हुआ। शायर चांद रजा ने भी मनकबत का नजराना पेश किया। मुफ्ती अय्यूब खान नूरी, कारी अब्दुर्रहमान कादरी, मौलाना जाहिद रजा, मुफ्ती आकिल रजवी ने ताजुश्शरिया को खिराज पेश किया।

### आरएसी मुख्यालय पर सजी ताजुश्शरिया के उर्स की महफिल

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया रजा-ए-एक्शन कमेटी (आरएसी) के मुख्यालय बैतुर्रजा पर ताजुश्शरिया के उर्स की महफिल सजाई गई। नात और मनकबत के नजराने पेश किए गए और उलमा की तकरीर हुई। कुल की फातिहा से पहले नबीरा-ए-आला हजरत एवं आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने तकरीर में कहा कि ईमान और अकीदे की हिफाजत करते हुए जिंदगी गुजारना ही हुजूर ताजुश्शरिया को सबसे बड़ी खिराज-ए-अकीदत है। कार्यक्रम की सरपरस्ती अफरोज रजा कादरी और सदारत मौलाना अदनान मियां ने की। शहर से देहात तक आरएसी की टीमें दरगाह ताजुश्शरिया पर चादरें लेकर पहुंचीं। नबीरा-ए-आला हजरत अदनान मियां की तरफ से भी चादरपोशी की गई। आखिर में कुल की फातिहा हुई, जिसके बाद अदनान मियां ने खास दुआ की। अब्दुल्ला रजा कादरी, हाफिज इमरान रजा, मुफ्ती इरशाद, मौलाना सलीम रजा, मौलाना सैयद सफदर अली, मौलाना अमीर अहमद, मौलाना सैयद तारिक रजा, मौलाना सैयद अब्दाल रजा, नसीम बरकाती आदि मौजूद रहे।

### आरटीई : तीसरे चरण में 318 बच्चों का चयन

बरेली, अमृत विचार : आरटीआई (शिक्षा के अधिकार) के तहत तीसरे चरण में प्रवेश के लिए गुरुवार को लॉटरी निकाली गई। इसमें 318 बच्चों का प्रवेश के लिए चयन हुआ। स्कूलों में सीटें फुल होने की वजह से 31 बच्चों का प्रवेश नहीं हो पाएगा। तीसरे चरण में 723 आवेदन स्वीकार किए गए थे। विभागीय सूत्रों के मुताबिक चयनित बच्चों का आरक्षित स्कूलों में 23 मई तक प्रवेश कराया जाएगा। अब तक तीन चरणों में 6,852 अभिभावकों ने आवेदन किया था। इनमें से 4,483 आवेदनों का सत्यापन हुआ था और 967 निरस्त हुए थे। इसके अलावा पहले के दो चरणों में 3262 छात्रों का प्रवेश हुआ है जबकि 468 बच्चे निशुल्क शिक्षा से वंचित रह गए थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि लॉटरी के तहत चयनित बच्चों का दाखिला निर्धारित समय में स्कूलों में कराया जाएगा। इसके लिए पहले ही सभी स्कूलों को विशेष रूप से जरूरी दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।

## बच्चों को छात्रवृत्ति से किया सम्मानित




गीतांजलि स्कूल में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में बच्चे और शिक्षक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन इज्जतनगर की ओर से संचालित गीतांजलि जूनियर हाईस्कूल ऑफिस कॉलोनी की वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले आठ विद्यार्थियों को नरवों इज्जतनगर ने छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया। छात्रवृत्ति पाने वालों में आयुष, शशांक प्रताप सिंह, माही राजपूत, शुभम शर्मा, माहिरा, रिधिमा मेहता, आराध्या और रिया कुमारी शामिल हैं। स्कूल इंचार्ज आदिति यादव, नरवों की उपाध्यक्ष श्वेता गुप्ता, सचिव दिव्या यादव मौजूद रहीं। वहीं, गीतांजलि जूनियर हाईस्कूल रोड नंबर 4 और मॉडल जूनियर हाईस्कूल न्यू मॉडल कॉलोनी के बच्चों को वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 13 छात्र-छात्राओं को नरवों इज्जतनगर की सदस्य एवं इंचार्ज मरियम खान ने छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया।

# जिले में डायरिया- बुखार का प्रकोप अप्रैल में ओपीडी 40 हजार के पार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की भीड़। फाइल फोटो

**अमृत विचार :** जिले में डायरिया और बुखार का प्रकोप है। इस वजह से जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले महीने यानी अप्रैल में सबसे ज्यादा 40963 मरीज ओपीडी में पहुंचे थे। अगर यही स्थिति रही तो इस महीने भी मरीजों का आंकड़ा बढ़ने का अनुमान है। ओपीडी में हर रोज 10 फीसदी और आईपीडी में 20 फीसदी मरीज डायरिया और बुखार से ग्रसित मिल रहे हैं।

जिला अस्पताल के सभी बेड मरीजों से फुल चल रहे हैं। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में जनवरी से अब तक जिला अस्पताल में ओपीडी में 1 लाख 32 हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच चुके हैं। जनवरी में 22145, फरवरी में 38064, मार्च में 31412 और अप्रैल में सर्वाधिक 40963 मरीजों को ओपीडी में इलाज दिया गया है। यहां भर्ती होने वाले आईपीडी मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। जनवरी में 1089, फरवरी में 3008, मार्च में 2249 और अप्रैल में 2551 मरीज भर्ती हो चुके हैं।

- **जिला अस्पताल : ओपीडी में 10 और आईपीडी में 20 फीसदी मरीज डायरिया और बुखार के**

एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा के अनुसार बीते वर्षों की तुलना में इस वर्ष डायरिया और बुखार का प्रकोप अधिक है। ओपीडी में 10 फीसदी और आईपीडी में 20 फीसदी मरीज डायरिया और बुखार के सामने आ रहे हैं।

### स्कूल में संसद का गठन

बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत रोड स्थित पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरूवार को जूनियर व सीनियर विंग की इन्वेस्टिचर सेरेमनी का धूमधाम के साथ आयोजन किया गया। इस मौके पर नव निर्वाचित हेड गर्ल जिज्ञासा सिंह व हेड ब्वाय अजान पठान को स्कूल चेयरमैन पारूष अरोरा ने स्कूल फ्लैग और बैज प्रदान कर स्कूल संसद का दायित्व सौंपा। साथ ही वाइस कैप्टन को हाउस फ्लैग और बैज सौंप कर सदन का कार्यभार सौंपा गया। इससे पूर्व चेयरमैन, प्रधानाचार्य ममता सक्सेना, वाइस प्रिंसिपल शिवानी सूरी, कोआर्डिनेटर वैशाली गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन किया। इस मौके पर त्वंशिका कुंडले जूनियर हेड गर्ल, आदेश यादव हेडबॉय, जिज्ञासा सिंह सीनियर हेड, अजान पठान हेड बॉय, निम्रत कौर जूनियर स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल, प्रतीक पटेल स्पोर्ट्स कैप्टन बॉय, गौरी साहू सीनियर स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल, प्रणव मिश्रा कैप्टन ब्वॉय, अर्पिता जूनियर डिसिप्लिन इंचार्ज, इंचार्ज आलोक गुप्ता, सीनियर डिसिप्लिन इंचार्ज पारखी शर्मा, अंश गुप्ता सहित प्रत्येक हाउस के कैप्टन व वाइस कैप्टन को बैज देकर पदभार ग्रहण कराया। कार्यक्रम का संचालन सुरची सिंह ने किया। पीटीआई कपिल भाटिया, सुमित शर्मा, शिल्पी गंगवार आदि लोग उपस्थित रहे।

## आर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष बने डॉ. पागरानी



कार्यक्रम में मौजूद आर्थोपेडिक एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली आर्थोपेडिक एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को शहर के एक होटल में स्टालेशन सेरेमनी, वार्षिक आम बैठक और नई टीम के पदभार ग्रहण का कार्यक्रम हुआ। वर्ष 2024-25 के लिए डॉ. विनोद पागरानी को एसोसिएशन का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने पदभार ग्रहण करते हुए सर्जरी वर्कशॉप के संबंध में जानकारी दी।

बताया कि वर्ष 2022 में जो आर्थोप्लास्टी कोर्स कराया गया था, उसमें एसोसिएशन को करीब 10 लाख रुपयों की बचत हुई थी। उन्होंने उसका ब्योरा रखा। बताया कि उनकी अध्यक्षता में एक दल काठमांडू में पशुपति नाथ मंदिर के दर्शन के लिए इसी वर्ष जाएगा। डॉ. आलोक शर्मा ने पिछले वर्ष के कार्यों और कोषाध्यक्ष डॉ. प्रवीन अग्रवाल ने वित्तीय ब्योरा रखा। डॉ. एस के कौशिक ने अध्यक्षीय भाषण दिया। इस दौरान अन्य पदों पर भी सदस्य चुने गए। डॉ. एसके कौशिक, डॉ. सत्येंद्र सिंह, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ वीके खेतान, डॉ. रविन्द्र सिंह, डॉ. नीरव आनंद सिंह, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. सुमित मेहरा, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ उत्कल गुप्ता, डॉ आलोक सिंह, डॉ. मनोज हिरानी, डॉ. रवि मेहरा, डॉ. आरजी शर्मा आदि मौजूद रहे।

- **एसोसिएशन के कार्यों के साथ वित्तीय ब्योरा रखा गया, नई टीम ने पदभार ग्रहण किया**

### 12 वीं पास छात्रों के लिए माध्यमिक स्कूलों में करियर काउंसिलिंग

बरेली, अमृत विचार : 12 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में करियर काउंसिलिंग की व्यवस्था की गई है। इसके लिए विद्यालय स्तर पर हफ्ते में एक दिन का निर्धारण कर दिया गया है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में काउंसलिंग के लिए शनिवार का दिन निर्धारित किया गया है। अफसरों के अनुसार विद्यार्थियों को पंख एप के जरिये विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों से रूबरू कराया जा रहा है, ताकि 12 वीं के बाद छात्र अपनी रूचि के अनुसार मनचाहे क्षेत्र में भविष्य बना सकें। जिले भर में एप संचालन को लेकर इनायत पुर स्थित राजकीय हाईस्कूल की प्रधानाचार्य कुसुम लता को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि इस एप में सभी विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों के वीडियो भी उपलब्ध हैं। इससे छात्रों को 12 वीं के बाद विषय चयन या विषय से संबंधित आने वाली दिक्कतों के बारे में आसानी से पता चल सकता है। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि एप के जरिए स्कूलों में करियर काउंसलिंग शुरू कराई जा रही है।

## एफरेसिस मशीन नहीं हो सकी इंस्टाल, रक्तदाता परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जिला अस्पताल में एक साल से एफरेसिस मशीन पेईंग वार्ड में धूल फांक रही**
- **डोनर के ब्लड से प्लेटलेट अलग कर खून को शरीर में वापस कर देती है मशीन**

अमृत विचार जिला अस्पताल में एक साल से एफरेसिस मशीन पेईंग वार्ड में धूल फांक रही रही है। अस्पताल प्रशासन की अनदेखी के कारण अभी तक मशीन का इंस्टालेशन नहीं हो सका है। डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स की जरूरत होती है। यह मशीन डोनर के ब्लड से प्लेटलेट अलग कर खून को शरीर में वापस भेजने का काम करती है, लेकिन ब्लड बैंक में मशीन का संचालन न होने के कारण अगर कोई डोनर खून देता है तो उसे दोबारा रक्तदान करने के लिए तीन महीने का इंतजार करना पड़ता है।

एक साल पहले जिला अस्पताल में यह मशीन भेजी गई थी। इस मशीन का काम खून से प्लेटलेट्स और प्लाज्मा को अलग करना है, ताकि समय की बचत हो। इसमें प्लेटलेट अलग करने के बाद रक्त डोनर के शरीर में ही रह जाएगा, जिससे वह 15 दिन के अंदर दोबारा रक्तदान कर सकता है, लेकिन मशीन का संचालन न होने के कारण डोनर तीन महीने के बाद ही दोबारा रक्तदान कर सकता है। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि ब्लड बैंक में सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। इस वजह से मशीन इंस्टाल नहीं हो सकी है। जल्द इसका संचालन कराया जाएगा।

### अरोमा मिशन के तहत एमओयू पर हस्ताक्षर किए



बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर एरोमैटिक एंड एलाइड केमिकल्स (पी) लिमिटेड ने सीएसआईआर सीमैप के साथ अरोमा मिशन के तहत एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कंपनी के प्रबंध निदेशक गौरव मित्तल और कार्यालय सहयोगी विष्णु कांत मिश्रा ने सीएसआईआर - सीमैप के साथ लखनऊ में इस प्रकिया को संपन्न कराया। प्रबंध निदेशक ने कहा कि हम देश के आदिवासी क्षेत्रों में काम करेंगे और उनका विकास करेंगे। किसानों की आय बढ़ाएंगे। कंपनी का उद्देश्य सुगंधित फसलों को बेहतर कर लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है।

### महिंद्रा की थ्रीएक्सओ हुई लांच, 26 से डिलीवरी



बरेली/सीबीगंज, अमृत विचार : रामपुर रोड स्थित महालक्ष्मी मोटर्स के शोरूम पर महिंद्रा एंड महिंद्रा की एक्सयूवी का थ्रीएक्सओ माडल लांच किया गया। महापौर डा. उमेश गौतम ने गाड़ी की लांचिंग की। महालक्ष्मी मोटर्स के निदेशक अनिल अग्रवाल ने बताया कि थ्रीएक्सओ कंपैक्ट एक्सयूवी सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगी। एक्सयूवी थ्रीएक्सओ आकर्षक डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर, आरामदायक सवारी, अत्याधुनिक तकनीक और बेजोड़ सुरक्षा का मिश्रण है। शोरूम की जीएम इमराना खान ने बनाया कि 15 मई से गाड़ी की बुकिंग शुरू हो गई है। 26 मई से डिलीवरी शुरू हो जाएगी। अजय शुक्ला, अनिल अग्रवाल, योगेश गोयल, अतुल कपूर, प्रभात कुमार, राजीव अग्रवाल, अनुपम कपूर, अमित मौर्या, कुलदीप सक्सेना, संगीता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा. आर. एस. सिंह

B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)

स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरुस्ती प्राप्त करें।

मोटे होने का रामबाण इलाज

नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें

विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रुकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलापन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व बादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्याऐं

छिपाएं नहीं बताएं या मिलें

स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी

● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार
09 जून 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


## दहेज में 10 लाख रुपये नहीं दे पाई तो पति ने दिया तीन तलाक

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज में 10 लाख रुपये ने देने पर महिला को पति ने तीन तलाक दे दिया। महिला की शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर सुभाषनगर थाना पुलिस ने पति, सास, ससुर और दो ननदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव करगैना निवासी नरगिस ने बताया कि उनकी शादी भोजीपुरा गांव लक्ष्मनियापुर निवासी अब्दुल हसन से 6 जून 2021 को शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति अब्दुल हसन, ससुर रहीमउददीन, सास फरमूदन, ननद शमा और नरगिस दहेज कम देने का ताना देते थे। आरोप है कि दहेज में 10 लाख रुपये की मांग की और पूरी न होने पर गालीगलौज और मारपीट करते थे। बच्चा न होने के कारण भी परेशान करते थे। जब दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

# प्रीति बनी रुबीना की प्रमोद से शादी, बोली- हलाला का था डर

## रुबीना को पति ने दोनों बच्चे खुद रखकर दे दिया था तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मथुरा की तीन तलाक पीड़िता रुबीना धर्म परिवर्तन कर प्रीति बन गई। बुधवार को उसने बदायूं के गांव गभिया सहराई में रहने वाले आठ साल छोटे प्रमोद के साथ शादी भी कर ली। रुबीना के मुताबिक प्रमोद से उसकी जान पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी।

मथुरा में वृंदावन बांगर काशीराम कॉलोनी की रहने वाली रुबीना ने बताया कि उसने अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन कर हिंदू धर्म अपना लिया है। उसने बताया कि उसका एक बेटा छह और दूसरा तीन साल का है। दोनों बच्चों को अपने पास रखकर उसके पति ने कुछ महीने



पहले उसे तीन तलाक दे दिया था और घर से निकाल दिया था। इसके कुछ समय बाद ही प्रमोद से उसका संपर्क हुआ। प्रमोद ने उसके नंबर पर मिस कॉल की थी। उसने उसे कॉल बैक किया तो दोनों में बातचीत शुरू हो गई। कुछ समय संपर्क में रहने के बाद दोनों नजदीक आ गए तो शादी का फैसला कर लिया। प्रमोद कश्यप रुबीना से करीब आठ साल छोटा है। उसके परिजनों ने भी इस शादी पर कोई एतराज नहीं किया। शादी से पहले पं. केके शंखधार ने रुबीना का शुद्धिकरण किया और फिर दोनों का विवाह कराया।

### हलाला के लिए दबाव बना रहा था पति, सुनकर कांप जाती थी रुह

रुबीना उर्फ प्रीति ने बताया कि पति ने दोनों बच्चों को अपने पास रखकर उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। बताया कि तीन तलाक के बाद उस पर हलाला का दबाव बनाया जा रहा था। हलाला का नाम सुनकर उसकी रुह कांप जाती थी। यह बात मैंने मायके वालों को भी बताई।

# आरोप : ससुराल वालों ने विवाहिता की पथरी के बहाने किडनी निकलवा ली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी के आदेश पर पति समेत ससुराल के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- महिला ने तीन लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर बच्चा छीनने का भी लगाया आरोप

**अमृत विचार :** एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर पथरी के बहाने अस्पताल से साठगांठ कर किडनी निकलवाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि दहेज में तीन लाख रुपये न देने पर बच्चा छीनकर घर से निकाल दिया। एसएसपी के आदेश पर महिला थाना पुलिस ने ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पीलीभीत के जहानाबाद निवासी पूजा ने बताया कि उसकी शादी 19 जून 2017 को शीशगढ़ के गांव बल्ली निवासी हरीश के साथ हुई थी। शादी के बाद पति हरीश, ससुर नत्थूलाल, सास फूला देवी, जेठ प्रेमपाल, देवर अवधेश उर्फ अनिल कम दहेज लाने का ताने देकर मारपीट करने लगे। कुछ समय बाद उसे बेटी हुई लेकिन इसके बाद भी ससुराल वाले नहीं बदले। दहेज में तीन लाख रुपये मांगे। वर्ष 2018 में उसके पेट में दर्द हुआ। आरोप है कि पति हरीश ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और वहां गुर्दे में पथरी का ऑपरेशन कराया गया। आरोप है कि आपरेशन के आठ दिन बाद ड्रेसिंग कराने के बहाने उसे अस्पताल लाया गया। यहां डाक्टर से साठगांठ करके उसकी किडनी निकलवा दी और उसे इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। बाद में उसे इसका पता चला। 27 जनवरी 2024 को ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसकी शिकायत उसने शीशगढ़ पुलिस से की। पुलिस ने समझा-बुझाकर उसे ससुराल भेज दिया। इसके बाद ससुराल वालों ने 16 अप्रैल को फिर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। 21 अप्रैल को हरीश ने अपनी बहन की शादी के बहाने से बुलाया और बच्ची को छीन लिया। एसएसपी के आदेश पर पति हरीश बाबू, ससुर नत्थूलाल, सास फूला देवी, देवर प्रेमपाल व अवधेश के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

## छत का जाल काटकर 17 हजार रुपये चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** किला के चौधरी मोहल्ले में चोरों ने छत का जाल काटकर घर से 17 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौधरी मोहल्ला निवासी संजय कुमार 9 मई को अपनी पत्नी के साथ कोटा बेटे के घर गए थे। मोहल्ले के लोगों ने उन्हें 13 मई को फोन कर बताया कि उनके घर की छत का जाल टूटा पड़ा है। इस पर उन्होंने अपनी बेटी और दामाद को सूचना दी। दोनों ने मौके पर जाकर देखा तो जाल में एक सब्बल फंसा हुआ मिला। 15 मई को संजय घर लौट आए। उन्होंने घर खोला तो अंदर के सारे तालों के कुंडे टूटे हुए मिले। अलमारी में रखे पर्स से 12 हजार रुपये गायब थे। इसके अलावा बच्ची की मिट्टी की गुल्लक में रखे पांच हजार रुपये चोर ले गए। संजय ने किला थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। संजय ने मोहल्ले के ही दो युवकों पर शक जताया है।


जड़ से इलाज तुरन्त आराम

नाइस चिकित्सालय

बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में

जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें

इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।

परामर्श निःशुल्क

डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।

मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक

पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।

डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)

सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136



प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**विधि संवाददाता, बरेली :** युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी बारादरी बुखारपुरा निवासी करन कुमार की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश हरेन्द्र बहादुर सिंह ने खारिज कर दी। सरकारी वकील रीतराम राजपूत ने बताया कि पीड़िता ने थाना बारादरी में 24 फरवरी को तहरीर देकर बताया कि करन कुमार शातिर प्रवृत्ति का व्यक्ति है। वह लिव इन रिलेशनशिप के नाम पर उसे 28 जुलाई 2023 से अलग अलग शहरों में घुमाता रहा। आरोप है कि उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके अलावा उसने दोस्तों से भी उसका दुष्कर्म कराया। आरोप है कि चीखने पर उसे नशे का इंजेक्शन देकर सुला दिया जाता था। इस काम में करन के पिता राजेन्द्र कुमार और उसकी दो बहनें मदद करती थीं। उसे बंधक बनाकर कमरे में रखा गया। आरोपी बुखारपुरा क्षेत्र में भी उसका सामूहिक दुष्कर्म करवाते रहे। तीन महीने की गर्भवती होने पर गर्भपात करा दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी।

## हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी नामंजूर

**विधि संवाददाता, बरेली :** युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी शेरगढ़ ग्राम मोहम्मदपुर निवासी ओमप्रकाश की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार यादव ने खारिज कर दी। सरकारी वकील पंकज कुमार ने बताया कि करन ने थाना शेरगढ़ में तहरीर देकर बताया कि गांव के जसपाल, भानुप्रताप, चन्द्रपाल और देवीदास ने उसके पिता की पैतृक भूमि कब्जा कर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। इसी रंजिश के चलते 22 नवंबर 2023 की शाम पंचायत की बात कहकर जसपाल, चन्द्रपाल भाई धर्मेन्द्र को बुलाकर ले गए। जब भाई नहीं लौटा तो तलाश की। गांव के बाहर किच्छा नदी के किनारे गन्ने के खेत के किनारे भाई मृत अवस्था में पड़ा था। शरीर पर चोट और सिर में गोली का निशान था। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया था। विवेचना में रवि गंगवार और ओमप्रकाश का नाम प्रकाश में आया था।

## महिला अधिवक्ता से मारपीट, रंगदारी भी मांगी

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाष नगर थाना क्षेत्र में महिला अधिवक्ता ने पड़ोसियों पर अपहरण और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने 11 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्वाले वाली गली निवासी महिला अधिवक्ता बबिता सिंह ने बताया कि उनका पड़ोसियों से विवाद चल रहा है। उन्होंने अपहरण, मारपीट, एससीएसटी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि आरोपी मुकदमा वापस लेने और हर महीने 10 हजार रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। आरोप है कि 3 मार्च को पड़ोस में रहने वाली राधा, कोमल, सरोज, सलोनी, सुमित, साक्षी, मंजू, मोनू, राजा, सोमन और सेट्ठी छत पर थीं। जब वह मां के साथ छत पर गईं तो सभी उनपर ईंट-पत्थर फेंकने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किए। विरोध पर कुछ लोगों ने तमंचे से फायरिंग कर दी। उन्होंने मामले की शिकायत थाने में की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी ने सीओ से जांच कराई। एसएसपी के आदेश पर सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने जेब से मिले कागजों के आधार पर शिनाख्त करके परिजनों को सूचना दी। भमोरा थाना क्षेत्र के धनोरा गांव निवासी राजेश सुभाषनगर में किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था। बुधवार की देर रात वह किसी काम से जा रहा था, तभी करेली पुलिया के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे की सूचना पर पहुंची सुभाषनगर पुलिस को उसकी जेब से कागज मिले। इसी आधार पर उसकी पहचान की गई।

## किशोरी की फोटो से इंस्टाग्राम पर बनाई फेक आईडी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र की एक किशोरी का फोटो इंस्टाग्राम पर लगाकर फेक आईडी बना ली। फेक आईडी से उसके परिचितों को भी फालो किया जा रहा है, जिससे उसकी बदनामी हो रही है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। 15 साल की किशोरी ने बताया कि उसने एक इंस्टाग्राम आईडी पर अपना फोटो देखा। उसके फोटो के साथ छेड़छाड़ की गई थी। फेक आईडी से उसके सभी परिचितों को फालो किया जा रहा है। इससे वह परेशान है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में नामांकन के दौरान दो दिन प्रवास करने के एक दिन बाद ही फिर से उत्तर प्रदेश में खासतौर पर पूर्वांचल के रण में हल्ला बोल दिया है। तपती-चुभती भीषण गर्मी की परवाह किए बिना मोदी ने गुरुवार को चार लोकसभा क्षेत्रों प्रतापगढ़, आजमगढ़, जौनपुर (मछली शहर) और भदोही में रैलियां करके बता दिया कि इस बार यहां वह कोई सीट खोना नहीं चाहते हैं। माना जा रहा है कि इन चार सभाओं से मोदी ने करीब एक दर्जन लोकसभा सीटों को साधने का प्रयास किया। जौनपुर से 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव ने जीत दर्ज की थी, तो मछली शहर में भाजपा के बीपी सरोज को 181 वोट के मामूली अंतर से जीत मिली थी। पूर्वांचल में आजमगढ़ के बाद जौनपुर को ही सपा का गढ़ माना जाता है। ऐसे में आजमगढ़ और जौनपुर में जीत के समीकरण साधने के साथ ही मोदी ने आसपास की चार और लोकसभा सीटों पर भी अपना संदेश फैला दिया है। प्रतापगढ़ से सुल्तानपुर और कौशांबी, अमेठी, रायबरेली और जौनपुर की सीमा लगती है। इसी तरह भदोही में जहां मोदी की सभा हुई वहां से वाराणसी, फूलपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर और जौनपुर लोकसभा क्षेत्र की दूरी केवल 35 किमी ही थी।

# पूर्वांचल का रण जीतने के लिए भाजपा ने शुरू की चढ़ाई


**2019**
में पूर्वांचल की 26 लोकसभा सीटों में भाजपा 17 पर ही जीत पाई थी चुनाव

## मुकाबला कांटे का

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल की चुनावी जंग जातीय समीकरणों के लिहाज से कठिन मानी जाती है। प्रदेश के इस हिस्से में जातियों का प्रभाव बहुत ज्यादा है। भाजपा ने इसे भांपते हुए ही प्रदेश में अपने लिए जिन चार सहयोगियों को चुना था, उनमें लोकदल को छोड़कर सुभासपा, अपना दल और निषाद पार्टी इसी इलाके से आती हैं। इसके बावजूद पिछली बार सात सीटों पर मिली हार को देखते हुए पीएम मोदी ने इस बार खुद आगे बढ़कर मोर्चा संभाल लिया है।

माना जा रहा है कि मोदी का पूरा फोकस अब पूर्वांचल क्षेत्र में ही रहने वाला है। तीन-चार दिनों के अंतर से वह पूर्वांचल के रण में फिर से धावा बोल सकते हैं, इसकी एक वजह इसी क्षेत्र में आने वाली उनकी वाराणसी सीट भी है, जिस पर सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है।






### सपा और बसपा ने कमजोर सीटों पर बिछाया है जातीय समीकरण का मजबूत जाल

- पूर्वांचल में 11 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर सपा और बसपा जीत नहीं हासिल कर सकी है। सपा को वाराणसी, बस्ती, संत कबीर नगर, कुशीनगर और भदोही में जीत नहीं नसीब हुई है, जबकि बसपा वाराणसी, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, बासगांव और बलिया में जीत हासिल करने से दूर है। इस बार दोनों दलों ने अपनी कमजोर सीटों पर जातीय चक्रव्यूह का मजबूत ताना-बाना बुना है।

### प्रदेश में 80% लेकिन पूर्वांचल में स्ट्राइक रेट था 65%

- पूर्वांचल में कुल 26 लोकसभा सीटें आती हैं। 2019 में भाजपा इन 26 में 17 सीटों पर ही चुनाव जीत पाई थी। दो सीटों राबट्‌र्सगंज और मिर्जापुर पर उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने जीत हासिल की थी, जबकि गाजीपुर, घोसी, आजमगढ़, लालगंज, श्रावस्ती, जौनपुर समेत सात लोकसभा सीटों पर सपा-बसपा का गठबंधन बाजी मारने में कामयाब रहा था। पूर्वांचल में भाजपा का स्ट्राइक रेट 65 फीसदी था, जो कि प्रदेश के ओवर आल स्ट्राइक रेट 80 फीसदी से काफी नीचे था। ऐसे में मिशन-80 और 400 पार के लिए इस बार भाजपा को यूपी में भी दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल और गुजरात जैसे 100 फीसदी सफलता वाले स्ट्राइक रेट की जरूरत है।
- साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आजमगढ़, लालगंज, घोसी, गाजीपुर, जौनपुर, श्रावस्ती और अंबेडकर नगर सीट पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। इनमें आजमगढ़ से सपा जबकि अन्य जगह बसपा के सांसद चुने गए थे। इस बार माना जा रहा है कि ज्यादातर सीटों पर भाजपा की लड़ाई इंडिया गठबंधन में सपा-कांग्रेस के गठजोड़ से है। जानकार भदोही सीट को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला बता रहे हैं। भदोही सीट पर भाजपा और टीएमसी में सीधी लड़ाई है। सपा ने यह सीट टीएमसी के लिए छोड़ी थी। टीएमसी से यहां ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनके लिए सभा करने आने वाली हैं।

- वाराणसी में दो दिन प्रवास के एक दिन बाद ही चार रैलियां करके पीएम मोदी ने धावा बोला
- दो सीटों राबट्‌र्सगंज और मिर्जापुर में भाजपा की सहयोगी अपना दल (एस) को मिली थी 2019 में जीत
- गाजीपुर, घोसी, आजमगढ़, लालगंज, श्रावस्ती और जौनपुर में सपा-बसपा गठबंधन ने मारी थी पिछली बार बाजी

### पिछली बार था 50-50 का स्कोर, चार रैलियों से जीत की गारंटी का भरा जोश

इस बार भाजपा ने आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, प्रतापगढ़ से सांसद संगमलाल गुप्ता, मछली शहर से सांसद बीपी सरोज, लालगंज सीट पर पिछली बार हारीं नीलम सोनकर, जौनपुर से कृपाशंकर सिंह और भदोही से अपने सांसद रमेश बिंद की जगह विनोद कुमार बिंद को चुनावी मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में भाजपा इन छह लोकसभा सीटों में तीन पर ही जीत हासिल कर सकी थी। हालांकि 2022 में हुए उपचुनाव में आजमगढ़ सीट जीत ली थी। इस तरह से चार सीटों पर उसका कब्जा है और दो सीटें बसपा के पास हैं। गुरुवार को चार रैलियां करके पीएम मोदी इन सभी छह सीटों पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जीत का जोश भर दिया है।


# आखिर कितनी सीटों पर होगा धनंजय और राजा भैया के फैसलों का असर

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पूर्वांचल की जातीय सियासत में ओबीसी, दलित और सवर्ण तीनों वोटर अहम भूमिका में रहते हैं। इसके आधार पर ही इस बार भी यहां भाजपा, सपा और बसपा ने अपनी चुनावी बिसात बिछा रखी है। इसी क्रम में भाजपा ने अपना जातीय गणित दुरुस्त करते हुए जौनपुर में बाहुबली धनंजय सिंह का साथ हासिल कर लिया है। धनंजय ने जौनपुर और मछलीशहर सीट पर भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है, लेकिन प्रतापगढ़ में राजा भैया का साथ भाजपा को नहीं मिल सका है। कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' ने अपने समर्थकों को अपनी पसंद से वोट देने के लिए कहा है। इससे जानकार भाजपा के लिए प्रतापगढ़ और कौशांबी सीट पर राह थोड़ी मुश्किल भरी होना मान रहे हैं। लेकिन धनंजय सिंह के खुले समर्थन से कयास हैं कि जौनपुर के साथ ही पूर्वांचल की कई सीटों पर भाजपा को फायदा हो सकता है। धनंजय का अपनी ठाकुर बिरादरी में खासा प्रभाव है। जौनपुर में दो लाख से ज्यादा ठाकुर वोट हैं। धनंजय के समर्थन से पिछली बार जौनपुर सीट हारने वाली भाजपा अब राहत महसूस कर रही है। जौनपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार ठाकुर उम्मीदवारों को ही जीत मिली है। इस बार यहां भाजपा के कृपाशंकर सिंह का सपा-कांग्रेस गठबंधन के बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा के सांसद श्याम सिंह यादव से मुकाबला है। जानकारों की माने तो जौनपुर के अलावा प्रतापगढ़, गाजीपुर, बलिया, अयोध्या, भदोही, चंदौली, मछलीशहर, घोसी, सोनभद्र और वाराणसी सीटों पर भी ठाकुर मतदाता अच्छी संख्या में हैं।

**सपा उठा सकती फायदा?:** कौशांबी से सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने भी राजा भैया से मुलाकात की थी। बताते हैं, 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज की आपत्तिजनक टिप्पणी पर राजा भैया के कानूनी सलाहकार ने मानहानि का मुकदमा दाखिल किया था। पिता-पुत्र ने राजा भैया से समर्थन मांगते हुए पुराने गिले शिकवे भूलने की बात कही थी। सपा सूत्रों की माने तो जनसत्ता दल के मुखिया ने पुरानी बात का भुला दिया है। कौशांबी में भाजपा ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा से शुभ नारायण गौतम चुनाव लड़ रहे हैं। सपा प्रत्याशी 25 साल के पुष्पेंद्र सरोज लंदन से पढ़कर लौटे हैं। कौशांबी (सुरक्षित) लोकसभा की कुंडा और बाबागंज विधानसभा प्रतापगढ़ जनपद में आती हैं। इन दोनों विधान सभा क्षेत्र में राजा भैया का दबदबा चलता है।


विधायक रघुराज प्रताप सिंह।


बाहुबली धनंजय सिंह।

### ... जब जन सत्ता दल से बनते-बनते रह गई बात

धनंजय सिंह के साथ ही भाजपा कुंडा के विधायक और जनसत्ता दल के संस्थापक राजा भैया का भी समर्थन हासिल करना चाहती थी, लेकिन यह काम उससे मैनेज नहीं हो पाया। दावा किया है जा रहा है कि इसके पीछे राजा भैया की भाजपा के कौशांबी से सांसद विनोद सोनकर से कथित तौर पर नाराजगी रही। हालांकि भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के साथ कौशांबी से भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने राजा भैया से मिलकर समर्थन मांगा था। इससे पहले राजा भैया की गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात हुई थी।

# लालू की बेटियां दिखा पाएंगी कमाल

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की दो बेटियां मीसा भारती पाटिलपुत्र व रोहिणी आचार्य सारण लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। मीसा का यह तीसरा चुनाव है, वह दो बार हार चुकी हैं, जबकि सिंगापुर से आयीं रोहिणी राजनीतिक पारी शुरू कर रही हैं। सारण सीट पर भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी का मुकाबला राजद की रोहिणी आचार्य से है। सारण सीट पर रोहिणी के पिता लालू प्रसाद और मां पूर्व सीएम राबड़ी देवी को हार का स्वाद चखना पड़ा था, ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या रोहिणी उन दोनों की हार का बदला ले पाएंगी। सारण से लालू प्रसाद यादव 1977, 1989, 2004 और 2009 में चार बार सांसद रह चुके हैं। भाजपा के राजीव प्रताप रूडी भी यहां से चार बार 1996, 1999, 2014 और 2019 में चुनाव जीत चुके हैं। रूडी इस बार पांचवी जीत के साथ लगातार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। 2009 के चुनाव में रूडी ने लालू प्रसाद यादव ने हराया था। 2014 में रूडी ने लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को भी हरा दिया था। 2019 में उन्होंने राजद के चंद्रिका राय को एक लाख से अधिक वोटों से मात दी थी। राजद ने रोहिणी के लिए ताकत झोंक रखी है। लालू प्रसाद कई बार प्रचार करने आ चुके हैं।


मीसा भारती।


रोहिणी आचार्य।

- **सारण में पिता लालू प्रसाद और मां राबड़ी देवी की हार का बदला ले पाएंगी रोहिणी आचार्य**

**दो चुनाव हार चुकी हैं मीसा भारती :** पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर भी दिलचस्प मुकाबला हो रहा है। यहां से तीसरी बार राम कृपाल यादव और लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती आमने-सामने हैं। मीसा ने 2014 और 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। दोनों बार भाजपा के रामकृपाल यादव ने शिकस्त दी थी। इस बार भी मीसा भारती के खिलाफ रामकृपाल यादव ही मैदान में हैं। हालांकि इस बार असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी की एंट्री से समीकरण बिगड़ गए हैं। ओवैसी ने यहां इंजीनियर फारुख रजा को मैदान में उतारा है। वह पूर्व में राजद से जुड़े रहे हैं। पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर करीब 17 लाख मतदाताओं में सबसे ज्यादा यादव हैं, जिनकी संख्या करीब चार लाख है। भूमिहार मतदाता तीन लाख, एक लाख से अधिक ब्राह्मण, पौने दो लाख कुर्मी और डेढ़ लाख मुस्लिम और बाकी दलित व अन्य मतदाता हैं।

### जीत की अरदास


पंजाब में प्रचार के लिएपहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पहुंचकर माथा टेका और चुनावी सफलता की कामना की।

# हावड़ा में फुटबालर प्रसून बनर्जी चौका लगाने की कोशिश में जुटे

चुनाव डेस्क

**अमृत विचारः** हावड़ा लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय संघर्ष का मैदान बन गया है। भाजपा से डॉ. रथिन चक्रवर्ती और सीपीआई (एम) के सब्यसाची चटर्जी का मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के सांसद प्रसून बनर्जी से हो रहा है। हावड़ा को कोलकाता का जुड़वां शहर माना जाता है। यहां स्थित हावड़ा ब्रिज या रवींद्र सेतु दुनिया में अपनी तरह का छठा सबसे लंबा पुल है। फुटबॉलर प्रसून बनर्जी ने 2013 में टीएमसी सांसद अंबिका बनर्जी की मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में यहां जीत हासिल की थी और तब से उन्होंने इस सीट पर कब्जा जमा रखा है। हावड़ा घनी आबादी वाला काफी हद तक अनियोजित इलाका है। एक समय में यहां तमाम लौह ढलाई के कारखाने थे जिनमें विभिन्न राज्यों के लोग कार्यरत थे। हावड़ा लोकसभा सीट पर 25 फीसदी से अधिक गैर-बंगाली मतदाता हैं, जो राजस्थान, बिहार या उत्तर प्रदेश से आकर यहां बसे हैं। हावड़ा के सात विधानसभा क्षेत्रों बाली, हावड़ा उत्तर, हावड़ा मध्य, शिबपुर, हावड़ा दक्षिण, सांकराइल और पंचला सभी पर टीएमसी का कब्जा है। 2019 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी 5,76,711 वोट पाकर जीते थे। भाजपा के रंतिदेव सेनगुप्ता 4,73,016 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे। सीपीआई (एम) के सुमित्रो अधिकारी 1,05,547 वोट तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी ने सीपीएम के श्रीदीप भट्टाचार्य को हराया था। प्रसून बनर्जी को 488461 वोट जबकि सीपीएम के भट्टाचार्य को 291505 वोट मिले थे। भाजपा ने 22.05 फीसदी वोट पाए थे, जबकि कांग्रेस 5.62 फीसदी वोट पर ही सिमट गई थी।

# झारखंड में सीटें बचाने की चुनौती के लिए छिड़ा संग्राम

## पांचवें चरण में हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में पड़ेंगे वोट

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचारः** झारखंड में भाजपा लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की तीनों सीटें बरकरार रखने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है। राज्य में लोकसभा की तीन सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट के उपचुनाव में भी 20 मई को मतदान होगा। गांडेय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन झामुमो उम्मीदवार के रूप में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाए हैं। गांडेय विधानसभा सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। सरफराज अब झामुमो से राज्यसभा के सदस्य हैं। इस बार के चुनाव में जहा कांग्रेस एक बार फिर से झामुमो और राजद के साथ गठबंधन में लड़ रही है, वहीं भाजपा को ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (एजेएसयू) समर्थन दे रही है।

### हजारीबाग को कांटे के संघर्ष में मिलेगा इस बार नया चेहरा

हजारीबाग लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा करते थे। बाद में उनके बेटे जयंत सिन्हा दो बार इस सीट से जीतकर केंद्रीय मंत्री बने। लेकिन 1998 के बाद यह पहला चुनाव है जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय वित्त और विदेश मंत्री रहे तथा विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने वाले यशवंत सिन्हा के परिवार का कोई भी सदस्य इस सीट से चुनाव नहीं लड़ रहा है। 2009 से हज़ारीबाग में भाजपा जीत रही है। 2009 में यशवंत सिन्हा के जीतने के बाद उनके बेटे जयंत सिन्हा ने 2014 और 2019 में दो बार जीत हासिल की थी। 2019 में जयंत सिन्हा ने कांग्रेस उम्मीदवार गोपाल प्रसाद साहू को 4,79,548 वोटों के बड़े अंतर से हराया था। उन्हें 67.42% यानी 7,28,798 वोट मिले थे। इतनी बड़ी जीत के बाद भी भाजपा ने जयंत के स्थान पर मनीष जयसवाल को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है, जो इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल का मुकाबला कर रहे हैं। कुर्मी उप-समुदाय के नेता जय प्रकाश पटेल झामुमो के सह-संस्थापक टेक लाल महतो के पुत्र हैं। पहले वह झामुमो में थे लेकिन बाद में भाजपा में चले गए और लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जयप्रकाश पटेल ने कांग्रेस में जाने के लिए हज़ारीबाग सीट के मांडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इस बार दोनों प्रत्याशी नए होने से यह तय है कि हज़ारीबाग की जनता को सांसद के रूप में नया चेहरा मिलेगा। फिलहाल यहां करीबी संघर्ष होते नजर आ रहा है। इसकी वजह पटेल का मांडू से पूर्व विधायक होना है, वह तीन बार इस विधानसभा से जीत चुके हैं। कांग्रेस ने आखिरी बार यह सीट 1984 में जीती थी जब दामोदर पांडे ने सीपीआई उम्मीदवार को हराया था।


मनीष जयसवाल।


जय प्रकाश भाई पटेल।

### चतरा में ओबीसी, एससी-एसटी वोटर तीन चौथाई, मुकाबला ब्राह्मण और भूमिहार में

चतरा लोकसभा सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एसटी) का वर्चस्व है। तीनों समुदायों का संयुक्त रूप से 75% से अधिक वोट शेयर है, लेकिन यहां मुकाबला भूमिहार और ब्राह्मण उम्मीदवारों के बीच हो रहा है। इस बार दोनों प्रत्याशी स्थानीय होने से इतना तय है कि पहली बार कोई स्थानीय व्यक्ति चतरा का सांसद बनेगा। भाजपा ने अपने दो बार के सांसद सुनील कुमार सिंह, जिन्होंने 2014 और 2019 में चतरा सीट जीती थी, के स्थान पर भूमिहार जाति से आने वाले कालीचरण सिंह को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने भी पिछला चुनाव हारने वाले मनोज कुमार यादव की जगह ब्राह्मण नेता पूर्व मंत्री कृष्णनंदन त्रिपाठी पर दांव लगाया है। भाजपा प्रत्याशी शिक्षक कालीचरण को चुनाव लड़ने का अनुभव नहीं है। वह प्रधानमंत्री की लोकप्रियता के सहारे जीत की उम्मीद लगाए हैं। वह पीएम का चेहरा आगे करके स्थानीय समीकरण साधके हुए कैडर वोट एकजुट करने में लगे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार जातीय समीकरण और राजद के वोटरों को साथ रखते हुए गुटबाजी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि बसपा से पूर्व सांसद नागमणि के मैदान में उतरने से कुर्मी-कोइरी वोट में सेंधमारी की संभावना है। बिहार के रहने वाले नागमणि अविभाजित बिहार के समय 1999 में लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। चतरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र सिमरिया, चतरा, मनिका, लातेहार और पांकी शामिल हैं।


अन्नपूर्णा देवी।


विनोद सिंह।


जय प्रकाश वर्मा।

### कोडरमा में त्रिकोणीय संघर्ष में फंसीं केंद्रीय मंत्री

कोडरमा लोकसभा सीट पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी लगातार दूसरी बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में बगोदर से तीन बार के विधायक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह के खिलाफ मैदान में हैं। यहां झामुमो के बागी नेता पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने मुकाबले को लगभग त्रिकोणीय बना दिया है। कोडरमा को अगर भाजपा का गढ़ कहा जाता है, तो यह इलाका अपनी अभ्रक बेल्ट के लिए भी प्रसिद्ध है। 1977 में अस्तित्व में आई कोडरमा लोकसभा सीट पर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं। इनमें आठ बार भाजपा ने कमल खिलाया है। कांग्रेस को सिर्फ तीन बार जीत मिली है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में गांडेय विधानसभा के अलावा बगोदर, जमुआ, धनवार और कोडरमा विधानसभा सीटें आती हैं। यादव और कुशवाह जाति के मतदाता यहां बड़ी संख्या में होने के कारण चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2004 में बिहार से अलग राज्य बनने के बाद कोडरमा का प्रतिनिधित्व झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने किया था। अन्नपूर्णा देवी पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव से पूर्व वह भाजपा में शामिल हो गई थीं। इसके बाद भाजपा ने उन्हें कोडरमा से लोकसभा की प्रत्याशी बनाया था। अन्नपूर्णा देवी ने 2019 के चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) से मैदान में उतरे बाबूलाल मरांडी को हरा दिया था। अन्नपूर्णा देवी को 64.3% वोट मिले जबकि मरांडी 24.6% वोट ही हासिल कर पाए थे। उनकी जीत का अंतर 4.55 लाख वोट था। इस तरह कोडरमा से राजद के टिकट पर 2014 का विधानसभा चुनाव हारने वाली अन्नपूर्णा देवी पांच साल बाद भाजपा सांसद बन गईं। मरांडी जैसे दिग्गज नेता को हराने के इनाम के रूप में उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ, तो उस समय भाजपा और जदयू में खींचतान चल रही थी। अन्नपूर्णा देवी को इसका फायदा मिला और यादव कोटे से वह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री बन गईं। उनका कद और बढ़ गया। माना जा रहा है कि बगोदर से विधायक कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह राजद के समर्थन से यादव वोटों में सेंधमारी कर पाने पर ही अन्नपूर्णा देवी के लिए चुनौती बन सकते हैं।

## अपनी ढपली अपना राग



देश की गरीबी हटाने का दावा करने वाले राहुल गांधी 15 वर्षों में अमेठी की गरीबी तो हटा नहीं पाए वो देश की गरीबी क्या हटाएंगे। - स्मृति ईरानी



भाजपा ने 10 वर्षों में मोटरसाइकिल की कीमत दोगुनी कर दी है। अगर भाजपा सरकार फिर आ गई तो फौज की नौकरी के बाद अब पुलिस की तीन साल की नौकरी हो जाएगी। - अखिलेश यादव



आजादी के बाद से ज्यादातर समय कांग्रेस के हाथ में सत्ता रही, जो गलत नीतियों के कारण सत्ता से बाहर हो गई। अब भाजपा भी जाने वाली है। -मायावती



किसानों को प्रधानमंत्री मोदी ने धोखा दिया। मोदी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की बात की थी, लेकिन कानून तो छोड़िए किसानों की इतनी दुर्दशा इस सरकार ने कर दी कि किसी और की नहीं हुई। - पवन खेड़ा

# मतों के ध्रुवीकरण में ब्राह्मण कभी नहीं रहा शामिल

**2009** पुनर्गठित कैसरगंज सीट पर सबसे अधिक हैं ब्राह्मण मतदाता

हर बार जनेऊ जोड़ने की मुहिम हुई है धराशायी

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार :** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का रहस्य किसी से छिपा नहीं है। ब्राह्मण इस सीट के खेवनहार रहे हैं। क्षेत्रवाद, जातिवाद और धर्म के नाम पर मतों का ध्रुवीकरण होता रहा है लेकिन इनमें ब्राह्मण कभी शामिल नहीं रहा। जीतने वाले क्षत्रप किसी जाति धर्म संप्रदाय के रहे हों लेकिन जो जीता वही सिकंदर साबित हुआ और और ब्राह्मण वोटर हमेशा उसी के साथ खड़ा रहा है।

2009 में लोकसभा व विधानसभा सीटों के परिसीमन के तय हुए क्षेत्र पर जातिवार आधिपत्य स्थापित करने की मंशा कामयाब नहीं हो पाई। 2009 के पहले कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का फैलाव बाराबंकी तक रहा और अपने सजातीय वोटरों के भरोसे बेनी प्रसाद वर्मा जीतते रहे।



इस सीट पर रुद्रसेन चौधरी से लेकर रानावीर सिंह सहित तमाम दिग्गज लोकसभा की ड्योढ़ी पर पहुंचे। लेकिन पुनर्गठित कैसरगंज लोकसभा पर राजनीतिक दलों का ब्राह्मण कार्ड कभी सफल नहीं हुआ। वर्ष 2009 के चुनाव में बसपा से सुरेंद्र नाथ अवस्थी और भाजपा से लालता प्रसाद मिश्र को मैदान में उतारा गया। लेकिन दोनों का वोट प्रतिशत 21-21 रहा। इसमें ब्राह्मण के साथ अन्य जातियों का वोट शेयर शामिल रहा।

दोनों ब्राह्मण उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था। इसी तरह 2014 में चार प्रमुख दलों के उम्मीदवारों में एक मात्र ब्राह्मण उम्मीदवार के रूप में बसपा से कृष्ण कुमार ओझा मैदान में थे लेकिन इकलौते ब्राह्मण उम्मीदवार का वोट प्रतिशत घट कर 15.6 हो गया।

2019 में भी एक मात्र ब्राह्मण प्रत्याशी विनय कुमार पांडेय कांग्रेस के टिकट पर मैदान पर थे। लेकिन उनका वोट प्रतिशत कुल 3.84 प्रतिशत पर जाकर सिमट गया। यानि ब्राह्मण के नाम पर राजनीति में इंट्री करने की कोशिश करने वालों को ब्राह्मणों ने दूर भगा दिया है। 2024 में भी सपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलने की कोशिश में भगत राम मिश्र को मैदान में उतार दिया है। लेकिन ब्राह्मण वोटरों के रुझान व इतिहास से यह कयास लगाना कि ब्राह्मण कार्ड सफल होगा यह सही नहीं है।

### सबसे अधिक हैं ब्राह्मण वोटर पर निर्णायक नहीं

कैसरगंज लोकसभा में करीब 4.5 लाख ब्राह्मण मतदाता हैं। इनमें कटरा बाजार व तरबगंज में दो लाख से अधिक हैं और करनैलगंज में भी क्षत्रिय, मुस्लिम व अन्य जातियों के साथ ब्राह्मण वोटों की बहुलता है। पयागपुर में भी विशेश्वरगंज ब्लाक में सबसे अधिक ब्राह्मण मतदाता हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या तो सबसे अधिक हैं परंतु ये निर्णायक नहीं रहे हैं।

### कैसरगंज का ब्राह्मण मतदाता किसी दल से बंधा नहीं

कटरा बाजार के पप्पू शुक्ल कहते हैं कि कैसरगंज का ब्राह्मण मतदाता किसी राजनीतिक दल से बंधा नहीं हैं। उन्हें जहां सम्मान मिलता है वह वहीं चले जाते हैं। धार्मिक आस्था के कारण उनका नरम रुख होता है। जिस तरह अन्य जातियों में रूढ़ियों की जकड़न है और अपने बिरादरी की ललक होती है ब्राह्मणों में नहीं होती है। सत्यम तिवारी कहते हैं हिंदूवादी छवि के साथ सम्मान के भूखे होते हैं।

**लोकसभा चुनाव- 2009**

| प्रत्याशी | मिले वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | 196063 | 34.7% |
| सुरेंद्र नाथ अवस्थी | 123864 | 21.9% |
| डा एलपी मिश्रा | 120561 | 21.3% |
| मोहम्मद अलीम | 73140 | 12.9% |

**लोकसभा चुनाव-2014**

| प्रत्याशी | मिले वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | 381500 | 40.4% |
| विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह | 303282 | 32.1% |
| कृष्ण कुमार ओझा | 146726 | 15.6% |
| मुकेश श्रीवास्तव | 57401 | 6.1% |

**लोकसभा चुनाव-2019**

| प्रत्याशी | मिले वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | 581358 | 60.04% |
| चंद्रदेव राम यादव | 319757 | 33.02% |
| विनय कुमार पांडेय | 37132 | 3.84% |

## चुनावी चक्कर

**राहुल के कारण चर्चा में है मिथुन की दुकान :**

राहुल गांधी इन दिनों निरन्तर चुनावी दौरों पर हैं। इस बीच वह कुछ ऐसे पल निकालते हैं, जिससे उनका आम जन के प्रति निकट से जुड़ाव झलकता है। इसी क्रम में रायबरेली में पिछले दिनों एक नाई की दुकान पर उनकी एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है, जहां वे अपने बाल कटवाने और दाढ़ी ट्रिम कराने के लिए पहुंचे। हालांकि, अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच से राहुल गांधी अक्सर ऐसे-ऐसे क्षण साझा करते हैं, जिससे उनकी जमीनी छवि भी सामने आती है। ऐसा ही एक पल रायबरेली में उनका नाई की दुकान पर पहुंचना भी रहा। उस वक्त न्यू मुंबा देवी हेयर कटिंग सैलून चलाने वाला मिथुन कुमार अचरज से भर गया था, जब राहुल गांधी अचानक सैलून में अंदर आ गए और उन्होंने दाढ़ी ट्रिम करने को कहा। इसके बाद तो रायबरेली में अचानक मिथुन के सैलून की चर्चा बढ़ गई। इस बीच, राहुल गांधी के जाने के बाद मिथुन से मीडिया वालों ने संपर्क किया। बातचीत में मिथुन ने कहा कि उन्होंने कभी इस बात की कल्पना भी नहीं की थी कि कभी राहुल गांधी जैसा बड़ा नेता उनकी दुकान पर आएगा। फिलहाल मिथुन की दुकान पर ग्राहक बढ़ गए हैं।




जर्जर मार्ग को लेकर मतदान का विरोध करते ग्रामीण। -अमृत विचार

# रोड नहीं तो वोट नहीं, लगा दिया बैनर

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार :** यहां चुनाव बहिष्कार के लिए जनता तैयार है, रोड नहीं तो वोट नहीं यह बैनर लगा है तारुन नंसा मार्ग अंतर्गत सहसीपुर पहुंच मार्ग पर।

इस अनुसूचित बाहुल्य ग्राम पंचायत का पहुंच मार्ग की निर्माण कब हुआ था, उसके बारे में युवा वर्ग अनजान है। सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि उस पर तारकोल का नामोनिशान तक नहीं है। सड़क पर अगर कुछ दिखाई दे रहा है तो वह है बड़ी बड़ी गिट्टियां। उसपर पैदल चलना है तो अपने को बचा कर ही चलना पड़ता है।

- **सड़क बनाने के लिए वर्ष भर पहले प्रधान व ग्रामीणों ने लिखा था बीडीओ को पत्र**

सड़क बनाने का वादा चुनाव शुरू होने पर सभी प्रत्याशी करते है, लेकिन जीतते ही किया गया वादा सभी भूल जाते है। ग्रामसभा निवासी बब्बन, राकेश पांडेय, मायाराम वर्मा, अमित, देवमणि, धर्मेंद्र, राम गणेश, मो फारुख, सुनील आदि ने बताया कि सड़क का निर्माण न होने से इस बार हम सभी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना लिए है। यह अकेले सहसीपुर सम्पर्क मार्ग का ही हाल नहीं है। पारा गरीबशाह से ददरा एवं टिकरी से पिछौरा तक वर्षों पूर्व बनाई गई सड़क की हालत इससे भी बदतर हो गयी है, जिसपर चलना ही क्षेत्र वासियों ने छोड़ दिया है। पिछौरा के ग्राम प्रधान नन्हकू प्रसाद सहित ग्राम वासियों ने अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोकनिर्माण विभाग को साल भर पूर्व रजिस्टर्ड पत्र देकर सड़क के निर्माण की मांग किया था, लेकिन विभाग मौन रहा।

## सोनिया आज रायबरेली में जनसभा को करेंगी संबोधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी शुक्रवार को रायबरेली में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी, जबकि अमेठी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने बताया कि रायबरेली में सोनिया गांधी चुनाव सभा को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशी राहुल गांधी को जिताने की अपील करेंगी। इस दौरान मंच पर राहुल के साथ ही, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा व सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि अमेठी में चुनावी सभा के पहले राहुल गांधी नंद महर धाम में दर्शन करेंगे। इसके बाद संयुक्त जनसभा में राहुल-अखिलेश कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को जिताने की अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि चुनावी सभा के लिए सोनिया गांधी रायबरेली में पहुंच गई हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि रायबरेली की राजनीति के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक होगा, क्योंकि यह पहली बार हो रहा है, जब एक ही दिन में कई दिग्गजों का जमावड़ा लग रहा है।

# मतदाताओं की खामोशी ने बढ़ाई उम्मीदवारों की धड़कन

अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच टक्कर

बसपा मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर किले को बचाने में जुटी

सुभाष गुप्ता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** लोहिया की धरती और बहुजन समाज पार्टी के किले के रूप में पहचान बन चुकी अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर चुनाव 6वें चरण में 25 मई को होना है। भले ही इस चुनाव में प्रमुख राजनीतिक पार्टी भाजपा, बसपा और सपा के नेता मतदाताओं की गणेश परिक्रमा कर अपनी-अपनी पार्टी की जीत का दावा कर रहे हो, लेकिन चुनाव की करीब आ रही तारीख और मतदाताओं की खामोशी ने उनकी धड़कनों को बढ़ा दिया है।

इस सीट पर सबसे ज्यादा चुप्पी मुस्लिम और वैश्य समाज के मतदाता साधे हुए हैं। हालांकि इन दोनों समाज के नेता जिस दल में हैं वह सभी इन दोनों समाजों का वोट अपनी-अपनी पार्टी में मिलने का दावा कर रहे हैं। वैश्य समाज भाजपा का मतदाता माना जाता है। जबकि मुस्लिम मतदाताओं के बारे में चर्चा रहती है कि उनका वोट अक्सर ही भाजपा को हराने वाली पार्टी को जाता है। जिसके कारण अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर भाजपा को हराने के लिए सपा और बसपा दोनों ही



रितेश पांडे



लालजी वर्मा



कमर हयात

दम भर रहे हैं। फिलहाल इस बार लोकसभा सीट पर लड़ाई भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच में मानी जा रही है। लोकसभा सीट पर भाजपा जहां अपनी जीत को एक तरफा मान कर चल रही है।

वहीं जनपद की पांचों विधानसभाओं पर जीत का परचम फहराने के कारण सपा अपनी लड़ाई को भाजपा से ही मान रही है। जबकि बसपा ने अपने सिटिंग सांसद के भाजपा में शामिल होकर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने पर मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर अपने किले को बचाने की कवायद में जुट गई है। लोकसभा सीट पर बसपा ने जिस रणनीति के तहत मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट दिया है। यदि उसमें उसे कामयाबी मिलती है तो यहां पर लड़ाई त्रिकोणीय भी हो सकती है। हालांकि मुस्लिम मतदाताओं की खामोशी से सपा और बसपा के प्रत्याशी और कार्यकर्ता दोनों ही बेचैन है।



नए परिसीमन के बाद अनारक्षित श्रेणी में आई लोकसभा की इस सीट पर हुए अब तक हुए चुनाव की बात करें तो इस सीट पर बसपा का ही पलड़ा भारी रहा है। 2009 व 2019 में बसपा ने दो बार जीत का परचम फहराया है। जबकि 2014 के चुनाव में भाजपा को जीत मिली थी। जबकि सपा का इस सीट पर अभी तक खाता नहीं खुल पाया है।

- **25 को होना है अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर छठे चरण में मतदान**

**2009** व 2019 में बसपा ने दो बार जीत का परचम फहराया जबकि 2014 के चुनाव में भाजपा को मिली थी जीत


### जातीय समीकरण को लेकर गुणा-गणित तेज

लोकसभा चुनावी की बिसात पर जातिगत समीकरण को लेकर भी गुणा-गणित तेज हो गई है। जातीय समीकरण की बात करें तो लगभग साढ़े 18 लाख मतदाताओं वाले इस संसदीय सीट पर दलित मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। जो 3 से 4 लाख के बीच बताई जा रही है। दलित मतदाता बसपा के वोट बैंक माने जाते हैं। बसपा ने यहां पर मुस्लिम प्रत्याशी के रूप में कमर हयात को उतार कर दो से ढाई लाख के करीब मुस्लिम मतदाताओं को अपने पाले में कर अपना यह किला बचाने का दावा करती दिख रही है। फिलहाल 25 को मतदान होने के बाद पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही मतदाताओं की गणेश परिक्रमा तो समाप्त हो जाएगी। लेकिन सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के द्वारा किए जा रहे अपनी-अपनी जीत के दाव पर मोहर 4 जून को गिनते के बाद ही लग पाएगी।

### उम्मीदवार कर रहे हैं अपनी-अपनी जीत का दावा

भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडे क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य मतदाताओं के साथ अन्य पिछड़ी जातियों व मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ पाए दलित व मुस्लिम मतदाताओं को भी अपने पक्ष में मतदान करने का दावा करते हुए इस सीट पर 2014 का इतिहास दोहराने का ख्वाब संजोए हैं। बसपा से कद्दावर नेता के रूप में पहचान बना चुके सपा के प्रत्याशी लाल जी वर्मा सपा के एम-वाई समीकरण के साथ स्वजातीय कुर्मी मतदाताओं व बसपा में मौजूद अपने चहेते कार्यकर्ताओं के सहारे सपा के लिए अब तक उबड़-खाबड़ रही अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर साइकिल की रफ्तार तेज कर हर सभा में जीत का दावा कर रहे हैं।


**2019 के चुनाव का लेखा जोखा**




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रितेश पांडे | 564,118 |
| मुकुट बिहारी | 4,68,238 |
| प्रेमनाथ निषाद | 2,390 |

2019 नोटा 11,344

**2014 में किसको कितने वोट**




2014 नोटा 7,422

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | हरिओम पांडे | 4,32,104 |
| बसपा | राकेश पांडे | 2,92,675 |
| सपा | राम मूर्ति वर्मा | 2,34,467 |
| कांग्रेस | अशोक सिंह | 22,775 |
| एमएडीपी | सुरेश कुमार बौद्ध | 7,694 |

# विकास के सपने देखती रही बलरामपुर व श्रावस्ती क्षेत्र की जनता

विभिन्न पार्टियों ने स्थानीय सांसदों को कभी टिकने का मौका ही नहीं दिया

जाति व धार्मिक समीकरण से चुने जाने के कारण विकास का मुद्दा रहता है पीछे


रमेश चंद्र गुप्ता, तुलसीपुर/बलरामपुर

**अमृत विचार:** श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र की जनता हमेशा बाहरी नेताओं को संसद भवन पहुंचाकर अपने विकास के सपने देखती रही लेकिन वह बेकार और बेबुनियाद साबित हुआ । अब श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र की जनता इस संसदीय चुनाव के बढ़ते माहौल को देखते हुए यह कह रही है कि हमने तो इस संसदीय क्षेत्र से ऐसे सांसद को दिया जो देश के प्रधानमंत्री भी रहे । 2024 के संसदीय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी साकेत मिश्रा तथा समाजवादी पार्टी से निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मोइनुद्दीन खान उर्फ हाजी दद्दन खान बड़ी मशक्कत करके भारत के सबसे बड़ी अदालत संसद भवन पहुंचने की फिराक में दिन-रात एक किए हुए हैं।

बलरामपुर संसदीय क्षेत्र की जनता ने चुनाव के दौरान 1952 से लेकर 2019 तक जितने भी सांसद को चुनकर संसद भेजा उनमें अधिकांश बाहरी प्रत्याशी रहे जो मौके का फायदा उठाकर जनता से मत लेकर संसद भवन तो पहुंच गए लेकिन दोबारा लौटकर नहीं आए। बलरामपुर संसदीय क्षेत्र की जनता का हाल वैसे तो श्रावस्ती बलरामपुर संसदीय क्षेत्र जब एक हुआ तब भी ऐसा होता रहा। जैसे इस क्षेत्र की जनता की मानसिकता बन चुकी हो कि हम अपनों के सिर पर ताज पहनना नहीं देख सकते है।

अगर एक नजर डाली जाए इस लोकसभा चुनाव में तो एक तरफ तो भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा पार्टी प्रत्याशी बनाया है जो अपने श्रावस्ती क्षेत्र में चलकर ये मान रहे हैं कि मेरे ननिहाल की राजनीतिक विरासत के चलते श्रावस्ती क्षेत्र की जनता मुझे सांसद बनाकर भेजेगी। क्योंकि भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा पूर्व के नौकरशाह होने के साथ-साथ पीएम के पूर्व सलाहकार तथा श्री राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा के पुत्र भी हैं। अगर दूसरी तरफ देखा जाए तो निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा 2019 में बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले चुनाव में बाजी मारकर सांसद बन गए थे। लेकिन 5 साल हो ऐसे गायब रहे जैसे कि मानो कुछ हुआ ही ना हो। जब 2024 का चुनाव आया क्योंकि यह व्यापारी होने के नाते व्यापार का गुणा भाग लगाकर पाला बदलकर समाजवादी पार्टी के बैनर तले इंडी गठबंधन का प्रत्याशी बनकर श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में आ गए। चुनावी गुणा भाग में परिपक्व हो गए राम शिरोमणि वर्मा ने देखा इस क्षेत्र की जनता धार्मिक और जातीय भावनाओं में उलझ कर रह जाती है तो इन्होंने जातीय भावनाओं से काम चालू किया।

सुबह उनके श्रावस्ती कटरा के आवास पर भारी भीड़ रहती है । मतदाता चुपचाप तमाशा देख रहा है। जनता किसको अपने मतों से सांसद बनाएंगे यह आने वाली 4 जून को ही पता चल पाएगा।




# राजा भइया की दरियादिली या सपा से नजदीकी..

सपा प्रत्याशी पर दर्ज कराये मुकदमे को वापस लेंगे कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह

कुण्डा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** कौशाम्बी लोकसभा सीट पर राजनीतिक परिस्थितियां प्रतिदिन नया मोड़ ले रही हैं। ऐसा ही अब एक नया मामला सामने आया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज द्वारा रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के विरुद्ध बोले गए अमर्यादित टिप्पणी को लेकर मुकदमा दर्ज कर गया था। मामले में रघुराज प्रताप सिंह ने मतदान के ठीक चार दिन पहले सपा प्रत्याशी पर दर्ज कराया मुकदमे को वापस ले लिया। इस घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं पर गौर करें तो लोग इसे राजा भइया की दरियादिली और सपा से नजदीकी को देख रहे हैं।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान वर्ष 2019 में सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज द्वारा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर चुनाव माहौल को गर्म कर दिया था। जिसे लेकर जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश दिखा और लोगों की भावनाएं आहत हुई थी। जिसके बाद सपा प्रत्याशी के विरुद्ध न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया था। उक्त मुकदमा इस समय एमपी एमएलए कोर्ट संख्या 14 में विचारधीन है। जिसमें



इंद्रजीत सरोज

न्यायालय ने धारा 500 संहिता के तहत सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज को तलब किया है। राजा भइया के अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पांडेय ने बताया कि 13 मई की शाम इंद्रजीत सरोज अपने बेटे पुष्पेंद्र सरोज जो वर्तमान में समाजवादी पार्टी से कौशांबी लोकसभा के प्रत्याशी व अन्य लोगों के साथ बेंती कोठी पहुंचे थे।

उन्होंने रघुराज प्रताप से मिलकर उनसे आग्रह किया और पूर्व में हुए गिले शिकवे टिप्पणी व गलत बयान बाजी को भूलने का आग्रह करते हुए राजनीतिक शुचिता को बनाये रखने का प्रयास किया। इस कारण से राजा भइया अब सभी बातों को भूलकर न्यायालय में दाखिल मानहानि के मुकदमे को खत्म करने की तैयारी की हैं। राजा भइया द्वारा दाखिल मानहानि का मुकदमा अब न्यायालय में समाप्त कर लिया जाएगा। राजा भइया के चचेरे भाई व एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने बताया कि सपा नेता इंद्रजीत सरोज पर दर्ज मुकदमा जल्द ही वापस कर लिया जाएगा। कोई गिला शिकवा नहीं है, राजनीतिक शुचिता बनी रहनी चाहिए।



अष्टौ गुणा : पुरुषं दीपयन्ति प्रज्ञा च कौल्यं च दम : श्रुतं च ।
पराक्रमश्चाबहुभाषिता च दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च ॥

बुद्धि, उच्च कुल, इंद्रियों पर काबू, शास्त्रज्ञान, पराक्रम, कम बोलना, यथाशक्ति दान देना तथा कृतज्ञता- ये आठ गुण मनुष्य की ख्याति बढ़ाते हैं।


## संपादकीय

# पुतिन की चीन यात्रा

पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बनने के बाद व्लादिमीर पुतिन की चीन यात्रा पर अमेरिका समेत पश्चिम देशों ने नजर जमा रखी है। यूक्रेन युद्ध में रूस के प्रति अपना समर्थन वापस लेने के लिए अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर से पड़ रहे दबाव के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष पुतिन ने गुरुवार को अपने रणनीतिक संबंधों के भविष्य पर बातचीत की। महत्वपूर्ण है कि बातचीत के बाद दोनों देशों ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया जिसमें वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गईं। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को विनाशकारी करार देने के साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। पुतिन की ये यात्रा ऐसे समय पर हो रही है, जब यूक्रेन में रूसी सेना आगे बढ़ती जा रही और नाटो देश सीधे जंग की चेतावनी दे रहे हैं। रूस भी यूक्रेन में एक नए हमले की तैयारी कर रहा है। युद्ध के मैदान में रूस ने रफ्तार पकड़ ली है। पिछले सप्ताह उसने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर हमला करने के स्पष्ट प्रयास के तहत उत्तर-पूर्व में एक नया आक्रमण शुरू किया।

यूक्रेन अमेरिका से नए हथियार मिलने की उम्मीद कर रहा है, लेकिन यह साफ नहीं है कि यह सब रूसी हमले का सामना करने के लिहाज से पर्याप्त होगा या नहीं। पुतिन का तात्कालिक लक्ष्य इस युद्ध को जीतना है, लेकिन उनके पास जीत का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं है। वास्तव में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के चलते भू-राजनीतिक रूप से दुनिया में उथल पुथल है और रूस, चीन के नजदीकी भागीदार के रूप में उभरा है। इसका असर यह हुआ है कि रूस के खिलाफ पश्चिमी गठबंधन और सख्त हो गया है तथा चीन को भी इसका कुछ खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उधर चीन भी यूरोप से संबंध सुधारने की मुहिम में जुट गया है। पश्चिमी प्रतिबंधों की वजह से रूस की अर्थव्यवस्था चीन पर निर्भर हो गई है। साथ ही पश्चिमी देश चीन पर आरोप लगा रहे हैं कि चीन युद्ध में इस्तेमाल होने वाला सामान भी रूस को भेज रहा है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन में उम्मीद जताई कि यूरोप में जल्द ही शांति और स्थिरता लौटेगी और चीन रचनात्मक भूमिका निभाएगा। जानकारों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में चीन यूक्रेन और रूस के बीच शांति समझौते की पहल कर सकता है। क्योंकि युद्ध ने पश्चिम के साथ रूस के रिश्तों को स्थायी नुकसान पहुंचाया है और रूस को चीन के हाथों में धकेल दिया।

# लोकतंत्र के उत्सव में कहां है लोक और लोक चेतना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना है। संविधान बड़ी बात है, किंतु उससे भी बड़ी बात है-लोक चेतना। आत्मा के बिना जैसे शरीर निष्प्राण हो जाता है, व्यर्थ हो जाता है, वैसे ही लोक चेतना के बिना संविधान किताब ही है, जड़ वस्तु और उसकी राष्ट्र के जीवन में कोई सजीव भूमिका नहीं रहती, लालची लोग उसके हजार अर्थ कर देते हैं।

बड़े जोर-शोर के साथ लोकतंत्र के उत्सव की बात कही जा रही है। लोकसभा का चुनाव हो रहा है। कोई नेता संविधान की प्रति को लेकर चिंता जता रहा है तो किसी को हिंदू-मुस्लिम की चिंता है। किसी को अगड़ी-पिछड़ी जातियों की चिंता है। बाजार की शक्तियां हैं, वे चुनाव में पैसा बहा रही हैं। रैलियों और रोड शो में प्रायोजित भीड़ भी है, किंतु भीड़-भीड़ ही होती है, प्रायोजित भी, तदर्थ और तात्कालिक भी। सवाल यह है कि लोकतंत्र के उत्सव में लोक कहां है? लोक चेतना कहां है?

संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना है। संविधान बड़ी बात है, किंतु उससे भी बड़ी बात है-लोक चेतना। आत्मा के बिना जैसे शरीर निष्प्राण हो जाता है, व्यर्थ हो जाता है, वैसे ही लोक चेतना के बिना संविधान किताब ही है, जड़ वस्तु और उसकी राष्ट्र के जीवन में कोई सजीव भूमिका नहीं रहती, लालची लोग उसके हजार अर्थ कर देते हैं। लोक चेतना के अभाव में संवैधानिक संस्थाएं सजावट की वस्तु बन जाती हैं। जिन लोगों के लिए हम वोट देने को पवित्र कर्तव्य बतला रहे हैं, उनका चरित्र सचमुच क्या है? सच-सच बतलाना कि समष्टि जीवन में इन लोगों की भूमिका क्या रही है? क्या ये सचमुच जनता के हितों के प्रहरी बन सकते हैं? या लोकसभा का कोरम पूरा करना है? इसी को लोकतंत्र का उत्सव कहा जा रहा है? विभिन्न चैनल प्रत्येक चुनाव क्षेत्र में जातियों की वोट संख्या बतला रहे हैं। यह लोकतंत्र है या जातितंत्र?

लोक चेतना सामान्य जन की चेतना होती है। विशेष उसमें सम्मिलित होता है, क्योंकि अंततः तो विशेष भी सामान्य ही है। दूध विशेष है, किंतु उसका सामान्य तत्व जल है। विशेष की चेतना विशेष जन और स्थान तक सीमित होती है, कुछ खास-खास लोग या विशेष जन ही उसमें सम्मिलित होते हैं, उसका सरोकार भी सीमित होता है और उसका परिणाम भी सीमित होता, जबकि सर्वसाधारण की चेतना अगणित लोगों की चेतना होती है-कोटि-कोटि कंठ कल-कल निनाद कराले। लोक चेतना में बिना भेदभाव के विविध जाति, विविध वर्ग, विविध संप्रदाय, विविध स्तर सम्मिलित हो जाते हैं। विभिन्न प्रदेशों, जनपदों, जंगलों, पहाड़ों, नगरों, गांवों में यत्र-तत्र-सर्वत्र लोक चेतना का स्वर गूंज जाता है। लोक चेतना विभक्त चेतना नहीं होती, लोक चेतना अविभक्त चेतना होती है। विभक्त चेतना में जाति, वर्ग-वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि और पार्टियों के हित या स्वार्थ का आग्रह होता है। यदि विभक्त चेतना है तो वह जाति चेतना है, मजहबी चेतना है, पंथ चेतना है, वर्ग चेतना है, क्षेत्र चेतना है, संकीर्ण भाषा चेतना है, वह लोक चेतना नहीं है, वह राष्ट्र चेतना भी नहीं है। जाति, वर्ग, वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि की संकीर्ण चेतनाएं लोगों को बहुत जल्दी उत्तेजित करती हैं, किंतु वे लोक चेतना को खंडित करती हैं। राष्ट्रचेतना को विकृत करती हैं। सत्ता का सरोकार लोक मानस-लोक चेतना को विभक्त करता है। व्यक्ति चेतना में निजी लाभ की चेतना होती है, इसलिए उसमें भय और लालच होता है। राजस और तामस भाव होता है, जबकि लोक चेतना का भाव सात्विक होता है।

> लोक एकीकरण में जगता है। एक भरोसे की टेर से जगता है। एक आदमी के लिए दूसरा आदमी जान से प्यारा है। इसका मतलब लोक जग रहा है और सभी को अपनी अपनी पड़ी है, कोई किसी का नहीं है। सब सयाने हो गए हैं, इसका मतलब लोक सो गया है। विच्छिन्नता है तो लोक सोया हुआ है।

लोक चेतना का दूसरा महत्वपूर्ण लक्षण है। लोक चेतना सर्व चेतना होती है, सर्वजन-हित अथवा व्यापक सरोकार। व्यापक सरोकार के बिना समष्टि की कल्पना ही नहीं की जा सकती। लोक चेतना में मानुष भाव प्रतिष्ठित होता है। लोक चेतना में वैश्विक-दृष्टिकोण होता है। अभिनव जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा होती है। लोक चेतना में मनुष्य और मनुष्य के संबंध की भी चिंता होती है और मनुष्य तथा प्रकृति के संबंध की भी चिंता होती है। लोक चेतना समग्र चेतना है, वह सामाजिक चेतना भी है, आर्थिक चेतना भी है और सांस्कृतिक चेतना भी है। वास्तव में लोक जागरण या लोक चेतना एक युग से दूसरे युग में संक्रमण का कारण और परिणाम होती हैः युग परिवर्तन। जैसे-भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मध्यकालीन वैचारिक परिवेश से आधुनिक वैचारिक परिवेश में संक्रमण का आंदोलन था। लोक जागरण किसी युग सत्य के प्रयोजन से होता है। जब समूचा जमाना एक अवधारणा को जीवन के प्रयोजन के रूप में स्वीकार कर लेता है। वह उस समय का युग सत्य होता है, जो शब्द लोक जीवन में उतरकर व्यापक बन जाता है, तब उस शब्द का अर्थ भी उतना ही व्यापक बन जाता है जितने लोग अपने-अपने भाव से अपने-अपने परिवेश में उस शब्द को जितने अर्थों में ग्रहण करते हैं। वे सभी अर्थ उस शब्द में प्रतिष्ठित हो जाते हैं। वह अपने युग जीवन का केन्द्रीय सत्य होता है, युग सत्य।


विकास शब्द का कोलाहल है, किंतु विकास क्या है? सबका साथ, सबका विकास, सब का विश्वास और सबका प्रयास बिल्कुल सच बात है, किंतु यदि व्यवहार में सबका विकास, कुछ का विकास न बन जाए तभी यह एक सौ एक प्रतिशत सच है, लेकिन यदि उसमें से "सब" की जगह "कुछ" की प्रतिष्ठा हो जाए तो वह "विकास" केवल शब्द की चकाचौंध ही है। क्या उद्योगों का अव्यवस्थित जाल विकास है? क्या प्रकृति में हस्तक्षेप और छेड़छाड़ विकास है? क्या जंगलों का विध्वंस विकास है? क्या सड़क और रेल का विकास सामाजिकता का विकास है? पर्यावरण को जीवन के लिए समस्या बना देना विकास है? नदियों को विषाक्त बना देना विकास है? क्या सुरसा की तरह विषमता के प्रसार का नाम विकास है? लोगों का जीवन स्तर इतना गिर जाए कि उनको मुफ्त में पांच किलो या दस किलो अनाज की खैरियत या रहामत मिले, क्या इसका नाम विकास है? लोक चेतना को जगाए बिना विकास का अर्थ ही क्या है? लोक चेतना में अध्यात्म का सूत्र अंतर्निहित होता है। सच तो यह है कि लोक चेतना अध्यात्म है। सच यह है कि आस्था के बिना लोक चेतना जगती भी नहीं, सर्व के प्रति आस्था, समष्टि के प्रति आस्था, सामान्य के प्रति आस्था। मनुष्य और मनुष्य के बीच सघन संबंध और परस्पर भरोसा अध्यात्म की ही देन है। अध्यात्म का माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है जिसमें सर्व समाया हुआ है जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। उदाहरण के लिए आजादी की लोक चेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी, सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्र वाक्य बना-सत्यमेव जयते। सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है। सच्चाई, ईमानदारी, सामाजिकता का भाव, श्रम, समानता, लोक कल्याण स्वतंत्रता आंदोलन के जीवन-मूल्य हैं। लोक चेतना का एक महत्वपूर्ण लक्षण और है-लोक जीवन की निरंतरता या परंपरा।

लोक मानस मिथकीय बिंब और मिथकीय भाषा में सोचता है। मिथक समष्टि को आंदोलित करता है, प्रेरित करता है, उत्तेजित करता है। लोकभावों का संचार करता है। भारत माता की जय। यह कोटि-कोटि जन की एकता का मंत्रघोष है। भारत माता की जय। यह सामूहिकता का भावसूत्र है। सामूहिक-स्वीकृति का कोई विकल्प नहीं होता। अन्याय-अत्याचार-विषमता के विरुद्ध बगावत का इतना प्राणवान स्वर दूसरा और कौन सा है? इस मंत्रघोष ने जनता को जगाया उसमें प्राणों का संचार किया। लोक चेतना दिखती नहीं है, किंतु बिजली के करंट की तरह काम करती है। लोक जागता भी है, किंतु हर समय जगा नहीं रहता। सोता है, तब सो भी जाता है।

लोक एकीकरण में जगता है। एक भरोसे की टेर से जगता है। एक आदमी के लिए दूसरा आदमी जान से प्यारा है। इसका मतलब लोक जग रहा है और सभी को अपनी अपनी पड़ी है, कोई किसी का नहीं है। सब सयाने हो गए हैं, इसका मतलब लोक सो गया है। विच्छिन्नता है तो लोक सोया हुआ है। इस समय लोक विच्छिन्न है, सोया हुआ है। संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना। लोक चेतना : जिसका न आयात हो सकता है और न निर्यात।

## प्रसंगवश

# आलोचना और विपक्ष की भूमिका



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

सरकार के अनुचित कदमों और कामों की जमकर आलोचना होनी चाहिए, लेकिन आलोचना उचित होनी चाहिए। अनुचित कदमों और कामों की अनुचित आलोचना या सरकार के खिलाफ अनुचित विरोध प्रदर्शन सेल्फ-डिफीटिंग होता है। खासकर तब जब सरकार में अपने अनुचित कदमों और कामों का औचित्य सिद्ध करने के लिए ऐसी आलोचनाओं की नियत और गुणावगुण को लेकर आलोचक की जमकर खिंचाई करने की प्रवृत्ति और क्षमता हो। साथ ही एक बड़ा वर्ग उसे मानने को तैयार बैठा हो। तब सरकार ऐसे आलोचकों की अविश्वसनियता का डंका पीट-पीट कर उन्हें अविश्वसनीय मनवा लेती है। ऐसे में सरकार की सही आलोचनाओं को भी अविश्वसनीय माना जाने लगता है और सरकार को ऐसी आलोचना से राजनीतिक हानि के बजाय राजनीतिक लाभ होने लगता है। मनुष्य का स्वभाव दूसरों से अपेक्षा का मानदंड बहुत ऊंचा रखता है। अपने लिए कोई मानदंड रखता ही नहीं, सहज प्रवृत्तिवश जो भी उससे हो जाए, वही उसके लिए मानदंड है। इसमें असहज होने की कोई बात नहीं, अमूमन लोग ऐसे ही पाए जाते हैं। फेसबुक ने इस बात को सूरज की रोशनी की तरह स्पष्ट कर दिया है। बड़बोले, बड़बड़िया और छद्म लोगों की बाढ़ लाने में इसने बड़ा योगदान दिया है। इसलिए कि ऐसे लोग अपने जीवन में क्या और कैसे करते हैं? इसे जानने का कोई सुराग नहीं होता। गरीबों, पीड़ितों, मजलूमों का मसीहा बनने में एक टका नहीं जाता, बस सुंदर भाषा आनी चाहिए। नफरत मनुष्य का सहज गुण है। किसी न किसी से नफरत पाले बिना जीवन निःसार लगता है।

नफरत प्रेम की तरह ही अंधी होती है। प्रेम की तरह ही नफरत की गिरफ्त में पड़े लोग उसके नाना रूपों को फैंटेसाइज करने की प्रवृत्ति रखते हैं। फिर इन्हीं फैंटेसीज को सत्य की तरह प्रस्तुत कर टारगेट के प्रति भड़ास निकालने का मौका खोजते रहते हैं। ऐसे में यदि नफरत का टारगेट मूढ़ता या उन्माद में उनकी मदद करने लगे तो समझ लीजिए, वह बिना समझे अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने में लग गया है।

# झूठे-भ्रामक विज्ञापनों की जालसाजी



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

> भ्रामक विज्ञापनों को लेकर दर्शक रिपोर्ट भी करते हैं, लेकिन कोई एक्शन नहीं होता। ऐसे विज्ञापनों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध की सख्त दरकार है।

देशभर में झूठे, भ्रामक, फरेब, जालसाज जैसे विज्ञापनों का मामला गर्माया हुआ है। चाहे टीवी हो, अखबार हो या सोशल मीडिया हर जगहे झूठे एड भरे हैं। झूठे विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए तमाम सख्त नियम मौजूद हैं। कानून भी हल्के नहीं, कठोर हैं, लेकिन सभी हाथी के सफेद दांत जैसे निष्क्रिय ही हैं? निष्क्रिय क्यों हैं या किए हुए हैं! इस गणित को भी आसानी से समझ सकते हैं।

दरअसल 'झूठा विज्ञापन तंत्र' कइयों की जेबें भर रहा है। एक पूरी चेन है इस खेल में? विज्ञापन कंपनियां से लेकर नामचीन हस्तियां, आर्टिस्ट व सरकारों का सीधा वास्ता है, सभी मिलकर मोटा माल काट रहे हैं। ताज्जुब होता है कि ऐसी फिल्मी हस्तियां जो शराब नहीं पीती, लेकिन दारू का विज्ञापन करती हैं। ऐसे क्रिकेटर जो गुटखा-खैनी को हाथ तक नहीं लगाते? पर पैसों की चाह में उसका एड करते हैं। ऐसे भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध और हस्तियों पर जुर्माने का दिखावा-डर कैसे दिखाया जाता है जिसका ताजा उदाहरण सामने हैं।

आज से पांच वर्ष पहले, जब उपभोक्ता संरक्षण कानून-1986 को रिफार्म करके केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में नए कानून उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 के रूप में इस नियत से पारित किया था कि अब झूठे विज्ञापनों पर पूर्ण विराम लगेगा, लेकिन दुर्भाग्य वैसा हो न सका। तब नियम तो ऐसे बनाए गए थे कि किसी ब्रांड का अगर कोई नामचीन व्यक्ति झूठा एड करेगा, उस पर 10 लाख रुपये का जुर्माना या पांच वर्ष तक की जेल भी हो सकती है। वो बदला हुआ कानून भी कराह रहा है। मौजूदा समय में टीवी के पर्दे झूठे विज्ञापनों से भरे पड़े हैं। सवाल उठता है, क्या उन्हें सरकार की निगरानी समिति नहीं देखती? जरूर देखती है, लेकिन देखकर अपनी आंखें मूंद लेती हैं। बीते कुछ महीनों में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की विज्ञापन निगरानी समिति ने खाद्य व्यवसाय ऑपरेटरों के जरिए भ्रामक दावों वाले करीब तीन दर्जन केसों की पहचान की और ये सिलसिला रूका नहीं, बल्कि तेजी से आगे बढ़ रहा है। समिति केंद्र सरकार को अप्रोच करती है कि रोकथाम लगाए, लेकिन उनकी भी कोई नहीं सुनता? झूठे विज्ञापन के लिहाज से हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने अब तक का सबसे बड़ा मामला एक्सपोज किया।

भ्रामक विज्ञापन प्रसारित करने पर बाबा रामदेव द्वारा संचालित कंपनी 'पतंजलि आयुर्वेद' को तगड़ी फटकार लगाई, उनकी मार्केटिंग गतिविधियों पर प्रतिबंध भी लगाया। सरकार को कमर कसना होगा, वरना चीजें और बिगड़ेगी। बाएं हाथ का खेल है हुकूमतों का? हर्जाना और सजा दोनों बिना देर किए एक्टिव की जाएं। हालांकि कंपनियां और हुकूमतें भी अच्छे से जानती हैं कि ये धंधा गंदा हैं, जनता परेशान है, पर क्या करें, अंधी कमाई के सामने वो भी नतमस्तक हैं। पतंजलि केस को सुप्रीम कोर्ट में 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने दायर किया था। उनका आरोप है कि पतंजलि ने एलोपैथिक चिकित्सा को बदनाम किया है। कोविड-19 के दौरान टीकों के बारे में गलत जानकारी देश में फैलाई। यद्यपि इस मामले में चारों तरफ से जब बाबा रामदेव फंसे तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से मांफी भी मांगी, पर कायदे से देखें तो उनकी माफी इस बात पर मुहर लगाती है कि उनकी मंशा झूठे दावों की आड़ में क्या करने की रही होगी? पंतजलि का मामला इसलिए उजागर हुआ, क्योंकि उसे 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने कोर्ट में खदेड़ा था। वरना शिकायतें और भी बहुतेरे पीड़ित करते हैं जिनकी सुनवाई कोई करना मुनासिब नहीं समझता? एक बात पल्ले नहीं पड़ती कि पढ़ा-लिखा और जागरूक समाज भी भ्रामक विज्ञापनों के चंगुल में फंस रहा है। ये सोची समझी साजिश ही है।

बहरहाल झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर जैसे ही हमले होने शुरू हुए, उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया है। सोशल मीडिया की घेराबंदी कर ली। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर भद्दे, अश्लील और अशोभनीय विज्ञापनों की मौजूदा समय में भरमार है। लिंग वृद्धि, स्टेमिना बढ़ाना, मर्दाना जोश बढ़ाना, लंबाई-ऊंचाई में वृद्धि करने जैसे तमाम असभ्य विज्ञापन इस वक्त दिखाई पड़ते हैं। इन पर प्रतिबंध लगाना केंद्र सरकार के लिए कोई बड़ी बात नहीं? भ्रामक विज्ञापनों को लेकर दर्शक रिपोर्ट भी करते हैं, लेकिन कोई एक्शन नहीं होता। ऐसे विज्ञापनों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध की सख्त दरकार है। अगर दिक्कत है तो इस आफत को भी 'एआई' तकनीक से काबू करना चाहिए।

## सोशल फोरम

# शुभ मुहूर्त...



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

कभी कभी फिल्मों में एक दृश्य आपने देखा होगा। पति बाथरूम में नहा रहा है और अंदर से ही आवाज लगा पत्नी को तौलिया देने को कहता है। फिर पति तौलिया देने आई पत्नी का हाथ पकड़ उसे बाथरूम में खींच लेता है। अब आगे मत पूछिए नव दंपतियों के शुरुआती दांपत्य जीवन के ऐसे बहुत से किस्से होते हैं, जहां जवानी के आवेगों के बस में कपल ऐसी हरकतें करते हैं।

ऐसा कमोबेश सभी के जीवन में घटा होगा। इससे कम ही लोग इंकार कर पाएंगे। अब सवाल है कि क्या इन हरकतों से पहले किसी ने भी घड़ी देखी, शुभ-अशुभ पर विचार किया। मुझे नहीं लगता कि ऐसा करना या सोचना भी किसी को याद रहा होगा। ऐसा क्यों है कि प्रकृति की सबसे खूबसूरत नेमत के वक्त हमें वक्त, शुभ-अशुभ का ध्यान नहीं रहता, लेकिन बाकी जिंदगी में हम शुभ अशुभ वक्त के चक्कर में पड़े रहते हैं। व्रत-रोजा अच्छी बात है, लेकिन सहरी और इफ्तार का वक्त मुकर्रर होने की वजह मुझे समझ नहीं आती। इसका रोजे से मिलने वाले सवाब से क्या संबंध है? इसका खुलासा कोई विद्वान मित्र करें। ऐसा ही कुछ बहुसंख्यकों के धर्म में व्रत-उपवास और किसी खास शुभ घड़ी में ही पूजा-पाठ त्योहार मनाना बताया गया है। यहां तो शादी-ब्याह भी कुंडली और शुभ लग्न देखकर ही तय किए जाते हैं। अब इसमें एक बड़ी रोचक बात पता लगी कि पंचांगों में ग्रहों की जिन स्थितियों के आधार पर गणना कर मुहूर्त निकाला जाता है। दरअसल ग्रहों की वास्तविक स्थिति उससे अलग होती है। इसमें लगभग पांच दिन का अंतर होता है।

पंचांगों के अनुसार सूर्य मकर में 15 जनवरी को प्रवेश करता है, जबकि वास्तव में ये 19/20 जनवरी को होगा। अब सवाल बड़ा सीधा है कि पंचांगों के अनुसार दिखाई गई गलत ग्रह स्थितियों के आधार पर सही मुहूर्त कैसे निकलेगा? क्या शुभ मुहूर्त एक विश्वास के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं जिसका हकीकत से कोई संबंध नहीं। आखिर बहुसंख्यक आबादी अगर इस पर विश्वास करती है तो इसकी वजह क्या है? और जो ये सब नहीं मानते उनका क्या बिगड़ गया और जो मानते हैं उनका क्या बन गया? -फेसबुक वॉल से

# कर्तव्यों के पालन में जीवन की सार्थकता



हरिकांत त्रिपाठी
सेवानिवृत्त आईएएस

> मेरे रिटायरमेंट के बाद ऐसे अनेक अवसर मिले जब मुझे समाज के प्रति योगदान ने अपनी सार्थकता की प्रतीति कराई। मेरा मानना है कि कोई इंसान रिटायर्ड हो जाने से अगले ही दिन फ्यूज बल्ब नहीं हो जाता।

सोशल साइट पर एक पोस्ट पढ़ रहा था कि एक रिटायर्ड आईएएस सज्जन अपने गृहनगर, जो अपेक्षाकृत छोटा शहर था, में सपरिवार किसी मजबूरी में रहने चले गए। अमूमन वे पार्क में घूमते वक्त लोगों से मिक्सअप नहीं होते थे, केवल एक-दूसरे बुजुर्ग सज्जन से कभी कभार बातें करते थे तो अक्सर अपने आईएएस होने की डींग हांकते और इस शहर के छोटी जगह होने को लेकर अपनी हिकारत व्यक्त करते रहते थे। एक दिन उन बुजुर्ग सज्जन ने पूर्व आईएएस अधिकारी को समझाया- देखिए भाई, जो रिटायर्ड हो जाता है वो फ्यूज बल्ब हो जाता है।

फ्यूज होने के पहले वो किस कंपनी का था, क्या कीमत थी, कितनी रोशनी देता था, आदि महत्वहीन और मूल्यहीन हो जाते हैं। उन बुजुर्ग सज्जन ने आगे बताया कि वे कभी किसी को यह नहीं बताते कि वे दो बार सांसद रह चुके हैं, उन्होंने बहुत सारे अन्य वॉकर्स की ओर इशारा करके बताया कि वे सब रिटायरमेंट के पूर्व बड़े-बड़े महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत थे, पर अब सामान्य नागरिक बन चुके हैं और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। मुझे यह बेहद व्यावहारिक बात लगी कि रिटायरमेंट के बाद अपने पदीय रुतबे को पूरी तरह त्यागकर सामान्य नागरिक की तरह रहना चाहिए, पर यह रिटायरमेंट के बाद ही क्यों? इंसान को तो हमेशा अपने को आम आदमी महसूस करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इसके बड़े फायदे हैं। मैंने अपनी सेवा के आखिरी नौ साल सचिवालय में बिताए और सेवानिवृत्ति के दिन मेरे सरकारी ड्राइवर ने मेरी पत्नी से कहा कि उसने अपनी लंबी सेवा अवधि में बहुत सारे अधिकारियों को सेवानिवृत्त होते देखी है, पर इतने सहज भाव में प्रसन्नता से सेवानिवृत्त होते किसी को नहीं देखा। मैं जब लंबी अवधि में सचिवालय के महत्वहीन पद पर कार्यरत था तो मेरे लिए सेवानिवृत्त होने पर किसी अतिरिक्त महत्वहीनता महसूस होने का अवसर ही नहीं था। मेरे तमाम साथी जिलाधिकारी, कमिश्नर और विभागाध्यक्षों के महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर रहे थे और निश्चय ही जब वे सेवानिवृत्त हुए होंगे तो उनमें से बहुतों को लगा होगा कि उन्हें आसमान से एकाएक धरती पर पटक दिया गया। मैं अब भी रोज सायं जब पैदल भ्रमण पर निकलता हूं तो पार्क के अतिरिक्त बाजार, सब्जी मंडी, फल की रेहड़ियों तक भी जरूर जाता हूं। तमाम सारे दुकानदार, रेहड़ी वाले, सब्जी मंडी के दुकान वाले न मेरा नाम जानते हैं और न मेरी पृष्ठभूमि, पर वे प्रायः मुझे देख कर खुश हो जाते हैं और उनमें से बहुत सारे बाबूजी नमस्ते भी बोलते हैं और मैं उनसे बहुत प्यार से भैया, बेटा कहकर बात करता हूं, दोनों पक्षों को अच्छा लगता है। फ्यूज बल्ब वाले उदाहरण से मैं सहमत नहीं हो पाता। फ्यूज बल्ब मतलब निष्प्रयोज्य जिसकी जगह कूड़ेदान में हो। क्या वाकई रिटायर्ड होते ही एकाएक कोई निष्प्रयोज्य हो जाता है? मैं अपने परिवार के लिए तो अब भी बहुत काम का हूं। अनेक विशेष कामों के अलावा रोजमर्रा की जिंदगी को चलाने के लिए भी मेरी परिवार में बड़ी उपयोगिता बनी हुई है। परिवार के अलावा मैं समाज के लिए भी अभी अपनी भूमिका को सार्थक पाता रहता हूं।

तीन चार दिन पहले मेरे एक मित्र घर आए और बोले कि उनकी बेटी को कनाडा की परमानेंट रेजिडेंटशिप लेनी है जिसमें बर्थ सर्टिफिकेट की आवश्यकता है। चुनाव की व्यस्तता के कारण काशीपुर (उत्तराखंड) के एसडीएम साहब के आदेश नहीं हो पा रहे हैं, लगता है मेरी बेटी का आवेदन बर्थ सर्टिफिकेट के अभाव में रिजेक्ट हो जाएगा। मैंने एसडीएम साहब को फोन कर उनकी समस्या बताई तो उन्होंने सहृदयतापूर्वक अगले दिन ही आदेश कर दिया। करीब ढाई महीने पहले मेरे बचपन के मित्र आचार्य जी को मेजर हार्ट अटैक पड़ा। वे सेवानिवृत्त शिक्षक हैं और फैजाबाद में रहते हैं। उनका जीवन बेहद सात्विक है और वे मजबूत शरीर के पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति हैं। फैजाबाद में प्राथमिक चिकित्सा के बाद घर वाले उन्हें डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल गोमती नगर ले आए जहां आधा तो वे मुझे देखकर ही स्वस्थ महसूस करने लगे। उनकी एंजियोग्राफी वगैरह कराकर एंजियोप्लास्टी करा दी गई और फैजाबाद अगले ही दिन वापस लौट गए। बीच- बीच में वे नियमित चेकअप के लिए आते रहे और अब लगभग ठीक हो चुके हैं।

अमेठी के तेईस वर्षीय युवा पांडेय जी को मैं फेसबुक पर जानता था। लगभग छह महीने पहले पता चला कि उनके हृदय का वाल्व एकदम खराब हो गया है, उसे रिप्लेस करवाना पड़ेगा जिसमें लगभग चार पांच लाख रुपए लगेंगे। पांडेय जी अद्भुत विद्वत्ता और प्रतिभा संपन्न हैं, पर निर्धनता इतनी है कि वे हताशा में डूब गए। उनका आयुष्मान कार्ड बनवाकर पीजीआई में उनका वाल्व बदलवा दिया गया और अब वे पूर्ण स्वस्थ हो गए हैं।

मेरे रिटायरमेंट के बाद ऐसे अनेक अवसर मिले जब मुझे समाज के प्रति योगदान ने अपनी सार्थकता की प्रतीति कराई। मेरा मानना है कि कोई इंसान रिटायर्ड हो जाने से अगले ही दिन फ्यूज बल्ब नहीं हो जाता। यह व्यक्ति की सोच पर निर्भर करता है कि वह एक सार्थक जीवन जीता है या फ्यूज बल्ब बनना चाहता है, इसका नौकरी में रहने या रिटायर होने से कोई लेना-देना नहीं है।

# बैंकों की प्रमुख जिम्मेदारी



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के नवरत्न कहे जाने वाले उपक्रमों में से एक राष्ट्रीयकृत बैंकों के मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष के मुनाफे के आंकड़े जारी किए। इन 12 राष्ट्रीयकृत बैंकों ने एक बार फिर नए प्रतिमान स्थापित करते हुए 1.41 लाख करोड़ का शुद्ध मुनाफा दर्शाते हुए अपनी उपयोगिता सिद्ध कर दी है। यह ऐतिहासिक प्रदर्शन सार्वजनिक उपक्रमों पर जनता के भरोसे को भी दर्शाता है। इस मुनाफे में सबसे बड़ा हिस्सा सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक का ही है।

यह लाभ कुल 61077 करोड़ है, जबकि यूनियन बैंक ने रुपये 13649 करोड़, पंजाब नेशनल बैंक ने 8249 करोड़ रुपये और सेंट्रल बैंक ने कुल रुपये 2549 करोड़ लाभ अर्जित किया। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक ने इसी वित्तीय वर्ष में 300 नई बैंक शाखाएं और खोलने तथा 15000 नई नियुक्तियों का भी ऐलान किया है। यह अभूतपूर्व मुनाफा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों, कुशल प्रबंधन और स्टाफ के भरपूर योगदान से ही मुमकिन हो सका है। इसका श्रेय खराब ऋण (एनपीए) की वसूली को भी दिया जाना चाहिए।

अब देखना होगा कि इस उल्लेखनीय मुनाफे के मद्देनजर स्टेट बैंक की तरह अन्य बैंक भी जो स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। क्या नई भर्ती की सौगात देंगे। क्योंकि विगत समय में बैंकों में स्टाफ की अत्यधिक कमी देखने को मिल रही है। 2014 में बैंकों का कुल स्टाफ 842813 था, जो मार्च 2023 तक घटकर 785892 रह गया है। अच्छे मुनाफे के साथ नए स्टाफ की भर्ती बैंकों की प्रमुख जिम्मेदारी होनी ही चाहिए।

# अपने ही प्रचार का खंडन कर रहे हैं प्रधानमंत्री

रायबरेली (उप्र), एजेंसी



- राहुल गांधी के समर्थन में प्रियंका गांधी ने रायबरेली में जनसभा को किया संबोधित
- बोलीं- अब प्रधानमंत्री की बातों पर कोई नहीं कर रहा भरोसा, 10 साल जुमले बाजी में चले गए

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले तीन महीनों से अपने द्वारा किये गये चुनाव प्रचार का खंडन कर रहे हैं और सच यह है कि अब कोई उनकी बातों पर भरोसा नहीं कर रहा है।

प्रियंका ने अपने भाई एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा रायबरेली सीट से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी के समर्थन में आयोजित एक जनसभा में भाजपा सरकार पर जुमलेबाजी करने का आरोप लगाते हुए कहा, 10 साल इनके जुमले चल गये, अब नहीं चलेंगे। इन्होंने कहा कि 15 लाख रुपये आपके खाते में डालेंगे, किसान की आमदनी दोगुनी कर देंगे, हर साल दो करोड़ रोजगार देंगे। जो-जो कहा वह चुनाव के बाद नकारा। आजकल तो यह स्थिति हो गयी है कि उन्होंने कल कुछ बात बोली और अगले दिन उसका खंडन कर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री की तरफ इशारा करते हुए कहा, अब इतने समय से यह चुनाव को हिंदू-मुसलमान करने का प्रयास कर रहे हैं। दो दिन पहले प्रधानमंत्री वाराणसी में नामांकन करने आये और एक पत्रकार से कहा कि मैंने तो ऐसी बात कभी कही ही नहीं। मैं देश का प्रधानमंत्री हूं। अगर मैं ऐसी बात करूंगा तो मैं प्रधानमंत्री पद के योग्य ही नहीं हूं। खुद ऐसी बात कह रहे हैं। जितना प्रचार इन्होंने तीन-चार महीनों से किया, उसका खंडन खुद ही कर रहे हैं? प्रियंका ने कहा, प्रधानमंत्री अगले दिन महाराष्ट्र गये और वहां फिर वही प्रचार शुरू कर दिया जिसका एक दिन पहले खंडन किया था। उनकी बातों पर अब कोई विश्वास कर ही नहीं रहा है।

कांग्रेस महासचिव ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि जनता को अब जिम्मेदारी भरी राजनीति को बढ़ावा देना चाहिये। उन्होंने कहा, ''इंदिरा गांधी पैदल आपके पास आती थीं। राजीव जी तो खुद डांट खाते थे अमेठी के लोगों से, कि सड़क पक्की कराओ, वरना वोट नहीं मिलेगा। प्रियंका ने कहा, मोदी सरकार को 10 साल बीत गये। बच्चों की उम्र बीत गयी है। जो बच्चे उस वक्त 18 साल के साथ आज 28 के हो गये हैं मगर उन्हें अब तक रोजगार नहीं मिला। आप सोचिये कि आपको कैसी राजनीति चाहिये। क्या ऐसी राजनीति चाहिये जो आपके प्रति जवाबदेह ही ना हो। रायबरेली से भाजपा उम्मीदवार दिन भर सिर्फ लोगों की जमीनें हड़प रहे हैं। प्रधानों और कोटेदारों को डरा—धमका रहे हैं। प्रियंका ने जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर चौदह मिल चौराहे पर एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, वे हमें हिंदू धर्म विरोधी बता कर हमारी आलोचना करते हैं। हम महात्मा गांधी के आदर्शों का पालन करते हैं, जिन्होंने मरने से पहले 'हे राम' कहा था।

## फ्लाइट में बम की सूचना पर मची अफरा-तफरी

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया की दिल्ली-वड़ोदरा उड़ान में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चालक दल के एक सदस्य ने विमान के शौचालय में एक टिशू पेपर पर बम शब्द लिखा देखा। गुरुवार को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार शाम को यह नोट मिलने के बाद विमान की जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जब चालक दल के सदस्य ने शाम सात बजे बम लिखा टिशू पेपर देखा, उस समय विमान उड़ान भरने के लिए तैयार था। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और दिल्ली पुलिस को सूचित करके यात्रियों को विमान से उतरने के लिए कहा गया। विमान की गहनता से जांच की गई तो कुछ भी नहीं मिला। एयर इंडिया के एक बयान के अनुसार, यात्रियों को गुरुवार सुबह विशेष विमान से वड़ोदरा भेजा गया।

# महाराष्ट्र होर्डिंग हादसा: कार से दो शव निकाले, मृतक संख्या 16 हुई

मुंबई, एजेंसी

- सोमवार को घाटकोपर इलाके में हुई थी घटना

मुंबई के घाटकोपर में सोमवार को होर्डिंग गिरने से हुए हादसे में मृतकों की संख्या 16 पहुंच गई है। बचावकर्मियों ने बुधवार देर रात होर्डिंग के नीचे मलबे में दबी एक कार से वायु यातायात नियंत्रक (एटीसी) के एक सेवानिवृत्त महाप्रबंधक और उनकी पत्नी के शव निकाले।

एक अधिकारी ने बताया, छेड़ा नगर इलाके में रात लगभग 12 बजे होर्डिंग के नीचे फंसी हुई एक कार से एक पुरुष और एक महिला के शव निकाले गए, जिनकी पहचान एटीसी मुंबई के पूर्व महाप्रबंधक मनोज चंसोरिया (60) और उनकी पत्नी अनीता चंसोरिया (59) के रूप में की गई है। सोमवार शाम से ही मनोज और अनीता का कोई अता-पता नहीं था। वे पश्चिमी मुंबई के एटीसी अतिथिगृह से मध्य प्रदेश के जबलपुर के लिए निकले थे। मंगलवार की रात उनके मोबाइल की लोकेशन उस पेट्रोल पंप के पास पाई गई जहां विशाल होर्डिंग गिर गया था। गैस कटर और अन्य मशीनों का इस्तेमाल करके एक-एक करके आपस में जुड़े हुए गर्डरों को काटकर दंपती के शवों को कार से बाहर निकाला। दंपती का बेटा अमेरिका में रहता है और उसके बुधवार रात को यहां पहुंचने की उम्मीद है।

### होर्डिंग लगाने वाली कंपनी का निदेशक गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने घाटकोपर में विशाल होर्डिंग लगाने वाली कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे को बृहस्पतिवार को उदयपुर से गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घाटकोपर में होर्डिंग के गिरने से 16 लोगों की मौत हो गयी थी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा टीम ने मुंबई के घाटकोपर इलाके में होर्डिंग लगाने के लिए जिम्मेदार विज्ञापन एजेंसी ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक भिंडे को गिरफ्तार किया। मुंबई में सोमवार को धूल भरी तेज आंधी में होर्डिंग गिरने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 75 घायल हुए थे।

## एक नजर

### मालदा में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत

**मालदा।** प. बंगाल के मालदा जिले में अलग-अलग स्थानों पर गुरुवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गयी। एक अधिकारी ने बताया कि इन घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। बनर्जी ने 'एक्स' पर लिखा, मैं उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं जिन्होंने मालदा में आकाशीय बिजली के कारण अपने प्रियजनों को खो दिया। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन ने मृतकों के परिवारों के लिए दो-दो लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। घायलों का अस्पतालों में इलाज जारी है। उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में मणिचक थाना क्षेत्र के दो नाबालिग और माला थाना क्षेत्र के साहापुर के तीन लोग भी हैं। दो अन्य लोग गजोल थाना क्षेत्र के अदीना और रतुआ थाना क्षेत्र के बालूपुर के है। हरीशचंद्रपुर के खेत में काम कर रहे दंपती की भी आकाशीय बिजली से मौत हो गयी। अन्य मृतकों में इंग्लिशबाजार और मणिचक थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

### तीन वाहन टकराए, चार लोगों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चेन्नई के उपनगर मदुरन्थकम में दो बसों और एक लॉरी की आपस में हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और लगभग 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक बस चेन्नई की ओर आ रही थी जिसके चालक का इससे नियंत्रण खो गया और वह एक लॉरी से टकरा गई। यह हादसा मदुरन्थकम में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुक्कथुराई में हुआ। इसी दौरान पीछे से आ रही राज्य सरकार की एक बस भी उनसे टकरा गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि लगभग 20 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को चेंगलपट्टू सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### खोदाई करते वक्त मिट्टी ढहने से 3 मजदूरों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में जाजपुर जिले के कपिलराहिसिना में गुरुवार को पाइपलाइन बिछाने का काम करते समय मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा ढह जाने से तीन श्रमिकों की दबने से मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना में मृत लोग बिहार और तमिलनाडु के रहने वाले थे और वे यहां एक निर्माण कंपनी में काम पर लगे थे। उन्होंने बताया कि काम करते समय मिट्टी का एक बड़ा ढेर ढह गया जिससे मजदूर उसके नीचे दब गये। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर मलबे से श्रमिकों को निकाला और उन्हें जाजपुर जिला मुख्यालय अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि अन्य घायल श्रमिकों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में चार गिरफ्तार

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) के अधिकारियों ने देरालाकट्टे के नजदीक चार लोगों को गिरफ्तार कर, उनके पास से 6.5 लाख रुपये मूल्य की एमडीएमए दवाएं और अन्य सामग्री जब्त की। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरोह छात्रों को नशीली दवाएं बेचने के लिए बुधवार को बेंगलुरु से मंगलुरु जा रहा था। मंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय अपराध शाखा की एसीपी गीता कुलकर्णी के नेतृत्व में श्याम सुंदर, शरणप्पा और अन्य के साथ अभियान चलाया गया था।

# लोकसभा चुनाव के चार चरणों में 67 प्रतिशत हुआ मतदान : आयोग

## आयोग ने मतदाताओं से आने वाले चरणों में अधिक मतदान करने का किया आह्वान

नयी दिल्ली, एजेंसी




- 97 करोड़ मतदाताओं में से 45.1 करोड़ ने अब तक किया मतादान
- पहले चरण में 66.14, दूसरे में 66.71 तीसरे में 65.68% हुआ मतदान

निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया। उसका यह भी कहना है कि करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से अब तक 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।

आयोग ने मतदाताओं का आह्वान किया कि वे आने वाले चरणों में मतदान के लिए बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकलें और मतदान करें। आंकड़ों के अनुसार 13 मई को हुए चौथे चरण में अद्यतन मतदान 69.16 प्रतिशत था, जो 2019 के संसदीय चुनावों में इसी चरण की तुलना में 3.65 प्रतिशत अधिक है। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान के लिए अद्यतन मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत रहा। 2019 के आम चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। गत, 26 अप्रैल को हुए चुनाव के दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 के दूसरे चरण में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था।

पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनाव में पहले चरण में 69.43 फीसदी मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग ने कहा कि संसदीय चुनाव के शेष तीन चरणों में मतदाताओं को सूचित करने, प्रेरित करने और सुविधा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को कदम उठाने के लिए कहा गया है।

### साझेदारी और सहयोग मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के आवश्यक स्तंभ

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, आयोग का दृढ़ विश्वास है कि साझेदारी और सहयोग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के आवश्यक स्तंभ हैं। यह देखना वाकई सुखद है कि आयोग के अनुरोध पर विभिन्न संस्थान, प्रभावशाली व्यक्ति और मशहूर हस्तियां स्वतः उत्साहपूर्वक काम कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 379 सीटों पर मतदान हुआ है। कुमार का कहना है कि उच्च मतदान प्रतिशत, भारतीय मतदाताओं की ओर से दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत के बारे में एक संदेश होगा। उन्होंने मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया।

# मां व बच्चों को नहीं मारना चाहता था अजीत लोन चुकाने की बात बनी हत्याकांड की वजह

संवाददाता, सीतापुर



सामूहिक हत्याकांड में खत्म हुआ अनुराग का परिवार व मां (फाइल फोटो)

- आईजी ने दी जानकारी, मुकदमे का वादी ही बना मुख्य आरोपी

**अमृत विचारः** रामपुर मथुरा इलाके के पाल्हापुर सामूहिक हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी मृतक अनुराग के भाई अजीत को गिरफ्तार कर लिया है।


पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा के अनुसार पाल्हापुर निवासी शिक्षक अजीत सिंह ने सबसे पहले भाभी प्रियंका उसके बाद मां सावित्री और भाई अनुराग के बाद तीनों बच्चों को मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद बीती 11 मई की सुबह अजीत ने अनुराग को मनोरोगी और शराबी बताकर परिवार की हत्या करने की बात कही। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जब हत्या के एंगल पर जांच की तो कई कड़िया सामने आई। आरोपी अजीत ने बताया कि लोन की रकम कौन चुकायेगा, इस बात को लेकर अजीत व अनुराग व उसकी पत्नी प्रियंका के बीच कई बार वाद-विवाद हुआ था।

10 मई की शाम अजीत अपने गांव पाल्हापुर आया। जहां उसकी मां सावित्री व भाभी प्रियंका द्वारा उसे बताया गया कि वह (अनुराग) लोन चुकाने में असमर्थ है। इस बात पर अजीत गुस्से से भर गया। उसने शाम के समय घर में बनी खिचड़ी में नींद की गोलियां मिला दीं और सभी के सोने का इंतजार करने लगा। आरोपी अजीत ने बताया कि उसका उद्देश्य केवल भाई व भाभी की हत्या करना था। मां व बच्चों को केवल नींद की गोली देकर सुलाना चाहता था। आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने बताया कि अजीत ने ही पुलिस को घटना की सूचना दी थी।

## शारीरिक शोषण धर्मांतरण के आरोपी पर रिपोर्ट

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की बुधनी पुलिस ने एक युवक पर महिला का शारीरिक शोषण करने और उसका जबरन धर्मांतरण कराने के मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी सुलेमान खान के खिलाफ पुलिस ने महिला का शारीरिक शोषण करने और उसका जबरन धर्मांतरण कराने सहित अन्य धाराओं पर प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। दरअसल, महिला अपने पति की मृत्यु के बाद ऑटो में बैठकर अपने पिता के घर जा रही थी। इसी दौरान ऑटो चालक ने आशु नाम बताकर उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया और उसे लेकर भोपाल आ गया। भोपाल आने के बाद जब वह उसे अपने घर ले गया, तो उसका खुलासा हुआ कि वह आशु नहीं सुलेमान है। इसके बाद आरोपी महिला पर धर्मांतरण का दवाब बना रहा था। महिला किसी तरह उसके चंगुल से बचकर निकली और पुलिस में शिकायत दर्ज करायी।



लोकसभा चुनाव के बीच गुरुवार को श्रीनगर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। गुरुवार को सुरक्षाकर्मी डल झील पर नाव पर गश्त करते हुए। • एजेंसी

### अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए श्रीनगर पहुंचे अमित शाह

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कश्मीर घाटी की दो दिवसीय यात्रा के लिए गुरुवार को श्रीनगर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि श्री शाह इस दौरान वार्षिक अमरनाथ यात्रा की व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। यात्रा जून में शुरू होने वाली है। वह प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व से भी मिलेंगे और जम्मू-कश्मीर में संसदीय चुनाव के बाद राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करेंगे। उनके समाज के विभिन्न वर्गों के कुछ प्रतिनिधिमंडलों से भी मिलने की संभावना है। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि श्री शाह का दौरा राजनीतिक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के लोग, जिनमें गुज्जर, बेकरवाल, दल निवासी शामिल हैं, नागरिक समाज के सदस्य और अन्य लोग उनसे मिल सकते हैं, क्योंकि मिलने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।

# ओडिशा की चुनावी हिंसा में भाजपा कार्यकर्ता की मौत

भुवनेश्वर, एजेंसी

- घटना में तीन अन्य घायल, आठ संदिग्धों को किया गिरफ्तार

ओडिशा में गंजम जिले के श्रीकृष्णशरणपुर गांव में चुनावी हिंसा के दौरान भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक बीजू जनता दल (बीजद) समर्थकों ने कथित तौर पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर उस समय हमला किया जब वे गांव में चुनाव प्रचार में व्यस्त थे। हमले में घायल चार भाजपा कार्यकर्ताओं को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बाद में उन्हें बरहामपुर के एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां दिलीप पाहन ने बुधवार रात दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल तीन भाजपा कार्यकर्ताओं में से एक की हालत बिगड़ने पर उसे भुवनेश्वर स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने हिंसा के सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है और क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की एक प्लाटून तैनात की है। मृतक के परिवार के सदस्य और भाजपा समर्थक, पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ विरोध करते हुए खल्लीकोट पुलिस स्टेशन पर एकत्र हुए और कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिंसा में शामिल दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर खल्लीकोट पुलिस स्टेशन के सामने सड़क जाम भी किया। इस बीच मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने चुनावी हिंसा की कड़ी निंदा की है। ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी ढल ने गंजम जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को हिंसा को नियंत्रित करने तथा क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## संदेशखालि की महिला के अपहरण का प्रयास दो आरोपी नामजद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में एक महिला ने गुरुवार को तीन लोगों पर रात के समय घर के बाहर से उसके अपहरण का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सूत्रों के मुताबिक, महिला ने इस इलाके में कथित अत्याचार के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, तीन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया। महिला ने शिकायत में दो लोगों को नामजद किया है। फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। भाजपा नेता और वकील प्रियंका टिबरेवाल द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक कथित वीडियो में महिला को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उसका मुंह बंद कर उसे घर से घसीटते हुए लाया गया लेकिन जब उसकी बेटी ने शोर मचाया तो अपहरणकर्ता एक तालाब के पास उसे फेंक कर फरार हो गये।

## तेज रफ्तार बस ने कार को मारी टक्कर, चार की मौत

कांथी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

- ममता बनर्जी ने मृतकों के परिवार को अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की

पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में बृहस्पतिवार को एक कार और एक बस में भिड़ंत होने से कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया और कहा कि राज्य सरकार मृतकों के परिजनों को मुआवजा देगी।

पुलिस के अनुसार दुर्घटना सुबह सात बजकर 15 मिनट पर मारीशदा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 116 पर हुई। दीघा से आ रही कोलकाता जाने वाली बस और विपरीत दिशा से आ रही कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। कार में सवार चारों लोगों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक्स पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, मुझे यह जानकर दुख हुआ कि आज सुबह पूर्व मेदिनीपुर के मारीशदा में एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मैं पीड़ितों के परिवारों, रिश्तेदारों और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। जिला प्रशासन हरसंभव मदद प्रदान करेगा। राज्य सरकार पीड़ितों के परिवारों को वित्तीय मुआवजा भी प्रदान करेगी।

# तबाही मचा सकते हैं रौशनी बिखेरने वाले सौर तूफान

लैंकेस्टर (यूके), एजेंसी



- 8 मई के आसपास सूर्य के एक सक्रिय क्षेत्र में विस्फोट होने से रंग बिरंगी रोशनी से भर गया था आसमान
- भू-चुंबकीय तूफान से मानव-निर्मित बुनियादी ढांचे को हो सकती है क्षति
- आयनमंडल में गड़बड़ी से बढ़ी विस्फोटों की शृंखला

हाल ही में दुनिया भर में लाखों लोगों की आंखों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाला एक नजारा देखा, जब ऑरोरा बोरेलिस और ऑरोरा ऑस्ट्रेलिस से आकाश भर गया। यह ऐसी रोशनी होती है, जो अमूमन पृथ्वी के ध्रुवों के आसपास एकदम शीर्ष क्षेत्रों में देखी जाती है। ऑरोरा उत्पन्न करने वाले वही भू-चुंबकीय तूफान हमारे ग्रह के मानव-निर्मित बुनियादी ढांचे में विनाश का कारण बन सकते हैं।

सूर्य के उच्च ऊर्जा कणों के हमारे वायुमंडल से टकराने के कारण आने वाले इन तूफानों में विद्युत ग्रिडों और उपग्रहों को नष्ट करने की क्षमता होती है। तो हाल ही में अंतरिक्ष में आए इस तूफ़ानी मौसम के प्रभाव क्या थे? 8 मई के आसपास, सूर्य के एक सक्रिय क्षेत्र में विस्फोट हुआ, जिससे चुंबकीय और विद्युत आवेशित सामग्री का एक अरब टन का बादल पृथ्वी की ओर उड़ गया, जिसे कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के रूप में जाना जाता है। यह लगातार कई सीएमई में से पहला साबित हुआ, जो बाद में एक एकल, विशाल संरचना में विलय हो गया। यह हमारे ग्रह के मैग्नेटोस्फीयर से टकरा गया। यह पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष का ऐसा क्षेत्र है, जो स्थलीय चुंबकीय क्षेत्र पर हावी है। जैसे ही सीएमई से उप-परमाणु कणों को नीचे की ओर धकेला जाता है, आयनमंडल के रूप में पहचाने जाने वाले वायुमंडल के हिस्से के माध्यम से बहने वाले विद्युत प्रवाह के चैनल तीव्र हो जाते हैं। ऑरोरल डिस्प्ले को ट्रिगर करने के अलावा, यह पृथ्वी की सतह पर शक्तिशाली चुंबकीय उतार-चढ़ाव का कारण बन सकता है। परिणामस्वरूप, बिजली ग्रिड, पाइपलाइनों और रेलवे लाइनों के माध्यम से विद्युत धाराएं प्रवाहित हो सकती हैं, जो संभावित रूप से सामान्य संचालन को बाधित कर सकती हैं।

### स्पेसएक्स के स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रह तूफान के कारण दबाव में थे

सीएमई से निकलने वाले उप-परमाणु कण सौर पैनलों और उपग्रहों के इलेक्ट्रॉनिक्स को नुकसान पहुंचा सकते हैं। शनिवार को, एलोन मस्क ने कहा कि उनकी कंपनी स्पेसएक्स के स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रह तूफान के कारण बहुत दबाव में थे, लेकिन अब तक टिके हुए हैं। आयनमंडल में गड़बड़ी सूर्य पर फ्लेयर नामक उज्ज्वल विस्फोटों की एक शृंखला से बढ़ गई थी, जिसने पृथ्वी के सूर्य के प्रकाश वाले हिस्से पर उच्च ऊर्जा विकिरण डाला था।

## मतगणना के बाद भी केंद्रीय बलों की 25 कंपनी तैनात रहें

- 4 जून को होगी मतगणना निर्वाचन आयोग ने गृह मंत्रालय को दिए निर्देश

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने आंध्र प्रदेश में चुनाव के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय को चार जून को मतगणना के बाद भी केंद्रीय बलों की 25 कंपनियां प्रदेश में तैनात रखने का निर्देश दिया हैं। आयोग ने चुनाव बाद हिंसा की घटनाओं पर राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को अपनी अप्रसन्नता व्यक्त की। आयोग ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ऐसी हिंसा दोबारा न हो और सभी पुलिस अधीक्षकों को भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए पहले से ही उपाय करने की जिम्मेदारी सौंपी जाए। निर्वाचन आयोग ने आंध्र प्रदेश में चुनाव के बाद सोमवार और मंगलवार को हुई हिंसा का संज्ञान लेते हुए घटनाओं को रोकने में प्रशासन की विफलता पर व्यक्तिगत रूप से स्पष्टीकरण देने के लिए राज्य के मुख्य सचिव केएस जवाहर रेड्डी और पुलिस महानिदेशक हरीश गुप्ता को बृहस्पतिवार को यहां निर्वाचन सदन तलब किया था। आयोग ने चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद किसी भी हिंसा को नियंत्रित करने के मद्देनजर गृह मंत्रालय को मतगणना के बाद 15 दिन के लिए आंध्र प्रदेश में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 25 कंपनियों को तैनात रखने का निर्देश देने का फैसला किया है।

# मेरे लिए नेशन फर्स्ट, हिंदू धर्म के लिए सत्ता को ठुकरा सकता हूं

## मुख्यमंत्री ने फतेहपुर सहित कई जगहों पर किया प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में कई जिलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने फतेहपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के लोगों को यहां जनसभा में जनता नहीं मिल रही, तो वह प्रेस कॉन्फ्रेंस तक सीमित हो चुके हैं।

यहां योगी ने केजरीवाल को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि केजरीवाल मेरा नाम लेने लगे हैं, मगर मैं तो एक योगी हूं और मेरे लिये नेशन फर्स्ट है। मैं देश, सनातन और हिंदू धर्म के लिए एक बार नहीं बल्कि 100 जन्म लेकर भी सत्ता को ठुकरा सकता हूं। योगी ने जहां आजमगढ़ और लालगंज लोकसभा सीट पर प्रधानमंत्री के साथ प्रचार अभियान में साथ दिया। वहीं कौशाम्बी, हमीरपुर-महोबा और फतेहपुर सीटों पर खुद चुनाव प्रचार करते हुए कांग्रेस, सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। योगी ने सपा, कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि आजमगढ़ को बदनाम करने वाले लोग आज बेनकाब हो चुके हैं। वहीं कौशाम्बी में उन्होंने सपा-कांग्रेस के गठबंधन को नरकगामी और पाप का प्रतीक बताया।

### पहले हर एक व्यक्ति पर सुरक्षा का था खतरा



आजमगढ़ के लालगंज में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि देश 10 वर्ष पहले पहचान और विश्वास के संकट से जूझ रहा था। हर एक व्यक्ति पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा था। कौशांबी लोकसभा क्षेत्र के मंझनपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के लिए अधिक से अधिक मतदान की अपील की।

## रायबरेली में सोनिया गांधी आज करेंगी जनसभा को संबोधित

**रायबरेली, अमृत विचार :** रायबरेली संसदीय सीट के चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी गुरुवार शाम रायबरेली पहुंच गई हैं। शुक्रवार सुबह वह शहर के आईटीआई ग्राउंड में राहुल गांधी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगी। उनके साथ प्रियंका गांधी व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी मौजूद रहेंगे। गुरुवार की देर शाम सोनिया गांधी फुरसतगंज एयरपोर्ट पर चार्टर्ड पेन से उतरकर सीधा अपने भुएमऊ गेस्ट हाउस पहुंची, जहां पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सोनिया गांधी ने देर रात पार्टी संगठन के नेताओं से जिले के चुनावी हालात पर चर्चा की।



## मोर की मौत के बाद बिना प्रोटोकॉल दफनाया शव

संवाददाता, कुंवरगांव(बदायूं)

- ट्वीट हुआ तो गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव के अंतिम संस्कार में प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया। डायल 112 पुलिस पहुंची। बिना सम्मान और पोस्टमार्टम कराए गड्ढा खोदवाकर शव को दफन करा दिया।

पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देते हुए पुलिस को ट्वीट किया। इसके बाद वन विभाग ने गड्ढे से मोर का शव बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए बरेली आइवीआरआइ भेज दिया। अधिकारी अब ससम्मान अंतिम संस्कार की बात कह रहे हैं। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर गांव सिलहरी के ग्रामीणों ने पेट्रोल पंप के पास गुरुवार सुबह लगभग सात बजे मोर का शव देखा। गांव के लोगों ने वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा तो लोगों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। दो पुलिसकर्मी गांव सिलहरी पहुंचे। वन विभाग को सूचना नहीं दी। प्रोटोकाल का पालन नहीं किया। राष्ट्रीय पक्षी होने के बाद भी मोर को सम्मान नहीं दिया। पोस्टमार्टम नहीं कराया। जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर मोर के शव को उठाकर में रख दिया। ऊपर से सफेद कपड़ा ढांक कर मोर को दफन कर दिया। इसके बाद पुलिसकर्मी वहां से चले गए।

पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा को जानकारी मिली तो उन्होंने वन विभाग को फोन कर सूचना दी। साथ ही पुलिस को भी ट्वीट किया। इसके बाद विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हरकत में आए।

## सार-संक्षेप

### रेलवे ने तोड़ा नवाबों के जमाने का बना ओवर ब्रिज

**रामपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद और बरेली से आई रेलवे की टीमों ने नवाबों के समय में बने फुट ओवर ब्रिज को गुरुवार को तोड़ दिया। इस दौरान डाउन लाइन को सुबह सात से दोपहर 1:40 बजे तक बंद रखा गया। नवाबी दौर के रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बना था। इसके सहारे यात्री प्लेटफार्म नंबर एक से दो और तीन पर जाते थे। लेकिन यह पुल धीरे-धीरे चटक रहा था। इसके ऊपर पड़ा लिंटर भी चटक गया था। इसके बारे में रेलवे के उच्च अधिकरियों को अवगत कराया गया था। इसके चलते करीब एक वर्ष से इसे पूरी तरह बंद कर दिया गया था। दो दिन पहले पुराने फुट ओवर ब्रिज को हटाने के आदेश जारी किए गए थे। इसके बाद गुरुवार की सुबह सात बजे रेलवे के अधिकारी पहुंचे। इसके बाद मशीन से उस पुल को हटाया गया। इस दौरान सुबह सात से दोपहर 1:40 बजे तक डाउन लाइन को बंद रखा गया।

### नर्सिंग व पैरामेडिकल परीक्षा, 22 तक आखिरी मौका

**लखनऊ, अमृत विचार :** नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में जून माह से होने वाली मुख्य वार्षिक परीक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं के प्रवेश जारी हो चुके हैं। उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव ने सभी कॉलेज प्रबन्धकों को निर्देश देते हुए कहा कि कॉलेजों द्वारा जिन छात्र-छात्राओं का शुल्क जमाकर विवरण अपलोड कर दिया गया था, उन सभी के प्रवेश पत्र जारी किये गए हैं। अगर किसी भी अभ्यर्थी का त्रुटि व तकनीकी कारणों से प्रवेश पत्र जारी नहीं हुआ है, वह 22 मई 2024 तक त्रुटि संशोधित कराकर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद संशोधन का मौका नहीं मिलेगा। मालूम हो कि जून माह मे जीएनएम, एएनएम व लैब टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी व फार्मेसी आदि पाठ्यक्रमों की प्रथम, दितीय व तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षाएं होनी हैं।

### शार्ट सर्किट से ट्रेन के एसी कोच पैनल में लगी आग

**करनैलगंज, अमृत विचार :** गुरुवार को मैजापुर स्टेशन के पास 05251 सुपरफास्ट ट्रेन के एसी कोच पैनल में शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही रेल कर्मियों के सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया जिससे हादसा होते-होते टल गया। मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट स्पेशल एसी एक्सप्रेस बृहस्पतिवार को दोपहर में गोंडा जंक्शन से अपने निर्धारित समय पर निकली थी। 2:45 बजे गोंडा कचहरी स्टेशन से पहले ट्रेन के एसी कोच 222286 इकोनॉमिक्स एम-2 के पैनल में शार्ट सर्किट से आग लग गई और बोगी के नीचे से धुआं निकलने लगा। जिसे देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। मैजापुर स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही यात्री कूद कर भागने लगे। आधे घंटे तक अफरातफरी रही। सूचना कंट्रोल रूम को देने के बाद ट्रेन को मैजापुर स्टेशन पर रोका गया। ट्रेन में मौजूद कर्मियों और आरपीएफ जवान विनायक सिंह ने अग्निशमन यंत्र की सहायता से आग को समय से बुझा दिया जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### बालक का चाइनीज मांझे से कटा चेहरा

**बहराइच, अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होकर एक परिवार बाइक से घर जा रहा था। नानपारा बहराइच मार्ग पर चौपाल सागर के पास बाइक से जा रहा बालक चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौवा निवासी हरिओम के रिश्तेदारी में बुधवार को शादी समारोह कार्यक्रम में था। जिसमें वह शामिल होने के लिए परिवार समेत आया था। गुरुवार सुबह छह बजे हरिओम बाइक से घर के लिए रवाना हुआ। पत्नी को बाइक पर पीछे बैठाए थे। जबकि बेटा देवांश (6) आगे बाइक पर बैठा था। सभी राम गांव थाना क्षेत्र के नानपारा बहराइच मार्ग पर चौपाल सागर के निकट पहुंचे तभी शिवांश चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया।

## सामुदायिक प्रयास से हो सकता है डेंगू पर नियंत्रण : डॉ. सिंघल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर संपन्न संगोष्ठी में डेंगू मुक्त बनाने का लिया संकल्प

**अमृत विचार :** डेंगू के हर मामलों में अस्पताल जाने की जरूरत नहीं होती। घर पर ही रहकर इलाज किया जा सकता है लेकिन तेज बुखार के साथ घबराहट, चक्कर आना, ब्लड प्रेशर कम होना, लगातार उल्टियाँ आना, हाथ-पैरों में दर्द या शरीर के किसी भी अंग से रक्तस्राव हो रहा हो तो उसे तुरंत ही अस्पताल ले जाएं। यह बात संयुक्त निदेशक मलेरिया और डेंगू डॉ.विकास सिंघल ने कही।

वह, राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर गुरुवार को निजी इंस्टीट्यूट में राष्ट्रीय वेक्टर बार्न डीजीज विषयक कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने "समुदाय से जुड़ें-डेंगू पर नियंत्रण पाएं" थीम पर चर्चा करते हुए कहा कि डेंगू मरीजों में ध्यान रखें कि शरीर में पानी की कमी न होने पाए क्योंकि पानी की कमी से मरीज शॉक में चला जाता है। इसलिए डेंगू होने पर ओआरएस, तरल पेय पदार्थ का सेवन करें। डेंगू के उपचार में फ्लूड मैनेजमेंट ही महत्वपूर्ण है। कीट विज्ञानी सुदेश ने "हर रविवार मच्छरों पर वार, लार्वा पर प्रहार, बुखार में देरी पड़ेगी भारी" की चर्चा करते हुए कहा कि जो जानकारी यहां मिली हैं उसका उपयोग खुद करें और परिवार और दोस्तों को भी जानकारी दें जिससे कि डेंगू से बचाव हो सके। उन्होंने मौजूद लगभग 400 छात्र-छात्राओं को डेंगू नियन्त्रण में अहम भूमिका निभाने की शपथ दिलाई।

## पांच मामलों में आजम समेत 12 पर आरोप तय

**रामपुर।** जौहर यूनिवर्सिटी के लिए किसानों की जमीन कब्जाने के पांच मामलों में गुरुवार को एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, उनके परिवार के चार सदस्यों और चमरौआ के सपा विधायक नसीर खां समेत 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए। अब इस मामले में 21 मई को सुनवाई होगी। कोर्ट ने आजम खां, आलेहसन, कुशलवीर, तंजीन फात्मा, अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम, निकहत अखलाक, जकी उर रहमान सिदद्की, मुश्ताक अहमद सिदद्की, फसीह जैदी और लेखपाल आनंदवीर सिंह पर आरोप तय कर दिए।

## अस्पष्ट आरोप अभियुक्त की सामाजिक और पारिवारिक प्रतिष्ठा को करते हैं धूमिल:हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज के एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि ऐसे मामलों में अभियोजन पक्ष के लिए आरोपों का भौतिक विवरण और आरोपों के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत करना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। अस्पष्ट आरोप अभियुक्त की निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार का उल्लंघन कर सकते हैं।




अनावश्यक आरोप अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न करके आरोपी के बचाव पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। विशिष्ट विवरण और साक्ष्य के बिना अभियुक्त का बचाव पूर्वाग्रहपूर्ण हो सकता है। स्पष्ट विवरण तथा योग्य साक्ष्यों के बिना अभियुक्त को आरोपों का खंडन करने या एक सम्मोहक प्रतितर्क प्रस्तुत करने में कठिनाई हो सकती है। अधिवक्ता आमतौर पर ऐसे मामले तैयार करने के लिए तारीख, समय, स्थान और गवाहों की विशिष्ट जानकारी पर भरोसा करते हैं, लेकिन अस्पष्ट विवरण से बचाव पक्ष को उनकी प्रतिक्रिया का अनुमान लगाने या सामान्यीकरण करने के लिए छोड़ दिया जाता है, जो कोर्ट में उनके पक्ष को कमजोर कर सकता है। बिना किसी पुष्टि के लगाया गया आरोप अभियुक्त के खिलाफ कलंक और पूर्वाग्रह का कारण बन सकता है।

कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में आगे कहा कि दहेज मामलों में किसी संपत्ति या मूल्यवान वस्तु की मांग को लेकर गैरकानूनी ढंग से किसी महिला को उसके पति या पति के रिश्तेदारों द्वारा क्रूरतापूर्वक परेशान किया जाता है। यह सत्य है कि दहेज की मांग कानून के तहत निषिद्ध है और एक दंडनीय अपराध है, लेकिन कभी-कभी ऐसे आरोप व्यक्तिगत प्रतिशोध और सबक सिखाने की भावना के साथ अभियुक्त पर लगाए जाते हैं।

### देश के संरक्षित वन क्षेत्रों में पीलीभीत के बाघ मित्र मॉडल की गूंज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बाघों की सुरक्षा एवं निगरानी में पीलीभीत टाइगर रिजर्व का बाघ मित्र मॉडल खासा मुफीद साबित होता नजर आ रहा है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ व पीटीआर के सहयोग से पीटीआर में बाघ मित्र मॉडल को मिली सफलता के बाद अब इसे अमानगढ़ टाइगर रिजर्व समेत पांच वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में लागू किया जा चुका है। अब जल्द ही पीटआर के बाघमित्र उत्तराखंड के नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में जाकर वहां के वालंटियर्स को ट्रेनिंग देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी करेंगे। जनपद के जंगल को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा मिला था। साल दर साल बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए इसकी रोकथाम के प्रयास शुरू किए गए। इसी क्रम में पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने बाघ मित्र योजना बनाते हुए जंगल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले कुछ जागरूक युवाओं को टीम में शामिल किया।

### जिलाधिकारी नितीश कुमार का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज



**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नितीश कुमार का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है। यह सम्मान उन्हें सबसे बड़ा, तैरता हुआ स्वीप लोगो स्थापित करवाने के लिए दिया गया। एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के निर्णायक नरविजय यादव ने गुरुवार को अवध विश्वविद्यालय के विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में जिलाधिकारी को मेडल व प्रमाण-पत्र सौंपा। नरविजय यादव ने 15 मई को सरयू नदी में तैरते 69 गुणे 15.8 फीट साइज के लोगो का निरीक्षण कर रिकॉर्ड बनने की पुष्टि की थी।

### 3 बच्चों का पिता दूसरी शादी पंजीकरण कराने पहुंचा तो पहली पत्नी ने पकड़ा

**पूरनपुर, अमृत विचार :** तीन बच्चों का पिता एक विवाहिता को बहला फुसलाकर ले गया। रजिस्ट्री कार्यालय में विवाह पंजीकरण कराते समय दोनों को पहली पत्नी ने पकड़ लिया। इसके बाद जमकर हंगामा हुआ। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले गई। पहली पत्नी ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। जनपद शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र के गांव आलमपुर पिपरिया के रहने वाले एक युवक की शादी 15 वर्ष पहले हो चुकी है। उसके दो पुत्र और एक पुत्री है। बीते 27 मार्च को वह पत्नी और बच्चों को छोड़कर पड़ोस के गांव में रहने वाली विवाहित युवती को लेकर चला गया था। नाते रिश्तेदारों के दबाव में युवती को वापस उसके घर भेज दिया। युवती की शादी भी हो चुकी है लेकिन वह अपनी ससुराल न जाकर मायके में ही रह रही थी। 10 मई को युवक फिर विवाहित युवती को लेकर चला गया। परिजन दोनों की खोजबीन कर रहे थे।

### गर्भपात के लिए लखनऊ गई दुष्कर्म पीड़िता, हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

**अयोध्या, अमृत विचार :** अनचाहे गर्भ से निजात हासिल करने का पहला क़ानूनी मामला जिले में प्रकाश में आया है। हालांकि अभी यह क़ानूनी प्रक्रिया में है। उच्च न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म पीड़िता अपनी माँ की देखरेख में लखनऊ केजीएमयू गई है। जहां अदालत के आदेश पर सात डॉक्टरों के पैनल ने प्रक्रिया शुरू की है। पैनल की रिपोर्ट पर हाईकोर्ट 22 मई को सुनवाई करेगा। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र निवासी एक 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने अगवा कर लिया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण और बयान दर्ज कराया तो दुष्कर्म किए जाने की बात सामने आई। पुलिस ने दर्ज मामले में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई। काशीराम कॉलोनी में रहने वाले मांझा बरेहटा खाले का पुरवा के मूल निवासी भरत अग्रहरि को गिरफ्तार कर चालान किया। 15 अप्रैल को हुए मेडिकल परीक्षण में किशोरी के गर्भवती होने की बात सामने आई थी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## उत्तराखंड

## चारधाम यात्रा के दुष्प्रचार पर दर्ज होगा मुकदमा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा का दुष्प्रचार करने वाले तथा यात्रा के सम्बन्ध में फेक न्यूज या वीडियो बनाने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में चारधाम यात्रा की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने स्पष्ट किया है कि फेक न्यूज या वीडियो से यात्रा को बदनाम करने वाले तत्वों के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। बिना रजिस्ट्रेशन एवं ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन की बसों व अन्य वाहनों के यात्रामार्ग पर संचालन पर कड़ा रुख अपनाते हुए सीएस रतूड़ी ने ऐसी बसों व अन्य गाड़ियों को तत्काल रोकने तथा वापस भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग को टूर ऑपरेटर्स के साथ बिना रजिस्ट्रेशन, बिना ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन के वाहनों के मुद्दे पर बैठक करने निर्देश दिए हैं। बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जगह-जगह पर स्थापित चेक पॉइन्टस पर चिन्हित कर उचित कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव द्वारा अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों एवं पुलिस महानिदेशकों को भी पत्र भेजा जाएगा। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को अपने मोबाइल पर प्राप्त किसी भी श्रद्धालु की शिकायत पर तत्काल उचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

## पहाड़ों में वर्षा और बिजली का येलो अलर्ट जारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** मौसम विज्ञान केंद्र ने पर्वतीय जिलों में बारिश होने का अनुमान जताया है। चारधाम रूट पर भी बारिश होने की संभावना है। बारिश और बिजली को लेकर येलो अलर्ट भी जारी हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार उत्तराखंड के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, चंपावत और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। साथ ही देहरादून जिले के पर्वतीय इलाकों में भी बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही आकाशीय बिजली भी चमक सकती है। चारधाम रूटों पर भी बारिश होने की संभावना है। राज्य के अन्य इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा और मैदानी इलाकों में गर्मी का असर रहेगा।

## किशोरी से दुष्कर्म के मामले में रिश्ते का जीजा गिरफ्तार

संवाददाता, बागेश्वर

- बुधवार को किशोरी ने अस्पताल में दिया था बालिका को जन्म

**अमृत विचार :** बैजनाथ थाना अंतर्गत एक नाबालिग के मां बनने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बालिका के प्रसव के बाद उसकी मां ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी बालिका का रिश्ते का जीजा बताया जा रहा है।

बता दें कि बुधवार को 16 वर्षीय बालिका उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में आई तो चिकित्सकों ने उसके गर्भ में शिशु पाया। जिस पर उसका सुरक्षित प्रसव किया। उसने पुत्री को जन्म दिया। बालिका अभी जिला चिकित्सालय में है, जहां जच्चा-बच्चा स्वस्थ्य हैं। इधर सूचना मिलने पर बालिका की मां ने बैजनाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज की। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच की। बयानों के आधार पर पुलिस ने मामला पोक्सो के तहत दर्ज करते हुए आरोपी कृष्ण कुमार पुत्र तिल राम निवासी कमोल को घर से गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी ने पीड़िता के प्रसव के बाद देर सायं थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस ने देर रात आरोपी का पता लगाकर उसे घर से ही गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को उसे जेल भेज दिया गया है।

## पीजी में रह रही छात्रा ने फांसी लगाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** दिल्ली निवासी छात्रा ने मां को फोन करने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। शाम को साथियों ने उसके कमरे का दरवाजा तोड़ा तो शव को फंदे से लटका पाया। अशोकनगर ज्योतिनगर दिल्ली निवासी नवनीत (22 वर्ष) पुत्री अनिल कुमार टेढ़ी पुलिया काठगोदाम स्थित एनटीटीआई में पढ़ाई करती थी और उसी क्षेत्र में पीजी पर रहती थी। पुलिस के मुताबिक बुधवार की सुबह नवनीत ने दिल्ली में अपनी मां के पास फोन किया और कहा कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है। उसी दोपहर मां ने तबीयत के बारे में पता करने के लिए नवनीत को दोबारा फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा। शाम को जब पीजी में रहने वाली अन्य छात्राएं मौके पर पहुंची तो कमरा बंद था। उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर नवनीत का शव फंदे से लटका था।

## टिलैंडसिया को रास आई भीमताल की आबोहवा

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** बागवानी के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। अब जमीन के बिना भी बागवानी हो सकेगी। इसमें मददगार होगा एयर प्लांट 'टिलैंडसिया'। इस पौधे को भीमताल की आबोहवा रास आ चुकी है।



डॉ. अखिलेश त्यागी।

इसकी नर्सरी विकसित करने में फ्लोरी वेल के स्वामी व फूल विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश त्यागी को सफलता मिली है। टिलैंडसिया के पौधे को लगाने के लिए न तो मिट्टी की जरूरत होती है और न ही पानी की। डॉ. त्यागी के अनुसार लैटिन अमेरिका, ब्राजील, अर्जेंटीना, पेरू और चिली में पाए जाने वाले इस पौधे को उत्तराखंड की आबोहवा रास आ गई है। टिलैंडसिया डायनासोर काल से वजूद में हैं। इसके पौधों से आगे जो प्रजाति विकसित हुई वह मुख्यतः पेड़ों पर उगी। टिलैंडसिया से अगली प्रजाति बेमिलियर्ड कहलाई। इसकी विचित्र संरचना के चलते विदेश में इस पौधे को घरों के ड्राइंग रूम, ऑफिस और रसोईघर के सौंदर्य के लिए प्रयोग किया जाता है। भारत में इसकी पौध को पहले बेंगलुरु और भीमताल में उगाया जा रहा है।

### ऐसी होती है टिलैंडसिया की संरचना



टिलैंडसिया का पौधा हवा से आद्रता ग्रहण करता है। जिन क्षेत्रों में ज्वालामुखी सक्रिय होते हैं, वहां यह पौधा प्राकृतिक लवण और खनिज ग्रहण कर अपना विकास करता है। जिससे टिलैंडसिया की पैदावार और बढ़त स्वयं होती है। भीमताल में सिंगापुर और थाईलैंड से इसके पौधे मंगाए गए हैं। अब इन्हीं से अन्य पौधों को विकसित किया जा रहा है। वर्तमान में इसकी सीमित पौध नर्सरी में उपलब्ध है। टिलैंडसिया के फूल खूबसूरत और बहुत लंबे समय तक रहते हैं। डॉ. अखिलेश त्यागी के मुताबिक टिलैंडसिया के पौधे को आमतौर पर न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तथा 70 से 80 प्रतिशत तक आद्रता की जरूरत होती है।

कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स
193-ए, सिविल लाइन्स, बरेली
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था गुरूकुल महाविद्यालय रूद्रपुर तिलहर शाहजहाँपुर पत्रावली संख्या I-17148 की प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2023-24 पंजीकरण के सम्बन्ध में नोटरी शपथ पत्र के साथ प्रपत्र श्री सर्वेश कुमार द्वारा मंत्री की हैसियत से प्रस्तुत किये गये हैं। वर्तमान में प्रस्तुत प्रबन्धकारिणी समिति की सूची वर्ष 2023-24 में निम्नलिखित पदाधिकारी/सदस्य दर्शाये गये हैं। कु. श्री मुख्याधिष्ठाता, आचार्य राजेन्द्र प्रसाद जी (कुलपति), डॉ. श्रेष्ठा (प्रबंधक), श्री ओमशंकर सर्राफ (प्रधान), श्री अशोक कुमार (उप प्रधान), श्री अनिल कुमार वर्मा (उप-प्रधान), श्री सर्वेश कुमार (मंत्री), डॉ. सर्वेन्द्र कुमार (उप-मंत्री), श्री परशुराम (उप-मंत्री), श्री वेदप्रकाश आर्य (कोषाध्यक्ष), अनुभव आर्य (लेखानिरीक्षक), डॉ. धारणा याज्ञिकी (प्राचार्या) **अन्तरङ्ग सदस्य:-** श्री प्रणव कुमार, श्री अवनीश कुमार, श्रीमती कुसुम चोपड़ा, श्री बाबू राम, श्री छोटे सिंह, श्री रामसहाय, श्रीमती रश्मि शर्मा, श्री चेतन वर्मा, श्री उत्तम आर्य उक्त के संबंध में संस्था के किसी भी भूतपूर्व अथवा वर्तमान पदाधिकारी/सदस्यों को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अभिलेखीय साक्ष्यों सहित सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, यदि उक्त निर्धारित अवधि में किसी की कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है, तदोपरान्त आपत्ति के अभाव में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भूतपूर्व/वर्तमान सदस्यों की होगी। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सो.रजि.अधि. 1860 की धारा 4-क, के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।
सहायक रजिस्ट्रार, बरेली

### सबसे धनवान प्रत्याशी भाजपा की मेनका गांधी, 162 में से 38 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज

# छठे चरण में धनबलियों की भरमार, 59 उम्मीदवार करोड़पति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** छठे चरण के चुनाव में सबसे धनवान प्रत्याशी भाजपा की मेनका गांधी हैं और सबसे ज्यादा आपराधिक मुकदमे सपा के बाबू सिंह कुशवाहा पर हैं। चुनाव लड़ने वाले 162 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच में 59 उम्मीदवार करोड़पति हैं। 38 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, इनमें 21 पर गंभीर मामले हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा 14 निर्वाचन क्षेत्रों के नामांकनों पत्रों की जांच रिपोर्ट के आधार पर करोड़पति प्रत्याशियों में भाजपा सबसे आगे है, उसके सभी 14 उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिनकी औसतन संपत्ति लगभग 28 करोड़ हैं। दूसरे नंबर पर सपा के 12 में 11 करोड़पति प्रत्याशियों के आधार पर औसतन संपत्ति 13 करोड़ हैं। वहीं, बसपा के 14 में से 9 प्रत्याशी करोड़पति हैं, औसतन संपत्ति चार करोड़ है।

धनवान प्रत्याशियों की बात करें तो सुल्तानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी हैं। जिनकी संपत्ति लगभग 97 करोड़ के आसपास है। फूलपुर से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रवीन पटेल के पास करीब 64 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वहीं, प्रतापगढ़ से सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल के पास लगभग 46 करोड़ के आसपास की संपत्ति है।


मेनका गांधी। संपत्ति- 97 करोड़।


बाबू सिंह कुशवाहा। 25 आपराधिक मामले।

**अनपढ़ प्रत्याशी नहीं :** छठे चरण में कोई प्रत्याशी असाक्षर या अनपढ़ नहीं है। उच्च शिक्षित उम्मीदवार सबसे ज्यादा 105 हैं, 5वीं और 12वीं के बीच शिक्षा ग्रहण करने वाले 51 प्रत्याशी हैं। डिप्लोमा धारक तीन प्रत्याशी हैं और तीन उम्मीदवार मात्र साक्षर हैं।

**27 प्रत्याशी 60 वर्ष से ज्यादा, 10 महिला प्रत्याशी मैदान में :** छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्तकबीर नगर, लालगंज (सु.), आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर (सु.) और भदोही में चुनाव है। इन सीटों पर कुल 162 प्रत्याशियों में मात्र 10 महिलाएं हैं और 61 से 80 साल की आयु के प्रत्याशियों की संख्या 27 है। वहीं, 25 से 40 वर्ष के बीच के 60 प्रत्याशी, सबसे ज्यादा उम्मीदवार 41 से 60 साल के बीच के हैं, जिनकी संख्या 75 है।

#### आपराधिक इतिहास वाले प्रत्याशी भी कम नहीं

छठे चरण के 38 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कई पर तो गंभीर धाराओं में मुकदमे हैं। जौनपुर लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा पर 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह का एनएचएम घोटालों में नाम आया था, जिसके बाद मायावती ने पार्टी से उन्हें निष्कासित कर दिया था। यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर संजय सिंह ने बताया कि दूसरे नम्बर पर सुल्तानपुर सीट से सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद पर आठ मामले दर्ज हैं। वहीं, तीसरे नंबर पर मोइनुद्दीन अहमद खान जो बसपा से श्रावस्ती के उम्मीदवार हैं, उनके ऊपर 10 मुकदमे पंजीकृत हैं। दलवार देखें तो बसपा के कुल चार प्रत्याशियों पर, भाजपा के छह, सपा के नौ प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

#### सबसे गरीब प्रत्याशी

छठे चरण में प्रतापगढ़ से एसयूसीआई (सी) के प्रत्याशी राम कुमार यादव के पास मात्र 1686 रुपए हैं, दूसरे नंबर पर मछली शहर से निर्दलीय प्रत्याशी सुबास के पास मात्र 10 हज़ार रुपये और तीसरे नंबर पर मछली शहर से ही समाज परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी उर्मिला ने अपनी कुल संपत्ति 34 हज़ार रुपये बताई है।

## एनपीएस के बाद नियुक्त अध्यापकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुरानी पेंशन योजना से संबंधित मामले में महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा कि नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू होने की तिथि के बाद नियुक्त होने वाले सहायक अध्यापकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा। भले ही उनका चयन एनपीएस लागू होने से पूर्व हो गया हो। यह आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने गाजीपुर की सुषमा यादव की विशेष अपील को खारिज करते हुए दिया।

याचिका में एकलपीठ के 4 मार्च 2024 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें एकल पीठ ने याची को पुरानी पेंशन का लाभ देने से इनकार कर दिया था। याची का कहना था कि उसका चयन 1 अप्रैल 2005 को एनपीएस लागू होने की तिथि से पूर्व का है, इसलिए उसे पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए। 8 मार्च 1998 को सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी हुआ था, जिसमें याची ने आवेदन किया था। मगर उसकी बीटीसी की डिग्री मध्य प्रदेश की होने के कारण उसका चयन नहीं हुआ।

अंततः हाईकोर्ट के आदेश के बाद याची को 2006 को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। उसने पुरानी पेंशन के लिए प्रत्यावेदन दिया। मगर उन्होंने स्वीकार नहीं किया। याची का कहना था कि चयन प्रक्रिया 1998 में शुरू हुई जिसमें वह शामिल हुई। मगर नियोजकों ने उसे पूरा नहीं किया और कोर्ट के आदेश के बाद उसे 2006 में नौकरी मिल सकी।

## राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित तीन पर रिपोर्ट

**अमेठी, अमृत विचार :** एक दिन पहले राजपूतों के बीच जाकर भाजपा को वोट न देने की शपथ दिलवाना राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष को महंगा पड़ गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का शपथ दिलाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष समेत तीन पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बुधवार को अमेठी पहुंचे राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने भाले सुल्तान थाना क्षेत्र के सादीपुर गांव में भैरवनाथ बाबा मंदिर के प्रांगण में क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ बैठक की थी। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद लोगों को लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट न देने की अपील करते हुए शपथ दिलाई। राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का क्षत्रिय समाज को लोगों को शपथ दिलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए एसआई सोहनलाल की तहरीर पर राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना] सादीपुर निवासी अवधेश सिंह व भरत कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# साइबर ठगों ने लगाई टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों में सेंध

### चीन के मोबाइल एप से हैक करते है सिस्टम, निकाल लेते हैं डाटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंक कर्मचारियों की मिली भगत से मिलती है खातों की जानकारी

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने सुनियोजित तरीके से टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों में सेंध लगा दी है। बिना खाताधारक की जानकारी के खातों से रकम निकालने के कुछ मामलों में एसटीएफ निजी बैंक और टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारी और एजेंटों को गिरफ्तार भी कर चुकी है।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव के मुताबिक इसमें जालसाजों का नेटवर्क काम करता है। गिरोह के सदस्य बैंक कर्मचारियों से संपर्क करते हैं। उनको मोटी रकम का लालच देकर एक बार में सैकड़ों खातों की जानकारी हासिल कर लेते हैं। वहीं, कुछ सदस्य टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं। जो आसानी से मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हैं। साथ ही कुछ एजेंट और कर्मचारी प्री एक्टिवेटेड सिम भी मुहैया कराते हैं। साइबर ठगों के कुछ गिरोह आम लोगों को जिस तरह चीन के एप के जरिये ठगते है, उसी तरह के एप का प्रयोग कर बैंक व टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारियों के मोबाइल व डेस्कटॉप हैक कर लेते हैं।



साइबर ठगी के मामले में दर्जनों बैंक कर्मचारी गिरफ्तार हो चुके है। इसमें बैंक मैनेजर, कैशियर व लोन दिलाने वाले शामिल है। हाल ही में एक महीने पहले वाराणसी पुलिस ने रिटायर्ड शिक्षिका से साढ़े तीन करोड़ की ठगी करने के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें अयोध्या के पुरानी सब्जी मंडी निवासी सरफराज आलम और नुरूलहुदा शामिल है। सरफराज आईसीआईसीआई बैंक लखनऊ में रीजनल हेड और नुरूलहुदा लखनऊ एचडीएफसी बैंक का कैशियर है। इसके अलावा एसटीएफ ने दो साल पहले नोएडा से 10 जालसाजों को गिरफ्तार किया। उनमें एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक की दो महिला कर्मचारी सहित चार लोग शामिल थे जो साइबर ठगों को खातों की डिटेल उपलब्ध कराते थे।

जालसाज बैंक खातों की जानकारी हासिल करने के लिए मोटी रकम खर्च करते है। 50 लाख रुपये से अधिक के खातों की जानकारी देने वाले कर्मचारी 25 से 50 हजार रुपये दिए जाते है।

#### इन एप का करते हैं प्रयोग

हेलो, वी चैट, वीबो, शेयरइट, क्यूक्यू मेल, लिवयू, एपीयूएस, एएमओआर, वीगो, मीटू, वीवा, एमआई, मेल मास्टर और वीमैट का प्रयोग करते है। इसके अलावा कुछ अन्य एप जैसे टीम व्हीवर, एनी डेस्क, इनसाइडर, इंस्टॉल बैक ट्रैक ऑन एंड्रायड, फिंग नेटवर्क, डब्ल्यूपीएस और जांटी।

## बार काउंसिल ऑफ यूपी के सचिव बने सेवानिवृत्त न्यायाधीश



**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश में 12 मई 2024 को हुई बैठक में सर्वसम्मति से राम किशोर शुक्ला,अपर जिला जज (सेवानिवृत्त) को सचिव पद पर नियुक्त किया गया। नव नियुक्त सचिव को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़, बार काउंसिल के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष क्रमशः इमरान माबूद खान, पांचूराम मौर्य, अजय यादव, जानकी शरण पांडेय, देवेंद्र मिश्रा 'नगरहा', पूर्व उपाध्यक्ष राकेश पाठक, प्रशांत सिंह अटल आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ ने दी है।

## जेल में बंद आजम से मिले प्रदेश सचिव, मुरादाबाद के दो सपा नेता

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** जिला कारागार में बंद सजायाफ्ता कैदी और पूर्व मंत्री आजम खां से सपा के प्रदेश सचिव और रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान ने गुरुवार को मुलाकात की। मुरादाबाद से आये दो सपा नेताओं ने भी मुलाकात कर उनका हाल जाना है। लोकसभा चुनाव के बीच यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। जेल में करीब 1 घंटे 10 तक चली मुलाकात के दौरान सपा नेताओं ने आजम को कुछ कागजात और खाने की चीजें भेंटकर राजनीति को लेकर गहन चर्चा की।

फर्जी जन्मप्रमाण पत्र मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खां, पत्नी और बेटे को 7-7 साल की सजा जुर्माने के साथ सुनाई थी। रामपुर में दो दिनों तक रहने के बाद आजम खां को सीतापुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। गुरुवार को जेल में मुलाकात के लिए पहुंचे रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान, मुरादाबाद से आये सपा नेता आरिज अख्तर और मोहम्मद सलीम ने आजम से मुलाकात की। जेल में चली मुलाकात के दौरान रामपुर और मुरादाबाद के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान आजम ने चुनाव में चल रही गतिविधि को लेकर भी चर्चा की। लोकसभा चुनाव के दौरान परिवार को छोड़कर राजनीतिक लोगों से आजम की यह तीसरी मुलाकात है। 22 अक्टूबर से आजम खां सीतापुर जेल की तन्हाई बैरिक में सजा काट रहे है। इस दौरान वह तीन बार रामपुर कोर्ट भी पेशी के लिए जा चुके है।



## अभद्रता करने वाले आरोपी पर कार्रवाई करे आप : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोशल मीडिया पर आम आदमी पार्टी (आप) की महिला राज्य सभा सांसद के साथ दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली अभद्रता को लेकर इंडी गठबंधन व अन्य पार्टियों को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के मामले में इंडी गठबंधन के नेताओं को दोहरा मापदंड नहीं अपनाना चाहिए, बसपा के शीर्ष से सबक लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए गुरुवार को कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व उत्पीड़न के साथ किसी भी नेता द्वारा कोई भी गलत कार्य करने पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। मुख्यमंत्री आवास में घटित अभद्रता के गंभीर मामले में दोषी के विरुद्ध अब तक कार्रवाई न होना ही अनुचित है।

## शराब के लिए पैसे न देने पर बेटे ने पिता को कुल्हाड़ी से काट डाला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र अखिलेश को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** शराब पीने के लिए पैसे न देने से नाराज पुत्र ने पिता पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौड़ और थानाध्यक्ष खरेला ने घटना स्थल पर पहुंचकर जाचं पड़ताल की और टीमें गठित कर हमलावर को गिरफ्तार कर लिया।

थाना खरेला के ग्राम पाठा निवासी इंद्रपाल साहू (52) पुत्र स्वामीदीन साहू अपने पुत्र के शराबी होने के कारण उसकी डर की वजह से वह पशुबाड़े में सोते थे। अखिलेश के शराब के लती होने के कारण वह आए दिन पिता को परेशान करता रहता था। बुधवार की रात को वह अपने पशुबाड़े में सो रहा था, तभी अखिलेश कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंच गया और शराब के लिए पैसे मांगने लगा, पिता ने पैसे देने से मना किया तो गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से पिता पर कई वार कर दिये जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। जमीन पर गिरने के बाद पुत्र ने पत्थर से पिता के सिर को कुचल दिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से पूछताछ कर की। ग्रामीणों ने बताया कि अखिलेश साहू शराब का लती था। उसके शराब के लती होने के कारण उसकी पत्नी दस साल पहले उसे छोड़कर अपने मायके चली गई थी। शराब के लिए आए दिन पिता से पैसे की मांग करता था। घर के मुखिया की मौत से परिजनों के सामने अब रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है।

## 21 लाख के गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने गाजीपुर जिले के जंगीपुर से अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा सप्लाई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को 21 लाख रुपये के गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों में एक आजमगढ़ तो दूसरा गाजीपुर का निवासी है।

एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि विगत कुछ दिनों से एसटीएफ को असम, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश आदि राज्यों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। इस दौरान एसटीएफ की एक टीम गाजीपुर पहुंची। टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग असम राज्य से गांजे की बड़ी खेप लेकर ट्रक से आजमगढ़ पहुंचने वाले हैं। एसटीएफ ने शक के आधार पर जंगीपुर के पास एक ट्रक को रोककर तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया था।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि, शाही ईदगाह मामले की सुनवाई 20 को होगी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में 16 मई को भी वाद की पोषणीयता को लेकर 3 घंटे सुनवाई चलने के बाद मामले को 20 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है। गुरुवार को मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि गलत तथ्यों के आधार पर यह वाद दायर किया गया है। इस पर हिंदू पक्ष की ओर से सिविल वाद को व्याख्यायित किया गया। हिंदू पक्ष की ओर से यह भी कहा गया कि सुन्नी वक्फ बोर्ड न्यायालय की प्रक्रिया में सहयोग नहीं कर रहा है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट और संस्थान के अधिवक्ता हरेराम त्रिपाठी व प्रणय ओझा ने संयुक्त रूप से 7 मई के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि कोर्ट की ओर से बार-बार समय देने के बाद भी सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से आवश्यक शपथ पत्र पक्षकारों को उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। दूसरी ओर वाद संख्या तीन, चार और पांच की ओर से अधिवक्ता विनय शर्मा ने पक्ष रखते हुए कहा कि प्रस्तुत मामले में विशेष उपासना अधिनियम, परिसीमा अधिनियम, वक्फ एक्ट के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

ईदगाह का पूरा क्षेत्र भगवान का गर्भगृह है। विपक्षी के पास ऐसा कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है, जिससे यह सिद्ध होता हो कि सीपीसी का आदेश 7 नियम 11 इस वाद पर लागू नहीं होता है। मालूम हो कि हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले से जुड़ी 18 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की जा रही है।

### वर्ग पहेली-72

**बाएं से दाएं**

1. 1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।

3. 1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।

6. 1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।

7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।

8. 1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।


**ऊपर से नीचे**

2. 1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला

3. 1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी

4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।

5. 1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।




### वर्ग पहेली -71 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 गुं | | 2 रि | | | | |
| ज | | 3 का | नू | न | गो | |
| न | | र | | | | |
| | 4 मॉ | ड | लिं | 5 ग | | 6 मे |
| 7 लो | | | | 8 ज | मी | न |
| भी | | | | दं | | हो |
| | 9 ख़ु | रा | फ़ा | ती | | ल |

### सुडोकू-151

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | | | |
| | 4 | | 5 | | | | | |
| | | | 3 | | | 8 | | |
| 2 | | | 9 | 7 | | | | |
| 8 | | | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 1 | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 2 | |
| | | 3 | | | 5 | | | |
| | | 9 | | 8 | | | 7 | |

### सुडोकू -150 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 8 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 | 7 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08.48 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 21.18 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** – आज व्यवसाय में आय बढ़ने से प्रसन्न रहेंगे। क्रोध व जल्दबाजी के कारण महत्वपूर्ण काम बिगड़ सकते हैं। प्रेमी जन को विवाह के लिए प्रपोज कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में उत्तम सामंजस्य रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

**वृष** – आज जीवनसाथी से अपने दिल की बातें शेयर कर सकते हैं। आलस्य की वजह से कुछ काम लंबित हो सकते हैं। स्वार्थी व्यवहार से आपको बचना चाहिए। आपकी छवि भी खराब हो सकती है। व्यापार में अदूरदर्शी निर्णय लेने से बचना चाहिए।

**मिथुन** – आज सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। पैतृक संपादा से लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए कुछ चुनौतीपूर्ण हो सकता है। थोड़े से धन लाभ के लिए कोई गलत काम न करें। परिवार के सदस्यों से अपने संबंध अच्छे रखें। आपको अपनी आर्थिक स्थिति की चिंता रहेगी। बुरे व्यवहार के लोगों से मित्रता हो सकती है।

**सिंह** – आज सभी कार्य समय पूरे हो जाएंगे जिसके कारण काफी दिनों से चला आ रहा तनाव समाप्त होगा। विदेश में नौकरी कर रहे लोगों का वेतन बढ़ सकता है। नए कारोबार में लाभ प्रतिशत बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** – आज गलत कार्यों की तरफ आपका रूझान बढ़ेगा। अपना चरित्र अच्छा रखें। शेयर मार्केट और कमीशन संबंधी कार्यों में नुकसान हो सकता है। यदि संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। व्यापार में आपको काफी सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला** – आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। घर की साज-सजावट का आप पूरा ध्यान रखेंगे। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग आपके प्रति काफी नरम भाव रखेगा। व्यापार में नए अवसर मिलने की संभावना निर्मित हो रही है।

**वृश्चिक** – आज रुके हुए कार्यों में प्रगति होने की संभावना है। पुराने ऋण का भुगतान करने से आपके ऊपर से भार कम होगा। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो दिन आपके पक्ष का रहने वाला है।

**धनु** – आज उच्चाधिकारी आपके काम के ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। गंभीर और बुद्धिमान लोगों की संगत में रहना पसंद करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपका कोमल व्यवहार लोगों को आकर्षित करेगा।

**मकर** – आज महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। घर और कार्यक्षेत्र में तालमेल की कमी रहेगी। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। शांतिपूर्वक परिस्थितियों का अवलोकन करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है।

**कुंभ** – आज धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था मजबूत होगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार देने का प्लान कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा भी कर सकते हैं। आपको व्यवसाय में शानदार लाभ मिलेगा। धन संबंधित परेशानियां दूर होगी।

**मीन** – आज आपकी गलतियां लोगों के सामने आ सकती हैं। झिझक के कारण आप अपनी बातों को ठीक तरह से रख पाने में भी मुश्किल होगी। योग और व्यायाम अवश्य करें जिससे आपको फोकस करने में आसानी होगी।

### आज की फिल्में

B4U Movies
मेला – सुबह : 10.00
हिरासत – रात : 07.00

&pictures
मालामाल वीकली – सुबह : 10.50
ऊंचाई – रात : 08.00

Sony Pix
स्पाइडर मैन : होमकमिंग – सुबह : 11.10
वंडर वुमन – रात : 08.29

Zee Cinema
नाम शबाना – सुबह : 10.45
अकेले हम अकेले तुम – शाम : 04.25

Colors Cineplex
हैलो ब्रदर – सुबह : 08.57
देवदास – दोपहर : 02.13

#### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

एक बच्चा पार्क मैं बैठकर बहुत सारी चॉकलेट खा रहा था।
पास बैठी एक महिला बोली, ज्यादा मीठा खाने वाले जल्दी मर जाते हैं।
लड़का-आपको पता है मेरी दादी की उम्र 106 वर्ष थी,जब वह मरी थी।
औरत-वह कम मीठा खाती होगी
लड़का-नहीं, वह अपने काम से काम रखती थी।

नेता-हम आपको मोबाइल देंगे, लैपटॉप देंगे ,साइकिल देंगे।
जनता-और मालिक नौकरी?
नेता-वो हमारे मामा के साले के भतीजे के लिए हम जबान दे चुके।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक– 985 फ्लैग– 1100 डीएमओ– 870 बोल्ड– 1160
**चन्दौसी :** शिवालिक– 990 फ्लैग– 1100 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 870

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन – तुलसी 1900, राज श्री 1330, फ़ार्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1840, फॉर्चुन ली0 1580, जय जवान 1450, सचिन 1530, सूरज 1475, अवसर 1635, राग गोल्ड 1610, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1715, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1770, स्वास्तिक 1870 । किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000–23500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950 । चावल–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन– मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7425–7700, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11300, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 7650, लाल हिंदुस्तान 7750, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8500, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14500, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15200, अरहर पटका छोटा 15200–15600, अरहर कोरी छोटी 16600 चीनी– डालमियां 4200, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140 (नयी), बहेड़ी 4150 (नयी)

# सेंसेक्स 677 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 22 हजार पार

## एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली, अमेरिका व एशिया के बाजारों में तेजी से मिला समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 676 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं एनएसई का निफ्टी भी 22,400 अंक के पार निकल गया। वहीं बुधवार को आई गिरावट के बाद बाजार गुरुवार फिर से संभल गया है और करीब एक प्रतिशत के लाभ में रहा। एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली तथा अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 676.69 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,663.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 73,749.47 अंक तक गया और नीचे में 72,529.97 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 203.30 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,403.85 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच घरेलू बाजार में तेजी दिखाई दी है। मजबूत वैश्विक रुख यह संकेत देता है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रह सकती है। इससे इस साल वहां नीतिगत दर में कम-से-कम दो बार कटौती की उम्मीद जान पड़ती है।

वहीं सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और कोटक महिंद्रा बैंक आदि प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक आदि के शेयर शामिल हैं।



• अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रहने के मिल रहे संकेत

### उतार- चढ़ाव के बीच बाजार एक प्रतिशत लाभ लेने में रहा सफल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि कारोबार के दौरान बाजार में उतार– चढ़ाव रहा लेकिन यह लगभग एक प्रतिशत लाभ लेने में कामयाब रहा। मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (मिडकैप) 1.07 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (स्मॉलकैप) 0.85 प्रतिशत लाभ के साथ मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट बुधवार को भी बढ़त में था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.33 प्रतिशत घटकर 82.45 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,832.83 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# एयर इंडिया सरकार की इकाई नहीं तो मौलिक अधिकार का उल्लंघन कैसा

नई दिल्ली, एजेंसी



• सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपील को किया रद
• एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति की उठाई थी मांग

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसले में कहा कि जनवरी, 2022 में टाटा समूह के हाथों अधिग्रहीत होने के बाद एयर इंडिया संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकार या इसकी इकाई नहीं रही है और इसके खिलाफ मौलिक अधिकार के उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है। साथ ही शीर्ष अदालत ने बंबई हाईकोर्ट के 20 सितंबर, 2022 के फैसले के खिलाफ दायर अपील को रद कर दिया।

हाईकोर्ट में एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों की तरफ से वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति जैसे मसलों को उठाया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि हाईकोर्ट ने एयर इंडिया के निजीकरण को आधार बनाते हुए इन रिट याचिकाओं को सुनवाई के लायक न मानते हुए उनका निपटारा कर दिया था। पीठ ने कहा कि सरकार ने एयर इंडिया के विनिवेश के दौरान अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की इकाई टैलेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी लिहाजा अब इस निजी कंपनी पर उसका कोई प्रशासनिक या सघन व्यापक नियंत्रण नहीं है। एयर इंडिया का सरकार ने विनिवेश किया था जिसमें टाटा समूह के हाथ में इसकी कमान आ गई थी। अपने विनिवेश के बाद कंपनी का नियंत्रण निजी हाथों में चले जाने के बाद उसे अब एक सरकारी इकाई नहीं माना जा सकता है।

## अल्पकालिक परिपक्वता पर एसबीआई ने एफडी दर बढ़ाई

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता पर सावधि जमा दर में 75 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। यह कदम अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी उठाए जाने की संभावना है। एसबीआई की वेबसाइट पर जारी किए गए संशोधित आंकड़े के अनुसार, 46-179 दिन की सावधि जमा (एफडी) के लिए दर 75 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 4.75 प्रतिशत थी। अन्य दो परिपक्वता अवधि 180-210 दिन और 211 दिन से लेकर एक वर्ष से कम में 25 आधार अंक की वृद्धि हुई है, जो क्रमशः छह प्रतिशत और 6.25 प्रतिशत है। दो करोड़ रुपये से कम जमा पर नई दरें 15 मई 2024 से प्रभावी हैं। इसमें कहा गया कि वरिष्ठ नागरिक मानदंडों के अनुसार संशोधित दरों पर अतिरिक्त 50 आधार अंक के पात्र होंगे। एसबीआई ने एक वर्ष से अधिक की अन्य परिपक्वता अवधियों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रखी हैं।

## निर्यात बढ़कर पहुंचेगा 500 अरब डॉलर: फियो

**नई दिल्ली।** निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद देश का वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष में 12 से 15% बढ़कर 500 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। फियो ने निर्यात को गति देने के लिए दीर्घकालीन कर्ज देने, ब्याज छूट बढ़ाने, निर्यात विकास कोष बनाने जैसे सुझाव दिये। वस्तु निर्यात 2023-24 में 437.1 अरब डॉलर रहा है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि देश का सेवा निर्यात 2024-25 में 390 से 400 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है।

# मेंथा पर फिर फिदा हुए किसान, बढ़ाई पैदावार

• सिंथेटिक मेंथा के उत्पादन व कम दाम से 2020 से घटा था प्रदेश का रकबा
• तीन साल में काफी हुई बढ़ोतरी, नए जिलों में बंद हो गई पैदावार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश-विदेश में मेंथा ऑयल की मांग बढ़ने से प्रदेश के किसान इसको पुनः गंभीर हुए हैं। निष्कर्ष यह कि वर्ष 2020 से घटे रकबा और उत्पादन में 2023 तक बढ़ोतरी हुई है। लाभ होता देखकर मेंथा बेल्ट के 37 जिलों के किसान मुख्य फसल उगाने लगे हैं। जबकि कन्नौज समेत कुछ जिलों में पैदावार बंद हो गई है। क्योंकि 2020 में सिंथेटिक मेंथा ऑयल ने बाजार में जगह बनाई थी। जो सस्ता होने से खूब बिका। इससे पैदावार और बिक्री प्रभावित हुई। इस वजह से बेल्ट टूटती गई, लेकिन दवाएं, खाद्य और पेय पदार्थ आदि में असली की जगह सिंथेटिक नहीं ले सका। इस वजह से प्राकृतिक मेंथा की मांग बढ़ने से रकबा और पैदावार में इजाफा होने लगा है।

### ठंडी होती तासीर, किया जाता निर्यात

मेंथा ऑयल की तासीर ठंडी होती है। इसका उपयोग खुशबू वाले उत्पाद में होता है। ज्यादातर औषधीय दवाएं बनती हैं। खाने की चीजें जैसे पान, टॉफी, च्युइंगम, चाकलेट, कैंडी, चाय और मिठाई आदि में डाली जाती है। किसी खाद्य सामग्री का स्वाद बनाने में ज्यादा प्रयोग होता है। कॉस्मेटिक सामान, परफ्यूम, टूथपेस्ट, माउथवाश, शैंपू, बॉडी लोशन, दर्द नाशक क्रीम. साबुन आदि में मेंथा ऑयल डाला जाता है। इसका प्रदेश से निर्यात अमेरिका, चीन और सिंगापुर जैसे देशों में होता है।

### सिंथेटिक हानिकारक, पहचान मुश्किल

कंपनियां सिंथेटिक मेंथा केमिकल से तैयार करती हैं। बिना परीक्षण इसकी पहचान मुश्किल है। इसके सेवन से बीमारियां होती हैं। दवाओं और खाद्य पदार्थों के परीक्षण पर सिंथेटिक की पहचान हुई तो प्रयोग नहीं हुआ। जबकि कॉस्मेटिक सामान बनाने वाली इकाइयां इसका प्रयोग कर रही हैं।

सिंथेटिक मेंथा से से किसानों को अच्छे दाम नहीं मिले थे और उतार चढ़ाव लगा रहा, लेकिन सिंथेटिक की मांग न होने से सुधार हुआ है। जल्द पहले से अधिक उत्पाद करेंगे।
–**विजय बहादुर द्विवेदी**, निदेशक खाद्य एवं प्रसंस्करण उप्र

### इस तरह घटा और बढ़ा प्रदेश में मेंथा का क्षेत्रफल और पैदावार

| वर्ष | क्षेत्रफल (हे.) | आयल (उत्पाद एमटी) |
|---|---|---|
| 2020 | 3,46,003 | 36,304.12 |
| 2021 | 3,46,299 | 35,007.04 |
| 2022 | 3,47,461 | 35,117.46 |
| 2023 | 3,48,682 | 35,154.10 |

### इन जिलों में हुई बढ़तोरी

| जिला | 2020 | 2023 |
|---|---|---|
| बदायूं | 4837.21 | 4920 |
| मुरादाबाद | 2281 | 2357 |
| रामपुर | 2366 | 2359 |
| संभल | 3591 | 3626 |
| लखनऊ | 910 | 938 |
| सीतापुर | 4656 | 4713 |
| बाराबंकी | 9935 | 9963 |
| बरेली | 74 | 76.21 |

(आंकड़े एमटी में)



## एक नजर

### बंगाल में 10 स्थानों पर आईटी की छापेमारी

कोलकाता। आयकर (आईटी) अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में कोलकाता के दक्षिण से लेकर उत्तरी हिस्सों तक 10 स्थानों पर छापे मारे और लगभग 55 लाख रुपये जब्त किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आईटी अधिकारी बुधवार से शहर के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान चला रहे हैं, जिनमें दक्षिण में गरियाहाट, मध्य भाग में एस्प्लेनेड और उत्तर में शोभा बाजार शामिल हैं।

### जैश के शीर्ष आतंकी की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर। एनआईए ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के एक शीर्ष सदस्य की सात अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। आतंकवादी सरताज अहमद मंटू की जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले के किसरीगाम में 19 मरला और 84 वर्ग फुट की भूमि और संपत्तियों को बुधवार को कुर्क कर लिया गया।

### भंडारे के भोजन से 90 बीमार, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक मंदिर के बाहर आयोजित भंडारे में खाना खाने से कई लोगों की तबीयत खराब हो गई और कम से कम 90 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार शाम को नायगांव में हुई। शिव मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे में श्रद्धालुओं को अम्बील और खीर का प्रसाद दिया गया। अम्बील खाने के बाद श्रद्धालुओं को चक्कर आने के साथ उल्टी होने लगी। शुरुआत में कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन देर शाम कुछ और लोगों ने खाद्य विषाक्तता की शिकायत की।

### कविता की याचिका पर रुख स्पष्ट करे सीबीआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर गुरुवार को सीबीआई से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई को नोटिस जारी किया और सुनवाई 24 मई के लिए तय कर दी। इसी दिन ईडी के धन शोधन के मामले में जमानत को लेकर कविता द्वारा दाखिल अन्य याचिका पर भी सुनवाई होनी है। कोर्ट ने नोटिस जारी किया और अधीनस्थ न्यायालय के आदेश के खिलाफ कविता की एक अन्य याचिका पर भी सीबीआई से जवाब मांगा।

# देश को नहीं चाहिए एक-एक साल वाला पीएम: शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री ने बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों की रैलियों में इंडिया गठबंधन को घेरा

सीतामढी/मधुबनी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि देश को एक मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए, न कि बारी-बारी, एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री। बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इंडिया गठबंधन वालों का कुछ होना नहीं है। पर मान लीजिए, वे स्वप्न में भी जीत जाते हैं तो उनका प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार कौन होगा। ममता बनर्जी बन सकती हैं क्या, लालू बन सकते हैं क्या, स्टालिन बन सकते हैं क्या, शरद पवार बन सकते हैं क्या, जब गठबंधन वालों से पूछा गया कि आपका प्रधानमंत्री का प्रत्याशी कौन है तो उन्होंने कहा, बारी-बारी एक-एक साल बनेंगे। अरे यह परचून की दुकान है क्या कि पीढ़ी दर पीढ़ी चलेगी।

उन्होंने कहा, देश को मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए जो उसे सभी खतरों से निकाल ले। कोरोना जैसी महामारी आ जाए तो नेतृत्व करे। देश को अगर संकट से कोई बचा सकता है तो वह मोदी हैं। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, गो हत्या करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले पर शाह ने कहा, यह केंद्र सरकार का सही फैसला था। पीएफआई देश को इस्लामिक राज्य बनाना चाहता था। ये कांग्रेस वाले, ये फारूक अब्दुल्ला हमें डराते हैं कि पीओके मत मांगिए, पाकिस्तान के पास एटम बम है। अरे राहुल बाबा, आप डरिए पाकिस्तान से, एटम बम से, यह भारत किसी से नहीं डरता। मैं आज सीता माता की धरती पर कहकर जाता हूं, पीओके भारत का है, रहेगा और वह हम लेकर रहेंगे।



बिहार के मधुबनी में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अभिनंदन किया गया।

### मां सीता की जन्म भूमि पर स्मारक बनाने का काम बाकी

उन्होंने कहा, मोदी जी ने अयोध्या में रामलला का मंदिर बनाया। एक काम पूरा हुआ। अब मां सीता की जन्म भूमि पर महान स्मारक बनाने का काम बाकी है। रामलला के मंदिर से अपने आपको दूर रखने वाले वह नहीं बना सकते। सीता माता का भाव, उनके त्याग, समर्पण, तपस्या और आदर्श के अनुरूप स्मारक/मंदिर अगर कोई बना सकता है तो नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ही बना सकती है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाकर जाता हूं, न केवल भारत, न केवल बिहार, न केवल पूर्वांचल, मिथिलांचल, पूरी दुनिया का आकर्षण का केंद्र हमारा सीतामढ़ी बने, ऐसा भव्य मंदिर बनाने का काम हम करेंगे। शाह ने कहा, देश में 10 साल तक सोनिया–मनमोहन की सरकार चली जिसमें लालू यादव भी मंत्री थे। उन्होंने बिहार को मात्र दो लाख 80 हजार करोड़ रुपये दिए, जबकि मोदी जी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में बिहार को 11 लाख 33 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया।

# सरकार बनी तो 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरू : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



• कांग्रेस नेता ने एक एक वोट को बताया जरूरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है।

जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने वोट की ताकत समझिए। आपका एक वोट, 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा- आपका एक वोट। कांग्रेस को मिला आपका एक वोट युवाओं को 1 लाख रुपए वर्ष की पहली नौकरी दिलवाएगा, आपको अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगा, अपनी सरकार चुनने का अधिकार सुरक्षित कर लोकतंत्र बचाएगा और वंचितों के हक, भागीदारी तथा आरक्षण की रक्षा करने के साथ ही जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का अधिकार कायम रखेगा। इन्डिया गठबंधन को मिला आपका हर वोट, मजबूत लोकतंत्र और सशक्त नागरिक बनाएगा।

## दिल्ली में 4,600 से ज्यादा स्कूल पांच बम निरोधक दस्ते तैनात

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के बारे में एक याचिका को लेकर दिए जवाब में पुलिस ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया है कि यहां 4600 से ज्यादा स्कूलों के लिए कुल पांच बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और बम का पता लगाने वाली 18 टीम हैं।

कोर्ट में गुरुवार को दाखिल रिपोर्ट में दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने स्कूलों में बम होने की धमकियों के मामलों से निपटने के लिए पिछले साल दिशा निर्देश जारी किए थे और बीडीएस की तैनाती के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का आदेश भी दिया। एक जनवरी 2023 से इस साल छह मई के बीच स्कूलों में 120 'मॉक ड्रिल' (अभ्यास) हुए। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने पुलिस से उन कदमों का विवरण देने को कहा था कि बम की धमकी के मामले में अभिभावकों पर ज्यादा निर्भरता के बिना बच्चों को कैसे सुरक्षित निकाला जाए ताकि उनके बीच दहशत न फैले। कोर्ट ने हर जोन में स्कूलों की संख्या, संबंधित नोडल अधिकारी, 'मॉक ड्रिल' की संख्या पर विवरण देने को कहा था। याचिकाकर्ता अधिवक्ता अर्पित भार्गव ने 2023 में मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में बम होने की धमकी के मद्देनजर याचिका दायर की थी।



• स्कूलों में बम की धमकी वाली याचिका पर पुलिस ने हाईकोर्ट में रखा पक्ष

पुलिस ने रिपोर्ट में कहा कि एक-एक बीडीएस मध्य, पूर्व, नई दिल्ली और दक्षिण रेंज में है, जिसमें क्रमशः 1764, 1032, 76, 1762 स्कूल हैं। रेलवे और मेट्रो यूनिट रेंज के साथ एक-एक दस्ता है। बम का पता लगाने वाली 18 टीम (बीडीटी) हैं। सभी 15 (पुलिस) जिलों में एक-एक तथा इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, रेलवे और मेट्रो यूनिट के लिए एक-एक टीम हैं। बीडीटी के लिए रिपोर्टिंग प्राधिकारी संबंधित जिला पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) या यूनिट डीसीपी है। बम निरोधक दस्तों और बम का पता लगाने वाली टीम के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया 2021 में जारी की जा चुकी है और नोडल अधिकारी खतरे की सूचना मिलने पर इसके अनुसार कदम उठाएंगे।

## झारखंड के मंत्री आलमगीर छह दिन की रिमांड पर

रांची, एजेंसी

• धन शोधन में ईडी ने बुधवार को आलम को किया था गिरफ्तार

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड की पाकुड़ सीट से विधायक और राज्य सरकार में संसदीय मामलों के मंत्री आलमगीर आलम को बृहस्पतिवार को छह दिनों के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने आलम के लिए 10 दिन की रिमांड मांगी थी। आलम को ईडी ने बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

आलम के वकील किशलय प्रसाद ने कहा कि मंत्री की छह दिन की रिमांड शुक्रवार से शुरू होगी। आज, वह न्यायिक हिरासत में हैं। आलम के खिलाफ कोई विशिष्ट आरोप नहीं हैं। सब कुछ अस्पष्ट है। उन्होंने (ईडी) न तो किसी ऐसे व्यक्ति के नाम का खुलासा किया, जिसने पैसे लिये हैं और न ही अपराध किसने किया, इसका जिक्र है। नकदी किसी जहांगीर के पास से बरामद हुई है और उसका आलमगीर आलम से कोई लेना-देना नहीं है। आलम के वकील ने ईडी की रिमांड याचिका का विरोध करते हुए अदालत में 70 वर्षीय मंत्री की स्वास्थ्य स्थिति का भी हवाला दिया।

## कार में बंद होने के बाद दम घुटने से हुई तीन साल की बच्ची की मौत

**कोटा (राजस्थान)।** कोटा में कार में बंद होने से तीन वर्षीय बच्ची की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना तब हुई जब बच्ची के माता-पिता शादी में गए थे। बच्ची का नाम गोरविका नागर था। खतौली थाना प्रभारी बन्ना लाल ने बताया कि प्रदीप नागर अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ जोरावरपुरा गांव में शादी में गए थे। जैसे ही परिवार कार्यक्रम स्थल पहुंचा, मां और उसकी बड़ी बेटी कार से निकल आईं और प्रदीप ने वाहन पार्क कर लॉक कर दिया। प्रदीप को लगा गोरविका अपनी मां के साथ होगी और वह शादी में चले गए। दो घंटे बाद जब बच्ची के माता-पिता मिले और गोरविका के बारे में पूछा तो उन्हें पता चला कि वह वहां नहीं थी। प्रदीप को बच्ची कार की पिछली सीट पर बेहोश मिली और अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कपिल सिब्बल बने एससीबीए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के गुरुवार को हुए चुनाव में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल को अध्यक्ष चुना गया। इस चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर रचना श्रीवास्तव और सचिव पद पर विक्रांत यादव ने बाजी मारी।



पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने 1,066 मतों से जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रदीप राय को 689 मत मिले। सिब्बल इससे पहले तीन बार एससीबीए के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने 2001-02, 1997-1998, 1995-1996 के चुनावों में जीत दर्ज की थी।

## यूपी में धर्म परिवर्तन मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर शीर्ष रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

• प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के कुलपति और अन्य के खिलाफ अवैध धर्मांतरण के आरोप में दर्ज पांच प्राथमिकियों पर निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत की कार्यवाही जारी रखने के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मामले में सुनवाई अदालत में प्राथमिकी के संबंध में आगे की कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे समेत कई वकीलों की इस दलील पर गौर किया कि निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी जाए क्योंकि सभी आरोपियों को इन मामलों में राज्य पुलिस द्वारा दाखिल नए आरोपपत्रों के मद्देनजर जारी किए गए समन के बाद पेश होना होगा। आरोपियों के वरिष्ठ वकील मुक्ता गुप्ता ने कहा कि कथित पीड़ितों में से किसी की भी गवाही राज्य पुलिस द्वारा दर्ज नहीं की गई, जिनके बारे में दावा किया गया था कि उन्हें बहकाकर ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। पीठ ने दलीलें सुनीं और मामले की अगली सुनवाई दो अगस्त के लिए सूचीबद्ध की।

## कोर्ट ने यादव सिंह को सीबीआई की गिरफ्तारी से संरक्षण किया प्रदान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को नोएडा प्राधिकरण के पूर्व मुख्य अभियंता यादव सिंह को भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। भ्रष्टाचार के इस मामले में यादव सिंह ने दिसंबर 2011 में कथित तौर पर 954 करोड़ रुपये के 1280 रखरखाव ठेकों का काम आठ दिन में कराया था।

• सीबीआई के आरोप पत्र दायर करने के बाद जारी हुआ जमानती वारंट

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यादव सिंह की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि मामले में आरोपी के खिलाफ सीबीआई द्वारा पूरक आरोपपत्र दायर किये जाने के बाद उनके खिलाफ एक जमानती वारंट जारी किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि तीन साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी और अब उन्हें ताजा पूरक आरोपपत्र दाखिल होने के मद्देनजर नए सिरे से गिरफ्तारी की आशंका है।

## आज का मुकाबला

मुंबई इंडियंस

बनाम

लखनऊ सुपरजाइंटस

शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## जीत से विदा चाहेंगे मुंबई-लखनऊ

मुंबई, एजेंसी

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी। मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य हैं। तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाये और रनरेट भी खराब हो गया।

सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रनरेट माइनस 0.787 है जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का रनरेट 0.387 है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। नये कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब तक 13 मैचों में बस चार जीत सकी मुंबई इंडियंस



शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है। सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तानी सौंपे जाने से मुंबई के प्रशंसकों में काफी आक्रोश था जिसका टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ा। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तीन अर्धशतक समेत 136.36 के स्ट्राइक रेट से 465 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट हालांकि चर्चा का विषय रहा। निकोलस पूरन ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम नाकाम रही।

## हस्सी को उम्मीद, दो साल और खेलेंगे धोनी



**बेंगलुरू।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी को उम्मीद है कि करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी अगले दो साल और टीम के साथ रहेंगे क्योंकि वह बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। आईपीएल 2024 की शुरूआत से एक दिन पहले रूतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपकर 42 वर्ष के धोनी ने सभी को हैरान कर दिया था।

हस्सी ने कहा हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह खेलते रहेंगे। वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह शिविर में जल्दी आकर काफी अभ्यास करते हैं और पूरे सत्र में फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने कहा हम उनके कार्यभार को अच्छे से मैनेज कर पाये हैं। पिछले सत्र के बाद उनके घुटने का आपरेशन हुआ था। उम्मीद है कि वह दो साल और खेलेंगे।

## एक बार काम हो गया तो चला जाऊंगा फिर जल्दी नजर नहीं आऊंगा : कोहली

बेंगलुरू, एजेंसी



भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पता है कि वह हमेशा खेलते नहीं रह सकते लेकिन विदा लेने से पहले वह अपना सबकुछ क्रिकेट कैरिअर को देना चाहते हैं और उनका कहना है कि एक बार जाने के बाद वह कुछ समय नजर भी नहीं आएंगे। कोहली आईपीएल में इस सत्र में अब तक का रिकॉर्ड आठवां शतक जड़ चुके हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं।

आरसीबी द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में 35 वर्ष के कोहली ने कहा कि मलाल के बिना जीने की ललक ही उनकी प्रेरणा है। मैं कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ना चाहता ताकि बाद में कोई पछतावा नहीं हो। एक बार काम पूरा हो जाए तो मैं चला जाऊंगा और फिर कुछ समय नजर नहीं आऊंगा। जब तक मैं खेल रहा हूं, अपना सब कुछ खेल को देना चाहता हूं। हर खिलाड़ी के कैरिअर का अंतिम समय आता है। मैं भी हमेशा खेलता नहीं रहूंगा लेकिन मैं इस सोच के साथ विदा नहीं लेना चाहता कि अगर मैने उस दिन ऐसा किया होता तो अच्छा होता।

# कुवैत के खिलाफ कोलकाता में आखिरी मैच खेलेंगे सुनील

### फीफा विश्व कप क्वालीफायर में फुटबॉल करियर को कहेंगे अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि छह जून को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ होने वाला फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच उनका आखिरी मुकाबला होगा।

सुनील छेत्री ने सोशल मीडिया मंच पर भावनात्मक पोस्ट में कहा आप जानते हैं, पिछले 19 वर्षों में मुझे जो एहसास याद है, वह कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि ये इतने सारे मुकाबले हैं जो मैंने देश के लिए खेले हैं। मैंने यही किया है, अच्छा या बुरा, लेकिन अब मैंने यह कर लिया। यह पिछले डेढ़, दो महीने मैंने किया। मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि शायद मैं इस निर्णय की ओर जा रहा था कि यह गेम (कुवैत के खिलाफ), यह अगला गेम मेरा आखिरी होगा। उन्होंने 19 वर्षों के अपने फुटबॉल करिअर देश के लिए 150 मुकाबलों में 94 गोल किए। छेत्री, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी - फुटबॉल के सभी दिग्गज नामों के बाद सर्वकालिक शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय गोल स्कोरर की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

### संन्यास की घोषणा के बाद खेल जगत ने छेत्री को कहा लीजेंड

**नई दिल्ली।** चैंपियन फुटबॉलर सुनील छेत्री के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा के बाद खेल जगत के दिग्गजों ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की जिसमें विराट कोहली, 2011 विश्व कप के नायक युवराज सिंह और स्टार फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया शामिल हैं। कोहली ने उन्हें अपना अच्छा मित्र बताते हुए लिखा, मेरे भाई, तुम पर फक्र है। युवराज ने उन्हें 'लीजेंड' करार करते हुए कहा कि 39 वर्ष के खिलाड़ी की 150 राष्ट्रीय मैच खेलने की लंबी विरासत लंबे समय तक बरकरार रहेगी। खेल का सही मायने में लीजेंड जिसने भारतीय फुटबॉल को वैश्विक मंच तक पहुंचाया। आपके जुनून ने एक पीढ़ी को इस खेल में आने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय खेलों में आपकी विरासत हमेशा याद रहेगी। अब आप अपना विदाई मैच खेलने के लिए तैयार हो तो आप गर्व के साथ मुड़कर देख सकते हो। शुक्रिया लीजेंड। महान भारतीय स्ट्राइकर भूटिया ने कहा कि यह भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। इसमें कोई शक नहीं कि सुनील भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक है। भारतीय फुटबॉल के लिए उसका योगदान बहुत ज्यादा है।



**150** मुकाबलों में 94 गोल किए हैं सुनील ने



## बारिश से धुला मैच, प्ले ऑफ में हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ने के बाद प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित की। लगातार बारिश के कारण मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। अंपायरों ने अंततः रात 10:10 बजे पर मैच रद्द करने का फैसला किया।

गुजरात टाइटंस का यह लगातार दूसरा मैच है जो बारिश की भेंट चढ़ा। मैच रद्द होने से सनराइजर्स और टाइटंस दोनों को एक-एक अंक मिला। सनराइजर्स के 13 मैच में 15 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। लीग तालिका की निचली सात टीमों में अब सिर्फ चेन्नई सुपरकिंग्स ही 15 या इससे अधिक अंक जुटा सकते हैं जिससे सनराइजर्स की प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित हो गई है। अब प्ले ऑफ के अंतिम स्थान के लिए चार टीमें- चेन्नई सुपरकिंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स दावेदार हैं।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| हैदराबाद (क्वा) | 13 | 7 | 5 | 15 | 1 | +0.406 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |

अगर लखनऊ-मुंबई के खिलाफ जीत जाती है तो 14 अंक हो जाएंगे और उसकी उम्मीद जीवंत रहेगी। लेकिन अगर सुपरकिंग्स की टीम बेंगलुरू की टीम को हरा देती है या शनिवार को मैच रद्द हो जाता है तो चेन्नई की टीम प्ले ऑफ में जगह बना लेगी। आरसीबी की यदि सुपरकिंग्स को कम से कम 18 रन या 11 गेंद शेष रहते हरा देती है तो वे नेट रन रेट के आधार पर चौथा उपलब्ध स्थान हासिल कर लेंगे क्योंकि उनके दिल्ली, सुपरकिंग्स और सुपरजाइंट्स के समान 14 अंक होंगे लेकिन नेट रन रेट बेहतर होगा।

## खेल डायरी

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**बैंकॉक।** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेईराबा लुवांग मैसनाम और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत के एक दिन बाद 21 वर्षीय मेईराबा ने 50 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हरा दिया। मेईराबा को अगले दौर में विश्व चैंपियन और स्थानीय दावेदार कुनलावुत वितिदसार्न की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग वाले शेई साओ नान और झेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की मलेशिया की जोड़ी से होगा।

### श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ खेलेगी वनडे और टी-20

**कोलंबो।** श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ 15 से 28 जून तक तीन एकदिवीसय और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगी। 20 जुलाई से श्रीलंका में होने वाले टी-20 एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर इस श्रृंखला को महत्वपूर्ण माना जा रहा। मार्च और अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के उनके सफल दौरे के बाद इस वर्ष यह श्रीलंका की महिला टीम की दूसरी द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला होगी। श्रीलंका की टीम अगस्त में आयरलैंड का दौरे पर जाएगी। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने हाल ही में पाकिस्तान का एक महीने का दौरा पूरा किया जहां उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 सीरीज में जीत दर्ज की। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 2017 में द्विपक्षीय शृंखला खेली गई थी।

### टी20 हरफनमौलाओं की रैंकिंग में हसरंगा के साथ शीर्ष पर शाकिब

**दुबई।** हार्दिक पंड्या टी20 हरफनमौलाओं की आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पांड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्क्रम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव 861 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### ओलंपिक चयन ट्रायल में जीते अंजुम और स्वप्निल



**भोपाल।** ओलंपियन अंजुम मोदगिल और पेरिस ओलंपिक खेलों के कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को यहां चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल में क्रमश: महिला और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहली जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में स्वप्निल ने 463 .7 अंक का स्कोर बनाकर अखिल श्योराण (461.6 अंक) की चुनौती पस्त की। स्थानीय निशानेबाज ऐश्वर्य तोमर 451.9 अंक के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पोजिशन फाइनल में अंजुम ने 463 .9 अंक का स्कोर बनाया और भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। आशी चौकसे 447 .3 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के टी3 क्वालीफिकेशन में ओलंपियन मनु भाकर 577 के स्कोर से शीर्ष पर रही।

## हमें अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा : संजू सैमसन

गुवाहाटी, एजेंसी



राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहते हुए अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा।

उन्होंने पंजाब किंग्स के हाथों मिली हार के बाद कहा ईमानदारी से कहूं तो हम एक अच्छे विकेट की अपेक्षा कर रहे थे। यह 140 रन वाली यह पिच नहीं थी, लेकिन हमें 160-170 तो बनाने ही चाहिए थे। हम ऐसे विकेटों पर खेलने के आदी नहीं हैं। हमें यहां पर अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा। सैमसन ने कहा ईमानदारी से कहूं तो हमें स्वीकार करना होगा कि हमें असफलता मिली है। हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहना होगा। जब आप लगातार चार मैच हारते हैं तो आपको देखना होगा कि कहां कमी हो रही है, टीम के लिए क्या अच्छा नहीं जा रहा है। किसी एक को आगे आकर कहना होगा।

## पेरिस खेलों की चयन पात्रता पर 21 मई को फैसला करेगा डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए 21 मई को चयन मानदंड तय करेगा। भारत ने ओलंपिक खेलों के लिए कुश्ती में छह कोटा स्थान हासिल किए हैं जिनमें से पांच महिला पहलवानों को मिले हैं। अमन सहरावत पुरुषों के फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान हैं। डब्ल्यूएफआई ने कहा था कि वह 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों का चयन करने के लिए एक अंतिम ट्रायल आयोजित करेगा। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया डब्ल्यूएफआई ने चयन मानदंड तय करने के लिए 21 मई को दिल्ली में चयन समिति की बैठक बुलाई है। दोनों शैलियों के दो मुख्य कोच चर्चा का हिस्सा होंगे।

## पेरिस ओलंपिक : शरत, मनिका का ओलंपिक टीम में पदार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया। शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह



मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में वैकल्पिक खिलाड़ी जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे। पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है।

### अनिल बोले- गेंदबाजों की बढ़ी हैं मुश्किलें, हर खिलाड़ी बनना चाहता है बल्लेबाज

## आईपीएल में अधिकतम बाउंड्री रखना बेहतर : कुंबले

नई दिल्ली, एजेंसी

महान स्पिनर अनिल कुंबले को डर है कि अगर क्रिकेट का खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुका रहा तो अगले कुछ वर्षों में काफी अधिक युवा गेंदबाजी करने के लिए तैयार नहीं होंगे। उन्होंने गेंद और बल्ले के बीच संतुलन बहाल करने के लिए आईपीएल स्थलों में जितनी अधिक लंबी संभव हो उतनी बाउंड्री रखने और गेंद में अधिक उभरी हुई सीम रखने वकालत की।

मौजूदा सत्र में छोटी बाउंड्री, सपाट पिचों और इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के कारण बल्लेबाजी में मदद मिलने के कारण 250 रन से अधिक का स्कोर आठ बार बन चुका है। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की तरह कुंबले को भी लगता है कि अधिकतम बाउंड्री रखना समय की मांग है। कुंबले ने कहा, यह वास्तव में गेंदबाजों के लिए कठिन रहा है, खासकर टूर्नामेंट के पहले भाग में। मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि आपको हर स्थान पर अधिकतम बाउंड्री रखने की जरूरत है। कोशिश करें और स्थल पर सबसे बड़ी बाउंड्री बनाएं। कुंबले ने कहा हमने देखा है कि गेंद एक ओवर के बाद या कभी-कभी उससे भी कम समय में स्विंग करना बंद कर देती है। आपको



- **मुंबई इंडियंस को लेकर जताई चिंता, हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाना बेहद आश्चर्यजनक निर्णय था, मुंबई के लिए रोहित जरूरी**


बल्ले और गेंद के बीच संतुलन की जरूरत होती है। आप सिर्फ दौड़कर नहीं आते रह सकते क्योंकि कुछ वर्षों बाद आपके पास गेंदबाजी से जुड़ने के लिए बहुत अधिक युवा खिलाड़ी नहीं होंगे। उन्होंने कहा हर कोई बल्लेबाज बनना चाहता है। रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाना मुंबई इंडियंस के लिए अच्छा नहीं रहा। कुंबले को लगता है कि बदलाव अगले सत्र में हो सकता था जब बड़ी नीलामी होती। बेशक रोहित शर्मा पिछले 10 वर्षों से मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं और फिर पांच खिताबों के लिए टीम का नेतृत्व किया। वह इस साल रोहित को ही जिम्मेदारी दे सकते थे और फिर शायद हार्दिक अगले साल आता लेकिन नेतृत्व करने वालों ने यह फैसला किया। लेकिन मुझे नहीं लगता कि उन्होंने अच्छी क्रिकेट खेली।

### लांस क्लूजनर ने कहा केएल राहुल ने नहीं किया है इस बार बल्ले से खराब प्रदर्शन

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच लांस क्लूजनर ने कहा कि टीम के कप्तान केएल राहुल भले ही थोड़ा हताश हों लेकिन बल्ले से उन्होंने बिलकुल भी खराब प्रदर्शन नहीं किया है क्योंकि विकेट गिरने के कारण उन्हें अपनी आक्रामकता पर लगाम रखने के लिए बाध्य होना पड़ा। राहुल अपने स्ट्राइक रेट की वजह से चर्चा में रहे हैं और वह 13 मैच में तीन अर्धशतक से 136 .36 के स्ट्राइक रेट से इस सत्र में 465 रन बनाकर सातवें सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी हैं। लेकिन फिर भी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने की कगार पर है। शुक्रवार को सातवें स्थान पर चल रही लखनऊ की टीम मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी जो दोनों टीमों के लिए इस आईपीएल का अंतिम ग्रुप मैच होगा। क्लूजनर ने गुरुवार को यहां वानखेडे स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान मीडिया से कहा उसने टूर्नामेंट के दौरान कुछ बेहतरीन प्रदर्शन दिए हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रौशन फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। करण जौहर निर्मित और अयान मुखर्जी निर्देशित ब्रह्मास्त्र पार्ट वन शिवा ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। इस फिल्म रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, मॉनी राय ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया जा रहा है कि ब्रह्मास्त्र-2 में ऋतिक विलेन का किरदार निभाते नजर आएंगे। ऋतिक इस फिल्म की शूटिंग वॉर-2 के बाद करेंगे। ब्रह्मास्त्र-2 को 2026 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

### कार्तिक की फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। चंदू चैंपियन के नए पोस्टर में कार्तिक आर्यन हाथ में बॉक्सिंग ग्लव्स पहने बॉक्सर अवतार में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन का नया पोस्टर ब्लैक एंड व्हाइट है। आंख के पास चोट का निशान, मुंह में सेफ्टी गाड्र्स और हाथों में बॉक्सिंग गलव्स पहने कार्तिक नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन के पोस्टर के साथ-साथ मेकर्स ने एक बार फिर कार्तिक आर्यन की फिल्म की सिनेमाघरों में आने की तारीख ऑफिशियली अनाउंस कर दी है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित और कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

फिल्म फेस्टिवल




दक्षिणी फ्रांस के कान्स में आयोजित 77वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में ऐश्वर्या राय बच्चन रेड कार्पेट पर बेहद खूबसूरत पोशाक में नजर आईं। ● एजेंसी

## अपराधियों को पनाह देने से कनाडा में होगा गैंगवार : जयशंकर

**नासिक।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि खालिस्तान समर्थक अलगाववादी तत्वों को आश्रय देने के कारण कनाडा के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अपराधी को पनाह दे रहा कनाडा अपने क्षेत्र में गैंगवार युद्ध होते देखेगा। हर कोई जानता है कि इन दिनों कनाडा के साथ हमारे संबंध थोड़े खराब हो गए हैं और इसका कारण कनाडा की घरेलू राजनीति है।

उन्होंने कहा कि खालिस्तानियों का एक समूह है, जिसने कनाडा में दी गई स्वतंत्रता का दुरुपयोग किया है, अभी ही नहीं वे वर्षों से ऐसा कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कनाडा की राजनीति में ये तत्व वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा हैं, और उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है।

## फट सकता है कार का टायर भूलकर भी आप न करें ये गलतियां



वाहन में टायर सबसे अहम भूमिका निभाता है। क्योंकि रोड पर जब आपकी कार चलती है तो वो सीधा टायर से कनेक्ट रहती है। कई बार लोग वाहन के टायर का खास ख्याल नहीं रख पाते हैं जिसके कारण बीच रास्ते में टायर फट जाता है। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा से देवरिया जाते समय यमुना एक्सप्रेस वे पर दूल्हे की कार का टायर फट गया। हादसे में 5 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 3 लोग घायल हुए। ऐसी न जाने प्रतिदिन कितनी घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस खबर के माध्यम से आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप कैसे अपनी कार के टायर का ख्याल रखें कि आपको ऐसी दुर्घटना का सामना न करना पड़े।

### इसलिए फटते हैं टायर

- **तेज स्पीड :** घर्षण के चलते टायर गर्म हो जाते हैं। टायर के भीतर हवा फैलती है और प्रेशर ज्यादा होने से टायर फट जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वे इतनी गर्मी सहन करने के लिए डिजाइन नहीं होते हैं।
- **खराब टायर :** खराब टायरों का घर्षण भी ज्यादा होता है और वे जल्दी गर्म होते हैं। लोगों को समझना चाहिए कि यदि टायरों की ट्रेडिंग की गहराई कम है तो वे ज्यादा स्पीड पर चलाने के लिए मुफीद भी नहीं हैं।
- **ज्यादा हवा :** टायर में क्षमता से ज्यादा हवा होने से सड़क पर टायर की कम सतह लगती है, जिससे कंट्रोल हाथ से निकल सकता है। ठीक से कंट्रोल न किया जा सकने वाला वाहन कभी भी हादसे का शिकार हो सकता है।

### यह ध्यान रखना जरूरी

- **टायर की उम्र :** सामान्यतया 40 हजार किलोमीटर के बाद टायर बदले जाने चाहिए। इतने चलने के बाद टायर गर्मी व बारिश में तेज स्पीड में चलाने लायक नहीं रहता।
- **टायर प्रेशर :** टायर कंपनियां वाहनों के आगे-पीछे के टायरों के लिए एक मानक प्रेशर तय करती हैं। लंबी दूरी की यात्रा करने से पहले टायर प्रेशर जांचना जरूरी है।
- **नाइट्रोजन भरें :** ऑटोमोबाइल एक्सपर्टस के मुताबिक सामान्य हवा के बजाय टायरों में नाइट्रोजन भरी जाए तो अच्छा है। यह हवा से हल्की होती है, जो लंबी दूरी की यात्राओं में टायर के घर्षण से गर्म होकर फैलती नहीं।
- **अलाइनमेंट :** गाड़ी का अलाइनमेंट ठीक नहीं होने से टायर पर ज्यादा इम्पैक्ट होता है जिससे वह फट जाता है। टैक्सी गाडियों का अलाइनमेंट चैकअप हर 3-4 महीने में होना चाहिए। लापरवाही मिलने पर गाड़ी मालिक के खिलाफ धारा-304 में केस हो सकता है।

## एक नजर

### कविता कृष्णमूर्ति लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**लंदन।** प्रसिद्ध गायिका कविता कृष्णमूर्ति को लंदन में वार्षिक यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में संगीत में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मिस्टर इंडिया और हम दिल दे चुके सनम जैसी कई हिंदी फिल्मों के गीतों को अपनी आवाज दे चुकीं हैं। 66 वर्षीय कृष्णमूर्ति को चार दशक के करियर में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने लगभग 45 भारतीय भाषाओं में 50,000 से अधिक गाने गाए हैं।

### रैगिंग करने के आरोप में एमबीबीएस के दो छात्र निलंबित

**तिरुनेलवेली।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में स्थित एक मेडिकल कॉलेज के दो विद्यार्थियों को कनिष्ठ छात्रों की रैगिंग करने के आरोप में बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया गया। कॉलेज के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों एमबीबीएस के चौथे वर्ष के छात्र हैं और उन्होंने कथित तौर पर प्रथम वर्ष के छात्रों की रैगिंग की थी। इसके बाद छात्रों के दो समूहों के बीच झड़प हो गई थी।

### हवाई की सवाना को मिस यूएसए का ताज

**न्यूयॉर्क।** हवाई की सवाना गैंकीविक्ज को बुधवार को मिस यूएसए 2023 का ताज पहनाया गया। इस खिताब की पिछली विजेता नोएलिया वोइट ने करीब एक सप्ताह पहले, अपने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। होनोलूलू स्टार-एडवरटाइजर की खबर के अनुसार, महिला सशक्तीकरण गैर-लाभकारी संस्था का नेतृत्व करने वाली मॉडल गैंकीविक्ज़ के पास यह खिताब अगस्त तक रहेगा।



### 17 विदेशियों को निर्वासित करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारत सरकार को निर्देश दिया कि असम के एक निरुद्ध केंद्र में बंद ऐसे 17 विदेशियों को निर्वासित किया जाए जिनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जमा की गई एक रिपोर्ट पर संज्ञान लिया जिसमें कहा गया है कि असम के निरुद्ध (डिटेंशन) केंद्र में 17 घोषित विदेशी हैं। पीठ ने कहा हमारी राय है कि भारत सरकार को इन विदेशियों को निर्वासित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं हैं।

# जिनपिंग-पुतिन बोले, हिंद व प्रशांत क्षेत्र में नाटो का रुख विनाशकारी

### पांचवें कार्यकाल के शपथ ग्रहण करने के बाद बीजिंग पहुंचे पुतिन, राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले

**बीजिंग, एजेंसी**



बीजिंग में दलबल के साथ बैठक करते चीन व रूस के राष्ट्रपति।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को बीजिंग में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को विनाशकारी करार दिया। साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। अपने 5वें कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पुतिन पहली विदेश यात्रा पर दो दिन की चीन की राजकीय यात्रा पर बीजिंग आये हैं।

चीनी राष्ट्रपति ने यहां अपने पुराने मित्र रूसी राष्ट्रपति का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया। पुतिन ने अपने बयान में चीनी राष्ट्रपति के साथ उनकी बातचीत को असाधारण, गहन और सार्थक करार दिया। उन्होंने कहा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हमारी आज की असाधारण गहन और सार्थक वार्ता को जारी रखते हुए द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करके बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद संयुक्त वक्तव्य में चीन रूस द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए दीर्घकालिक दिशा-निर्देश तय किये गये हैं।

शी ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में पांचवी बार शपथ लेने के लिए पुतिन और रूस के लोगों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि पुतिन के नेतृत्व में रूस विकास के पथ पर निश्चित रूप से और अधिक प्रगति करेगा। चीन के राष्ट्रपति ने चीन-रूस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक पड़ाव है।



पुतिन का स्वागत करते जिनपिंग।

- पूर्वोत्तर एशिया में अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की

### वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई घोषणाएं की

बातचीत के बाद दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया जिसमें वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गई। रूस और चीन के नेताओं ने नाटो के रुख को खतरनाक बताते हुए विभिन्न देशों से टकराव वाली नीतियां अपनाने, दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करने का आह्वान किया। वक्तव्य के अनुसार चीन ने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने के रूस के प्रयासों का समर्थन तथा उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध किया। कहा गया कि किसी भी राज्य को दूसरों की सुरक्षा की कीमत पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करनी चाहिए। रूस, चीन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के साथ राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और मानवीय संबंधों में सहयोग की संभावनाओं को मजबूत करने का संकल्प जताया और सैन्य निर्माण के माध्यम से पूर्वोत्तर एशिया (विशेष रूप से उत्तर कोरिया के संदर्भ में) में शक्ति संतुलन बदलने के अमेरिकी आधिपत्य प्रयासों का विरोध व्यक्त किया।

## छत्तीसगढ़ में मृत तेंदुआ मिला, शरीर के कई अंग गायब

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में वन विभाग ने एक मृत तेंदुआ बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब दल वहां पहुंचा तो देखा तेंदुआ का शव क्षत-विक्षत वहां पड़ा था।

इस वन्य प्राणी के शरीर में खाल के कुछ हिस्से, नाखून, दांत और पूछ नहीं थे। अधिकारियों के मुताबिक इस क्षेत्र में अक्सर तेंदुआ देखा जाता है। गर्मी के मौसम में वे भोजन और पानी की तलाश में यहां आते रहे हैं। आशंका है कि शिकारियों ने तेंदुआ को जहर देकर मार दिया तथा उसके अंगों को काटकर निकाल लिया। वन विभाग ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अमेरिकी चुनाव में भारतवंशियों के अधिक प्रतिनिधित्व की जरूरत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- महिला उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा- जनसंख्या के लिहाज से निर्वाचित सदस्यों की संख्या कम



अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या उनकी बढ़ती आबादी को नहीं दर्शाती है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा भारतवंशियों को राजनीति में सक्रिय होना चाहिए।

अमेरिका में भारतीय मूल की पहली महिला उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारतवंशियों से खचाखच भरे कक्ष में कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए। लेकिन फिर भी यह संख्या उनकी बढ़ती जनसंख्या के सही अनुपात को नहीं दर्शाती।

वर्तमान में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के 5 निर्वाचित सदस्य हैं। अमेरिकन इंपैक्ट का मानना था कि 2024 में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या बढ़कर 10 हो जाएगी।

## निज्जर हत्या मामले में अमनदीप कोर्ट में पेश

**ओटावा, एजेंसी**

- खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या से जुड़े मामले में तीन दिन पहले अमनदीप सिंह को किया था गिरफ्तार

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े मामले में गिरफ्तार भारतीय नागरिक अमनदीप सिंह को कनाडा की अदालत के समक्ष बुधवार को पेश किया गया। अदालत ने उसे 21 मई को दोबारा पेश करने का निर्देश दिया है। इस चर्चित मामले में अमनदीप सिंह, तीन अन्य लोगों के साथ सह आरोपी है। निज्जर की हत्या के मामले को लेकर भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि अमनदीप सिंह (22) को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये बुधवार को सरे की अदालत में पेश किया गया जिसके बाद न्यायधीश ने मामले की सुनवाई अगले सप्ताह के लिए टाल दी। निज्जर (45) की पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अमनदीप पर 11 मई को हत्या और हत्या करने की साजिश रचने का अभियोग लगाया गया।

### अदालत कक्ष के बाहर झंडे लेकर खड़े थे खालिस्तान समर्थक

अमनदीप सिंह पेशी से पहले अदालत कक्ष के बाहर करीब दो दर्जन लोग खालिस्तान के समर्थक झंडे लेकर खड़े थे। पुलिस के मुताबिक अमनदीप, करण बराड़, कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह भारतीय नागरिक हैं। अमनदीप कनाडा के ब्रैम्पटन, एबॉट्सफ़ोर्ड और सरे में अपना समय बिताता था। कनाडियाई मीडिया के मुताबिक आरोपी उस हमलावर दस्ते के सदस्य थे जिनके बारे में माना जा रहा है कि भारत सरकार ने उन्हें निज्जर की हत्या करने का जिम्मा सौंपा था।

## स्लोवाकिया पीएम फिको के हमलावर ने अकेले ही घटना को दिया था अंजाम

**बांस्का बिस्त्रिका (स्लोवाकिया), एजेंसी**

- स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज ने दी यह जानकारी

स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज एस्टोक ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी करने वाले हमलावर ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया। इस जानलेवा हमले ने इस छोटे से मध्य यूरोपीय देश को सकते में डाल दिया है। नेता हमले के लिए अत्यंत राजनीतिक ध्रुवीकरण को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

गृह मंत्री एस्टोक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमले के लिए जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है उसका किसी भी राजनीतिक समूह से जुड़ाव नहीं रहा है। प्रधानमंत्री फिको पर बुधवार को एक सांस्कृतिक केंद्र के बाहर पांच गोलियां चलाई गईं जिस दौरान वह समर्थकों से मिल रहे थे। फिको का उपचार किया जा रहा है।



**शल्य चिकित्सा के बाद हालत स्थिर : ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत शल्य चिकित्सा के बाद स्थिर है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया टीए3 के अनुसार बीबीसी ने स्लोवाकिया के पर्यावरण मंत्री टॉमस ताराबा के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री की जान को कोई खतरा नहीं है।

## नकली पुलिसकर्मियों ने कैफे मालिक से 25 लाख रुपये लूटे

**मुंबई।** अपराध शाखा से जुड़े होने का दावा करने वाले छह लोग मुंबई के सायन इलाके में एक कैफे मालिक के घर में घुस गए और कथित तौर पर 25 लाख रुपये ले गए।

पुलिस ने इनमें से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के माटुंगा इलाके में एक मशहूर कैफे संचालक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को छह लोग सायन अस्पताल के पास स्थित उनके घर आए और कहा कि वे मुंबई अपराध शाखा से हैं। उन लोगों ने दावा किया कि वे चुनाव ड्यूटी पर हैं और उन्हें जानकारी मिली है कि घर में धन रखा है जिसका इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में किया जाएगा।

## इजराइल ने गलती से अपने ही 5 सैनिकों को उतारा मौत के घाट, सात घायल

**यरूशलम, एजेंसी**



उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया रिफ्यूजी कैंप में गलती से इजराइली टैंक की गोलाबारी में पांच इजराइली सैनिकों की मौत हो गई, जबकि सात सैनिक बुरी तरह से घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत नाजुक है। यह जानकारी गुरुवार को इसराइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने दी।

आईडीएफ ने बताया कि इजरायली सैनिकों ने गाजा शहर में प्रवेश किया और शरणार्थी शिविर पर फिर से हमले शुरू किये गये और इमारतों पर कब्जा कर लिया। इमारतों से कई मीटर की दूरी पर तैनात दो आईडीएफ टैंकों ने स्पष्ट रूप से एक इमारत की खिड़की में एक बंदूक देखी और लक्ष्य तय कर दो गोले दागे। सेना ने बताया कि वह इस बात की जांच कर रही है कि सैनिकों को पहचानने में गलती कैसे हुई। उन्हें फिलिस्तीनी आतंकवादियों के रूप में क्यों पहचाना गया। आईडीएफ के अनुसार, हमास के 7 अक्टूबर के हमले और बाद में गाजा पर इजरायल के हमलों में कुल 626 सैनिक मारे गये हैं।

## इजराइल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ सुनवाई शुरू

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा के दक्षिणी शहर रफह में इजराइल के सैन्य अभियान को रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका के अनुरोध पर बृहस्पतिवार को सुनवाई शुरू की। यह सुनवाई दो दिन तक होगी।

यह चौथी बार है जब दक्षिण अफ्रीका ने आईसीजे से आपातकालीन उपायों का अनुरोध किया है। दक्षिण अफ्रीका ने यह आरोप लगाते हुए न्यायालय का रुख किया है कि गाजा में हमास के साथ युद्ध में इजराइल की सैन्य कार्रवाई नरसंहार के समान है। पिछले आदेश गाजा के लोगों के लिए एकमात्र शरणस्थल पर बर्बर सैन्य हमले को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

## लापरवाही : उंगली की जगह बच्ची का कर दिया जीभ का ऑपरेशन

**कोझिकोड (केरल), एजेंसी**

- केरल के सरकारी अस्पताल का मामला, चिकित्सक निलंबित

केरल में हतप्रभ करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक चार साल की बच्ची को उसकी छठी उंगली हटाने के लिए बृहस्पतिवार को सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के एक ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया था। लेकिन घंटों बाद जब वह सर्जरी के बाद बाहर आई तो जानकारी मिली कि उंगली के बजाय जीभ की सर्जरी कर दी गई है।

परिवार के मुताबिक, चिकित्सा महाविद्यालय के मातृत्व एवं बाल देखभाल केंद्र में बच्ची की छठी उंगली को हटाने के लिए सर्जरी की जानी थी। उन्होंने बताया कि गलती तब सामने आई जब सर्जरी के बाद उन्होंने बच्ची के मुंह में रूई देखी जिसके बाद उन्होंने पूरे प्रकरण की अपने स्तर पर जांच की। परिवार के सदस्यों ने बताया कि बारीकी से देखने पर पता चला कि बच्ची के हाथ के बजाय जीभ की सर्जरी की गई है। केरल में हंगामा होने पर राज्य सरकार ने एसोसिएट प्रोफेसर डॉ बेजॉन जॉनसन को जांच लंबित रहने तक निलंबित कर दिया।

### स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- जांच कर आगे की कार्रवाई करेंगे

राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने चिकित्सा शिक्षा निदेशक से प्राप्त रिपोर्ट के बाद चिकित्सक को निलंबित करने के फैसले की घोषणा की। जॉर्ज ने मामला सामने आने पर दिन की शुरुआत में घटना की तत्काल जांच करने का निर्देश दिया था। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि विस्तृत जांच की जाए और आगे की कार्रवाई की जाए।

## फीस बढ़ोतरी मामले में निजी स्कूलों पर लगा दो-दो लाख का जुर्माना

**हरदा।** मध्यप्रदेश के हरदा जिले में कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के चार निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये बिना फीस वृद्धि करने पर उनके विरूद्ध दो-दो लाख का अर्थदंड लगाने के आदेश जारी किए हैं।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल ने बताया कि हरदा के जिन स्कूलों पर अर्थदंड लगाया गया है, उनमें सेंट मेरी को-एड हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, सनरेज हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, होलीफेथ बाल रेडक्रॉस हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा तथा द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा शामिल है। कलेक्टर के निर्देश पर प्राइवेट स्कूलों की विस्तृत जांच की गई, जिसमें गत वर्ष की तुलना में इस बार फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई।

कहर

**भयावह रहा है कैनेडियन आग का अतीत, 88000 लोगों को छोड़ना पड़ा था घर**

## कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** जंगलों मे आग के कहर से न केवल भारत के कई हिस्से झुलस रहे हैं, बल्कि कैनेडियन जंगलों में लगी भीषण आग ने अमेरिका के कई देशों को धुंआ धुंआ कर दिया है। जिस कारण संयुक्त राज्य अमेरिका के महानगरों की आबो हवा बेहद खराब हो चली है। प्राकृतिक संसाधन कनाडा ने रिपोर्ट जारी कर कैनेडियन जंगलों में लगी आग से आगाह किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कैनेडियन ज़ॉम्बी की आग फिर तेजी भड़कने लगी है, जो आने वाले दिनों में रौद्र रूप धारण ले सकती है। सैटेलाइट के जरिए जंगलों में आग का मानचित्र तैयार किया गया है और समय रहते काबू पाने की चेतावनी दी है। दरअसल कैनेडियन आग का अतीत हमेशा भयावह रहा है। 2023 में कनाडा के जंगल की आग ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे। जिसमें 6551 स्थानों में लगी आग से लगभग 46 मिलियन एकड़ जमीन क्षेत्र के जंगल जलकर खाक हो गए थे। यह भीषण आग बरसात व सर्दियों में थमी हुई तो नजर आई, लेकिन जमीन के अंदर धधकती रहीं और वसंत आते ही फिर से धधकने लगी।

आग का धुआं संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण हिस्से में फैलना शुरू हो गया है। इस आग को ज़ोंबी नाम से पुकारा जाता है, जो सूखे की स्थिति, गर्म तापमान और तेज़ हवाओं के कारको को जन्म दे रही है। यह आग आने वाले दिनों में तेज भड़कने लगेगी। जिसकी चेतवानी जारी कर रिहायसी क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर उपाय तलाशने को कहा गया है। प्रभावित क्षेत्रों की आशंका को लेकर लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। जंगलों की तुलना भारत से करें तो आग से बचाव की सुरक्षा को लेकर भारत में कमसेकम पलायन की नौबत शायद ही कभी रही हो। मगर जंगलों की आग से बचाव के पुख्ता उपाय पूरी दुनिया मे आज तक नही ढूंढे जा सके हैं, जो साबित करता है कि कुदरत के आगे आज भी इंसान बौना है।



कैनेडा के जंगलों में लगी भीषण आग का दृश्य। ● एजेंसी

### 2016 में लगी थी भयानक आग

कैनेडियन के जंगलों में सबसे बड़ी आग मई 2016 में लगी थी, जो इतिहास में फोर्ट मैकमरे ने प्रांत के क्षेत्र में सबसे बड़ी आग मानी जाती है। उस आग के दौरान, 88,000 लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। इस आग ने 2400 घरों और इमारतों को नष्ट कर दिया था। बड़ा तथ्य है यह भी है कि जंगलों की आग के धुएं से समीपवर्ती बड़े क्षेत्रों का वातावरण बुरी तरह प्रभावित होता है। जिसका बुरा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है।